स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बृहस्पतिवार
9 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 9
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 317 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


जन्मदिन पर सौरव गांगुली को मिला बड़ा तोहफा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुए शामिल



अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए

# ईरान के साथ समझौता खत्म : ट्रंप

**अंकारा।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध रोकने के लिए बना अंतरिम समझौता अब टूटने की कगार पर दिखाई दे रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि उनके लिए यह

- दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज

समझौता अब खत्म हो चुका है और तेहरान के साथ बातचीत करना समय की बर्बादी है। ट्रंप इस समय तुर्किये में नाटो समिट में हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है। ऐसे में इससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और नए संघर्ष की आशंका गहरा गई है। अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। इन हमलों का निशाना बंदर अब्बास, सीरिक और केश्म द्वीप के सैन्य ठिकाने रहे। वॉशिंगटन का कहना है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। इसी के साथ अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री से जुड़ी छूट भी वापस ले ली। इसके बाद ईरान ने बहरीन और कुवैत की दिशा में जवाबी हमले किए, जिससे पहले से लागू युद्धविराम और बातचीत की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ट्रंप ने कहा कि उनके हिसाब से अब ईरान के साथ समझौता खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अब तेहरान से कोई बातचीत नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे कुछ हासिल नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी अधिकारी चाहें तो बातचीत जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि उससे कोई नतीजा निकलेगा। ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व पर बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए आरोप लगाया कि अगर उसके पास परमाणु हथियार हुए तो वह उनका इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा। उनका कहना था कि अब इस मुद्दे पर उनका धैर्य समाप्त हो चुका है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार हालिया हवाई हमले पहले की तुलना में चार से पांच गुना अधिक बड़े और ताकतवर थे। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई।

> "ईरान से बात करना वक्त की बर्बादी है। वो बीमार, बुरे और गंदे लोग हैं। हमने उनसे कहा था कि जाओ, (खामेनेई को) सुपुर्द-ए-खाक कर लो, लेकिन उन्होंने जहाजों पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए।
>
> **डोनाल्ड ट्रंप**
> अमेरिकी राष्ट्रपति



## ईरान ने अमेरिका को दी चेतावनी

अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने साफ कहा है कि वह किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। ईरानी संसद के अध्यक्ष और अमेरिका के साथ वार्ता से जुड़े प्रमुख नेता मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अंतरिम समझौते की कई शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि ईरान के समुद्री प्रबंधन में दखल, दोबारा तेल प्रतिबंध लागू करना और दक्षिणी ईरान पर हमले करना समझौते की भावना के खिलाफ है। ईरान की सेना ने भी अमेरिकी कार्रवाई को खुला हमला बताते हुए कहा कि इसका करारा जवाब दिया जाएगा। सेना ने दोहराया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही का रास्ता वही होगा, जिसे ईरान तय करेगा और किसी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सीएम योगी ने शिक्षकों के लिए किया कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ

# बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें शिक्षक

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी से प्रदेश के शिक्षकों व उनके परिजनों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का तोहफा दिया। पंडित दीनदयाल हस्तकला संकुल बड़ालालपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इसका शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लागू होने के साथ ही प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों और उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। योजना में नियमित शिक्षकों के साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पात्र कार्मिकों को भी शामिल किया गया है। सीएम योगी ने योजना का शुभारंभ करने के साथ ही माध्यममिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा के सभी शिक्षकों और बच्चों को हृदय से बधाई दी। कहा कि तीन योजनाएं हैं, कैशलेस चिकित्सा, डिबीटी, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। आपने मांगा नहीं लेकिन आपने स्वास्थ्य की चिंता हमें है। इसमें 12 लाख शिक्षक लाभान्वित हो रहे हैं, सबको बधाई देते हुए आपका अभिनंदन भी करता हूं। बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को जो धनराशि हस्तांतरित की जा रही है प्रत्येक छात्र 1200 रुपये दिया जा रहा है। आज 1320 करोड़ रुपये भेजे गए। नागरिक के अलावा शिक्षकों का दायित्व है कि हर बच्चे को स्कूल पहुंचाएं। निपुण भारत के तहत हर बच्चे योग्य बनाए जाएं, ये पीएम मोदी का विजन है। सीएम ने कहा कि आज एक एमओयू स्टेट बैंक के साथ किया। इसमें सामाजिक सुरक्षा कि गारंटी है, अस्थायी शिक्षक



जिनका वेतन 10,000 है को 10 लाख का रिस्क कवर दिया जा रहा है। इसमें पढ़ाई, विवाह, एक्सीडेंटल, फिजिकल डैमेज क्लेम कवर होगा। पहले लोग मानते थे कि शिक्षक अमर हो गया है, ऐसी सुविधा देश में सबसे पहले यूपी में लागू हो रही है।

## बच्चों को रास्ता बताना होगा

हमारा दायित्व है कि विद्यालय अच्छा हो, स्वच्छ हो, आंतरिक अनुशासन बनाए। छात्र पूरी यूनिफॉर्म में आएं, इसके लिए अभिभावकों से बात करें। सीएम ने कहा कि कल बारिश हुई तो बच्चे उसी में नहा रहे थे, अभिभावकों को उन्हें समझाना चाहिए, बच्चे अबोध हैं। हम बताएं कि तीन दिन एक और तीन दिन दूसरा यूनिफार्म पहनो, घर के कपड़े दूसरे हों। यह बच्चों को बताना हमारा दायित्व है, यह उनके लिए प्रेरणा होगी।

## अब यूपी के लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते

सीएम योगी ने कहा कि यूपी बीमारू राज्य, आठ साल पहले लोग बाहर राज्यों में भटकते थे। आज ऐसा नहीं है, आज लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते। शिक्षा के उन्नयन हुआ तो प्रदेश के विकास ने रफ्तार पकड़ ली। पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परिक्षा तीन महीना चलती थी जिसका कोई मतलब नहीं था, मैं शिक्षकों को धन्यवाद दूंगा, जिनकी बदौलत आज 15 दिन में परीक्षा हो ही रही है, परिणाम भी घोषित हो रहे हैं।

# 100 प्रतिशत प्राकृतिक और शाकाहारी वाले दावों पर नियामक सख्त

**नई दिल्ली।** देश में खाद्य उत्पादों पर किए जा रहे दावों और लेबलिंग को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने

- कंपनियों को नोटिस जारी

सख्त रुख अपनाया है। एफएसएसएआई ने लोट्टे इंडिया, फर्न्स एन पेटल्स और कुबेरा फूड्स को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। नियामक संस्था का कहना है कि इन कंपनियों के कुछ खाद्य उत्पादों पर ऐसे दावे किए गए हैं, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकते हैं। साथ ही कई मामलों में लेबलिंग नियमों का भी पालन नहीं किया गया। एफएसएसएआई ने कहा है कि यदि कंपनियों का जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है। संस्था के अनुसार, यह कार्रवाई उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और खाद्य उत्पादों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। हाल के समय में एफएसएसएआई लगातार ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान और उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई कर रहा है।

# एफडीआई : भारत ने लगाई दो पायदान की छलांग

**नई दिल्ली।** विनिर्माण क्षेत्र को आधुनिक बनाने और सर्विस सेक्टर को आगे बढ़ाने जैसी सरकार की नीतियों के दम पर भारत 2025 में दो स्थान की छलांग लगाकर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)

- निवेश 44 प्रतिशत बढ़कर 39 अरब डॉलर पहुंचा
- दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया

पाने वाला दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल देश में 38.89 अरब डॉलर का एफडीआई आया, जो 2024 के 27.09 अरब डॉलर से 44 फीसदी अधिक है। 2024 में एफडीआई पाने वाले देशों में 13वें स्थान पर था। यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (अंकटाड) ने मंगलवार को जारी वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट-2026 में कहा, इस निवेश के दम पर भारत को वह स्थिति फिर पाने में मदद मिली है, जो दो साल पहले दुनिया के शीर्ष-10 देशों की सूची से बाहर होने से खो गई थी। भारत में यह तेजी विकासशील देशों में दिखे सुस्त रुझान के विपरीत है, जहां एफडीआई प्रवाह में सिर्फ दो फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। एशियाई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी निवेश तीन फीसदी बढ़ा है। वैश्विक एफडीआई प्रवाह 2025 में 6 फीसदी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ डॉलर पहुंच गया। शीर्ष-20 देशों में कुल वैश्विक एफडीआई का करीब 80 फीसदी विदेशी निवेश आया। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एफडीआई 11 फीसदी बढ़कर 723 अरब डॉलर पहुंचा। 901 अरब डॉलर का निवेश विकासशील देशों में आया। अंकटाड ने कहा, भारत में कुल एफडीआई प्रवाह जरूर बढ़ा है, लेकिन प्रोजेक्ट-स्तर संकेतक बताते हैं कि निवेश के मामले में सावधानी भरा माहौल रहा। इससे घोषित ग्रीनफील्ड निवेश का मूल्य 2024 के 111.14 अरब डॉलर से घटकर 2025 में 74.12 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया।




# शोपियां में लश्कर का टॉप कमांडर ढेर

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर को मार गिराया। टॉप कमांडर की पहचान

- शव बरामद, आतंकी के पास हथियार भी मिले

जाकिर अहमद गनी के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने 3 जुलाई को दक्षिण कश्मीर जिले के मीमंदर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। इस क्षेत्र में सात गांव शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आप भाग सकते हैं लेकिन छिप नहीं सकते! एसओजी शोपियां ने आरआर और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में एक लश्कर आतंकवादी को मार गिराया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी के रूप में की। अधिकारियों ने बताया कि 26 वर्षीय गनी, जो पड़ोसी कुलगाम जिले के मोतलहामा क्षेत्र का निवासी था, 27 सितंबर, 2023 को शटरिंग के काम के लिए डियालगम के लिए अपने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार के सदस्यों द्वारा असफल खोज के बाद 3 अक्तूबर, 2023 को कुलगाम पुलिस स्टेशन में एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# दिल्ली में तय होगा महासचिव का नाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 22 जुलाई को प्रस्तावित बैठक से पहले विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक 19 और 20 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होगी। इस बैठक में राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था, संगठनात्मक बदलाव और नए महासचिव के चयन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की यह बैठक पहले 25 से 29 जून के बीच अयोध्या में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे दिल्ली स्थानांतरित कर 19-20 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बार प्रतिनिधियों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। पहले प्रत्येक प्रांत से चार-चार प्रतिनिधियों को बुलाने की



- बैठक में ही होगा चंपत राय के भविष्य का फैसला

योजना थी, जबकि अब दो-दो प्रतिनिधियों को ही आमंत्रित किया गया है। इसके चलते बैठक में करीब 150 प्रतिनिधि ही शामिल होंगे। महासचिव पद से चंपत राय के हटने के बाद फिलहाल कृष्ण मोहन को अंतरिम रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब स्थायी महासचिव के चयन को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बांगड़ा का नाम संभावित दावेदारों में प्रमुखता से लिया जा रहा है। हालांकि अंतिम निर्णय संबंधित बैठक और ट्रस्ट की प्रक्रिया के बाद ही होगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि बुधवार को पूर्व महासचिव चंपत राय से मिलने उनके आवास पहुंचे।

# अल नीनो से निपटने को दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** खरीफ फसल के सीजन और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर अल-नीनो के संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पूरी तरह सतर्क हो गया है।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सेवा तीर्थ में एक उच्च स्तरीय बैठक में अल-नीनो से निपटने के लिए मंत्रालयों की तैयारियों की समीक्षा की गई और जरूरी निर्देश दिए गए।

# नर्मदा परियोजना पर चार राज्यों में समझौता

**नई दिल्ली।** नर्मदा नदी से जुड़े विस्थापन और भूमि मुआवजे के दशकों पुराने विवाद का समाधान हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और

- शाह की उपस्थिति में बनी सहमति

महाराष्ट्र के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है। शाह ने कहा, नर्मदा परियोजना के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विस्थापन और भूमि मुआवजे को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। अब चारों राज्यों ने आपसी सहमति से इस मामले का समाधान करने पर सहमति जताई है। इस परियोजना से विशेषकर मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान को लाभ हुआ। बांध पूरा होने से इन राज्यों में हर जगह पानी और बिजली पहुंची। राजस्थान को हुआ लाभ दिखने में छोटा लग सकता है, लेकिन जिस भूमि तक नर्मदा का पानी पहुंचा है, वहां भूमि का मूल्य और किसान की किस्मत दोनों बदल गई है। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल सुरक्षा को मजबूत करने और जल क्षेत्र में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिए कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं। कई राज्यों में डबल इंजन सरकार बनने का लाभ हुआ है, जिससे एक-दूसरे को समझने की क्षमता बढ़ी है। राजनीतिक मुद्दे कम हुए हैं और देश के अनेक विवाद अब तेजी से सुलझाए जा रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा, हाल के समय में राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे कई जल विवादों के समाधान में भी प्रगति हुई है। पिछले महीने 29 जून को राजस्थान और हरियाणा के बीच भी सहमति बनी थी। दोनों राज्यों ने लगभग 30 साल पुराने विवाद को खत्म करते हुए यमुना जल परियोजना के निर्माण व क्रियान्वयन के लिए समझौता किया था। इसके अलावा 16 जून को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान ने यमुना नदी के पुनर्जीवन के लिए किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति जताई थी। इन समझौतों से राज्यों के बीच सहयोग और संसाधनों के बेहतर उपयोग का रास्ता मजबूत होगा।



## पंजाब कांग्रेस में घमासान जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में बगावत जारी है। पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और उनके समर्थक मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को बदलने की जिद पर अड़े हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिए पंजाब प्रभारी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया मगर चन्नी पहले हाईकमान से मिलना चाहते हैं। लिहाजा मंगलवार को उन्होंने बघेल की बैठक से दूरी बनाई रखी। उधर, सूत्र बताते हैं कि मंगलवार शाम को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की टीम ने पूर्व सीएम चन्नी से संपर्क साधा है। उनकी मुलाकात जल्द राहुल गांधी से हो सकती है जबकि प्रियंका गांधी की ओर से भेजी गई टीम चन्नी से मिलकर जा चुकी है।

## बंगाल में बच्ची से रेप-मर्डर का आरोपी ढेर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग से रेप और मर्डर का एक आरोपी प्रभास मंडल पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पूछताछ के दौरान पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था। क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान प्रभास मंडल ने एक पुलिसकर्मी की राइफल छीन ली। इसके बाद पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें प्रभास को गोली लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारुईपुर में 12 साल की लड़की 4 जुलाई को लापता हो गई थी। 5 जुलाई को उसका शव एक तालाब से मिला। पोस्टमॉर्टम में रेप की पुष्टि हुई, जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

## मुंबई एयरपोर्ट पर आमने-सामने आए प्लेन

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को हादसा टल गया। एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। घटना रात 10 बजे की बताई गई है। एअर इंडिया के विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर टेक-ऑफ रन रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से हटा नहीं था, तभी दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का विमान उसी रनवे से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सिलिगुड़ी से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट रनवे खाली कर ही रही थी। जबकि दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई816 के क्रू ने एटीसी के निर्देश मिलते ही टेकऑफ रन तुरंत रोक दिया और विमान को वापस पार्किंग एरिया में ले जाया गया।

अदालती टिप्पणी

कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा पति के दबाव से बदल जाता है मामला

# पत्नी का पैतृक संपत्ति में हिस्सा मांगना भी दहेज!

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई पत्नी अपने पति के दबाव में पैतृक संपत्ति में अपने वैध हिस्से की मांग करती है, तो यह दहेज की मांग के बराबर हो सकती है।

न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्बा सिन्हा राय की खंडपीठ ने दहेज हत्या के मामले में पति की सजा के खिलाफ अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। 2 जुलाई के फैसले में न्यायालय ने कहा कि एक महिला पैतृक संपत्ति में अपने हिस्से का दावा करने की कानूनी रूप से हकदार है, लेकिन अगर यह दावा पति के दबाव के कारण किया जाता है तो यह दहेज की मांग के दायरे में आएगा। यह मामला एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी की मौत से जुड़ा है, जो जून 2014 में, महिला की शादी के लगभग चार साल बाद, वैवाहिक घर में फांसी पर लटकी हुई पाई गई थीं। निचली अदालत ने पाया कि महिला ने आत्महत्या की थी और आत्महत्या करने से पहले अपनी बेटी की भी हत्या कर दी थी। अदालत ने पति और उसके माता-पिता को क्रूरता और दहेज हत्या का दोषी पाया। पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं, सास-ससुर को सात साल की कैद की सजा दी गई। उच्च न्यायालय के समक्ष पति ने यह तर्क दिया कि दहेज की मांग का कोई सबूत नहीं था। महिला ने केवल अपनी पैतृक संपत्ति में अपना कानूनी हिस्सा मांगा था।



हालांकि, अदालत ने गौर किया कि सबूतों से पता चलता है कि महिला के भाई ने पहले परिवार की पुश्तैनी संपत्ति का कुछ हिस्सा बेचकर उसे बिक्री से मिले राशि में से उसका हिस्सा दे दिया था। अदालत ने पाया कि इसके बाद भी पति लगातार महिला पर दबाव डालता रहा कि वह अपने भाई से बाकी पुश्तैनी संपत्ति बेचने और उसके हिस्से की राशि सौंपने के लिए कहे। न्यायालय ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि स्वतंत्र गवाहों की अनुपस्थिति से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर होता है। न्यायालय ने कहा कि दहेज की मांग आमतौर पर वैवाहिक घर की चारदीवारी के भीतर ही की जाती है, न कि बाहरी लोगों की उपस्थिति में। पति ने यह भी तर्क दिया था कि घटना के दो दिन बाद दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) अविश्वसनीय थी क्योंकि शिकायतकर्ता (मृत महिला के बड़े भाई) ने इसे दर्ज करने से पहले वकीलों से सलाह ली थी। इस दलील को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने में देरी से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर नहीं होता है। न्यायालय ने कहा जब किसी की बहन और उसके नवजात शिशु की अचानक मृत्यु जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होती है, तो इससे करीबी रिश्तेदार स्तब्ध और अवाक रह जाते हैं। वे अनिर्णय की स्थिति में आ जाते हैं। हमारी राय में, इस तरह की देरी अभियोजन पक्ष के मामले को कोई झटका नहीं दे सकती। इसके अलावा, ऐसी स्थिति में कानूनी सलाह लेना वास्तविक शिकायतकर्ता की ओर से सबसे तर्कसंगत कदम है।

अजनबी



## भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद के सुरेन्द्र मिश्रा सदस्य नामित

### निष्ठा और समर्पण के साथ जनहित में काम करेंगे



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** रसूलाबाद कानपुर देहात। भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद ने सुरेन्द्र मिश्रा को जनपद कानपुर देहात में अपना सदस्य नामित किया है। संस्था ने उन्हें जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शासन.प्रशासन से आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि निष्ठा समर्पण और सक्रियता ही हमारी संस्था की पहचान है। सुरेन्द्र मिश्रा पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा गया कि वह नियमित बैठकें कर आम नागरिकों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए गांव.गांव तक संस्था की मजबूत पहचान स्थापित करेंगे। संस्था ने स्पष्ट किया कि ऋएसी ही निष्ठा समर्पण और सक्रियता हमारी वास्तविक पहचान है। इसी आधार पर नियमित बैठकें आयोजित कर आम नागरिकों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए हमारी संस्था जन.जन तक अपनी मजबूत पहचान बनाएगी। सुरेन्द्र मिश्रा को सदस्य बनाए जाने पर पत्रकार साथियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर पत्रकार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ताए उपाध्यक्ष एसपी द्विवेदी अभिषेक श्रीवास्तव हरिश्चंद्र सहित संगठन के अन्य पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने सुरेन्द्र मिश्रा के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## दिव्यांगजनों के लिए शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के आवेदन शुरू

### सरकार देगी आर्थिक प्रोत्साहन पात्र लाभार्थी समय से करें आवेदन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात** प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित शादी विवाह पुरस्कार योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस योजना के माध्यम से ऐसे दिव्यांग युवक युवतियों तथा उन दंपतियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जिनमें पति या पत्नी अथवा दोनों दिव्यांग हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक पात्र आवेदक निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे दिव्यांगता प्रमाणपत्र न्यूनतम चालीस प्रतिशत विवाह प्रमाणपत्र आधार कार्ड आय प्रमाणपत्र बैंक पासबुक पासपोर्ट आकार का फोटो एवं अन्य निर्धारित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधिकारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन की शुरुआत के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना तथा समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। पात्रता की सभी शर्तें पूरी करने वाले आवेदकों के प्रपत्रों का सत्यापन करने के बाद उन्हें शासन की ओर से निर्धारित धनराशि प्रदान की जाएगी। दिव्यांग युवक को 15000 दिव्यांग युवती को 20000 तथा वर वधु दोनों दिव्यांग है तो उनको 35000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी जिला प्रशासन ने जनपद के सभी पात्र दिव्यांगजन एवं उनके परिजनों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें और किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय अथवा संबंधित विकासखंड कार्यालय से संपर्क करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि या अधूरे दस्तावेज होने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है। इसलिए आवेदन करने से पूर्व सभी अभिलेखों की सावधानीपूर्वक जांच कर लें ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय पर मिल सके।

## टप्पेबाज ने किसान को बनाया निशाना पब्लिक ने पकड़कर पुलिस को सौपा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात** ना प्रशासन का डर ना भय चोरी करनी है तो करनी है ये बात बुधवार को कानपुर देहात के रूरा स्थित सहकारी समिति में खाद लेने आए किसान के संबंध में देखने को मिली । किसान को टप्पेबाज ने लगाया चूना उसकी जेब काट कर 10000 रूपए उड़ा दिए। किसान को जब जानकारी हुई कि उसकी जेब कट गई तब किसान के चीखने पर स्थानीय भीड़ ने चोर को दबोचा 112 डायल कर किसान ने पुलिस को मामले से अवगत कराया । मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को हिरासत में लिया बुधवार को रूरा कस्बे के पालीवाल नगर के रहने वाले विजय चौबे नगर पंचायत के पास स्थित सहकारी समिति में खाद लेने गए थे जहां पर लाइन में खड़े होकर खाद पाने का इंतजार कर रहे थे तभी एक चोर ने वारदात को अंजाम दिया थाना अध्यक्ष रूरा सुधीर भारद्वाज ने बताया कि चोर से पूछताछ की जा रही है पीड़ित की तहरीर पर जांच कर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो रनिया कानपुर देहात।** रनिया थाना क्षेत्र के खानपुर



खंडजा रोड पर संचालित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के पास बुधवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ यह शव नेशनल हाईवे के किनारे पड़ा हुआ मिला राहगीरो की सूचना पर मौके पर पहुंची रनिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर मर्चरी हाउस भिजवाया। जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे पर संचालित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के समीप हाईवे किनारे एक खाली पड़े प्लाट मेंअज्ञात व्यक्ति का शव उम्र करीब 40 वर्ष पड़ा दिखाई दिया तो लोगों ने तत्काल सूचना रनिया थाना पुलिस को दी सूचना मिलते ही रनिया थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त करने का भरसक प्रयास किया इसके बाद फॉरेंसिक टीम बुलाकर बारीकी से जांच कराई और आसपास के लोगों से भी मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जब शव की शिनाख्त नहीं हो सकी तो उन्होंने शव का पंचनामा भर उक्त व्यक्ति की लाश को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि सुबह 10 बजे के करीब हाईवे किनारे शव पड़े होने की सूचना मिली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस आसपास के थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान स्थापित करने में जुटी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा फिलहाल रनिया थाना पुलिस गहनता से पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## राज्यमंत्री कें जनता दर्शन में पहुंचे फरियादी बताई पीड़ा

### अफसरों से बात कर कुछेक मामलों का कराया निस्तारण

माती कानपुर देहात। अकबरपुर के माती रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बुधवार को जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। राज्यमंत्री ने इसमें पहुंचे फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता करते हुए कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे जबकि अन्य प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनता दर्शन में बिजली पेयजल सड़क जल निकासी चिकित्सा राजस्व और सामाजिक कल्याण से जुड़े मामलों की शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। ग्राम बिगाही निवासी राजबहादुर ने गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने तथा सड़क पर गंदा पानी भरे रहने की समस्या उठाई। इस पर मंत्री ने खंड विकास अधिकारी अकबरपुर से फोन पर वार्ता कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जलालपुर नागिन निवासी 12 वर्षीय राखी ने पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने और पढ़ाई प्रभावित होने की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव को निर्देशित किया कि राखी तथा उसके नौ वर्षीय भाई आर्यन को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। सरियापुर निवासी छुटकऊ तिवारी ने भूमि पैमाइश का मामला रखा जिस पर मंत्री ने उपजिलाधिकारी अकबरपुर राजकुमार पांडेय को फोन कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा पत्र भी प्रेषित किया। वहीं मोहम्मदपुर तोड़ा निवासी राहुल कुमार ने गांव में लगभग 150 मीटर सड़क निर्माण की मांग रखी।

## शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचना ही है प्रशासन की प्राथमिकता

- **विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के क्रम में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के संजीव प्रसारण को जनपद में राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार अजीत सिंह पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी की उपस्थिति में देखा एवं सुना गया।**
- **मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का जनपद में हुआ सजीव प्रसारण शिक्षकों को वितरित किए गए प्रतीकात्मक कार्ड।**
- **स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के प्रचार वाहन को दिखाई गई हरी झंडी।**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात** विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के क्रम में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वाराणसी से आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रति विद्यार्थी 1200 की धनराशि अंतरण शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू निष्पादन तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के सम्मान समारोह का जनपद के माती स्थित इको पार्क कम्युनिटी हॉल में सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल जिलाधिकारी कपिल सिंह भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष रेणुका सचान अन्य

जनप्रतिनिधिगण मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद जिला स्तरीय अधिकारी प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री जी एवं जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 25 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किए गए तथा योजना के अंतर्गत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को 5 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनजागरूकता हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अपने संबोधन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक राष्ट्र के भावी नागरिकों का निर्माण करते हैं इसलिए राज्य सरकार उनके स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेससे चिकित्सा योजना से लाखों शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक विशेष शिक्षक केजीबीवी के शिक्षक विद्यालयों में कार्यरत रसोइये तथा उनके आश्रित गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा आज प्रदेश के विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म जूता मोजा स्वेटर स्कूल बैग एवं स्टेशनरी क्रय करने हेतु धनराशि हस्तांतरित की गई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे प्राप्त धनराशि का उपयोग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति में करें तथा उन्हें निर्धारित वेशभूषा में नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष रेणुका सचान ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अन्तर्गत राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार व अन्य जनप्रतिनिधियों जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों का सराहना की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक अपर जिलाधिकारी प्रशासन जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुबोध सिन्हा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय जिला विद्यालय निरीक्षक बृजभूषण चौधरी सहित अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ अब इलाज के लिए नहीं लगेगा एक भी रुपया-एसडीएम



### तहसील सभागार रसूलाबाद में कर्मचारियों.शिक्षकों को वितरित किए गए प्रतीकात्मक कार्ड

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ बुधवार को तहसील सभागार रसूलाबाद में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही उप जिलाधिकारी शिखा शंखवार ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार का एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। अब हमारे शिक्षकों और कर्मचारियों को बीमारी के समय आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कैशलेस कार्ड के माध्यम से वे किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में बिना पैसे दिए अपना इलाज करा सकेंगे। मेरी सभी विभागों से अपील है कि वे अपने कर्मचारियों का पंजीकरण जल्द से जल्द पूरा कराएं ताकि कोई भी इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। प्रशासन इस योजना को जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह रहे उन्होंने योजना को कर्मचारी हित में मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम की सह.अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने की। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को योजना की पात्रता पंजीकरण प्रक्रिया और अस्पतालों की सूची के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक पवन कुमार कालू राम भारती अरविंद कुमार रीना देवी और शिवानी सिंह को एसडीएम बीईओऔर जिला पंचायत सदस्य द्वारा प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर अक्षय त्रिपाठी नागेंद्र कुमार ऋचा कटियार अश्विनी शुक्ला कुलदीप यादव अम्बुज मिश्रा नीरज कुमार रामेन्द्र मिश्र सहित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रसूलाबाद का समस्त स्टाफ विभिन्न विभागों के कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## हत्या का खुलासा ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार भेजा गया जेल

- **लूट के इरादे से गला दबाकर की थी हत्या**
- **कोतवाल एस एन सिंह का खुफिया तंत्र मजबूत**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**रसूलाबाद कानपुर देहात।** थाना रसूलाबाद पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

वादी संतोष कुमार यादव पुत्र स्व0 बड़ेलाल यादव निवासी ग्राम जरहौलिया थाना औरैया जनपद औरैया ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनके पुत्र सुनील कुमार का शव महेरा गांव के पास खेत में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। इस आधार पर थाना रसूलाबाद पर बीएनएस की धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।



कोतवाल एसएन सिंह के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विवेचना के दौरान अभियुक्त प्रहलाद संखवार पुत्र रामलाल निवासी भवनपुर थाना रसूलाबाद का नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त को ग्राम भवनपुर व नारखुर्द गांव के बीच पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से मृतक का मोबाइल और 1740 रुपये नकद बरामद हुए । पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मैं ई.रिक्शा चलाता हूं। दिनांक गत 25 मई को रसूलाबाद से मिण्डाकुआं सवारी ला रहा था। एक सवारी शराब के नशे में सुकमपुर जाने के लिए बैठी थी। मिण्डाकुआं पर अन्य सवारियां उतारकर मैं उसे लेकर चला। रास्ते में उसके पास मोबाइल और पैसे देखकर लालच आ गया। महेरा मोड़ से आगे उसका गला दबाकर उसकी जेब से करीब चार हजार रुपये और मोबाइल निकाल लिया। फिर शव को सड़क किनारे खंती में फेंककर घर चला गया। मोबाइल मैंने गांव के अजय कुमार को दो हजार रुपये में बेचने की कोशिश की थी लेकिन पैसे न मिलने पर वापस ले लियाऔर कुछ रुपये खर्च कर दिए हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 शिवनरायन सिंह आरक्षी शैलेन्द्र सिंह अजय पाल सिंह गुज्जर सहित सर्विलान्स टीम शामिल रही।

## हौसलों की उड़ान में दिव्यांगता नहीं बनेगी बाधा साबित होगा सब का साथ और सब का विकाश

**दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई ट्राइसाइकिल सरकार देगी 65 हजार रुपये तक का अनुदान यक्ष उच्च शिक्षा और आत्मनिर्भरता को मिलेगी नई रफ्तार सरकार की पहल से बेटियों का बढ़ेगा हौसला**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार ने दिव्यांग छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार की नई योजना के तहत पात्र दिव्यांग छात्राओं को अत्याधुनिक ई ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए 65 हजार तक का अनुदान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय महाविद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों तक सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है।

सरकार का मानना है कि कई दिव्यांग छात्राएं केवल आवागमन की कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। ऐसे में यह योजना उनके लिए नई उम्मीद लेकर आई है। ई ट्राइसाइकिल मिलने से छात्राएं बिना किसी पर निर्भर हुए आसानी से अपने शिक्षण संस्थान तक पहुंच सकेंगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम के अनुसार योजना का लाभ निर्धारित पात्रता रखने वाली छात्राओं को आवेदन के आधार पर दिया जाएगा। लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी होगी और पात्र छात्राओं को सीधे अनुदान का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह पहल केवल परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं है बल्कि दिव्यांग बेटियों को सम्मानजनक जीवन बेहतर शिक्षा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करेगी। सरकार की इस पहल का सामाजिक संगठनों और अभिभावकों ने स्वागत करते हुए इसे दिव्यांग छात्राओं के भविष्य के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कानपुर देहात विनय उत्तम ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग छात्राओं को विद्यालय महाविद्यालय आईटीआई पॉलीटेक्निक प्रशिक्षण संस्थानों पुस्तकालय तथा छात्रावास तक सुगम आवागमन उपलब्ध कराते हुए उनकी शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ 16 वर्ष या उससे अधिक आयु की उत्तर प्रदेश की निवासी पात्र दिव्यांग छात्राओं को मिलेगा। लाभार्थी का दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना आवश्यक है तथा वह ई ट्राइसाइकिल का सुरक्षित संचालन करने में सक्षम हो। चयन से पूर्व जनपद स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा शारीरिक क्षमता का परीक्षण भी किया जाएगा।

योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्णता ऑनलाइन होगी। आवेदन संबंधित विद्यालय प्रशिक्षण संस्थान अथवा विभाग के माध्यम से कराया जाएगा। पात्रता निर्धारण में आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि एक पात्र छात्रा को केवल एक बार ही योजना का लाभ मिलेगा। साथ ही जिन छात्राओं को पिछले पाँच वर्षों में भारत सरकार राज्य सरकार अथवा किसी अन्य सरकारी योजना के माध्यम से ई ट्राइसाइकिल प्राप्त हो चुकी है उन्हें इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने जनपद की पात्र दिव्यांग छात्राओं अभिभावकों एवं शिक्षण संस्थानों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा समयबद्ध रूप से ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने की अपील की है।

## निःशुल्क चिन्हांकन परीक्षण एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का होगा आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशों के क्रम में तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को के सहयोग से जनपद के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जुलाई माह में चार स्थानों पर निशुल्क दिव्यांग चिन्हांकन पंजीकरण परीक्षण एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उत्तर प्रदेश सरकार के विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर में एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जाने की सहमति प्राप्त होने के उपरांत शिविरों की तिथि एवं स्थान निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर निम्नवत आयोजित होंगे 13 जुलाई को नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौर मलासा 15 जुलाई को मिलन केंद्र शाहजहाँपुर सट्टी अमरौधा 17 जुलाई को नगर पंचायत कार्यालय मूसानगर 22 जुलाई को नगर पालिका परिषद पुखरायाँ सभी शिविरों का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 4. 00 बजे तक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही प्रत्येक शिविर हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए आवश्यक कार्मिकों की उपस्थिति दिव्यांगजनों के चिन्हांकन पंजीकरण एवं परीक्षण की समुचित व्यवस्था की जाए जिससे पात्र दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक विभिन्न सहायक उपकरणों का लाभ प्राप्त कर सकें। जनपद के पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## साकार हुआ शुलभ न्याय का सपना लीगल एड क्लिनिक का हुआ शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात** ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुलभ एवं निशुल्क न्यायिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मोहाना में लीगल एड क्लिनिक का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में न्यायिक अधिकारियों अधिवक्ताओं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों के क्रम में तथा जनपदीय न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बुधवार को अकबरपुर तहसील की ग्राम पंचायत मोहाना में लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नूपुर श्रीवास्तव द्वारा किया गया।इस अवसर पर सचिव महोदया ने बताया कि ग्राम लीगल एड क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर विधिक जागरूकता को बढ़ावा देना तथा छोटे.छोटे दीवानी एवं पारिवारिक विवादों का



न्यायालय तक पहुंचने से पूर्व ही आपसी संवाद समझदारी एवं सहमति के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान कराना है जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी में कमी लाई जा सके और ग्रामीणों को शीघ्र न्याय उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में सचिव नूपुर श्रीवास्तव ने कहा कि लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निशुल्क कानूनी परामर्श विधिक सहायता तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संविधान के अनुरूप प्रत्येक नागरिक को न्याय प्राप्त करने का समान अधिकार है और इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लगातार प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर ग्रामीणों को महिला अधिकार बाल संरक्षण घरेलू हिंसा साइबर अपराध भूमि विवाद वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार नशा मुक्ति तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में वे बिना किसी संकोच के लीगल एड क्लिनिक से संपर्क करें और निशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठाएं।कार्यक्रम के दौरान विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा उन्हें न्यायालय में निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।समारोह के अंत में ग्राम प्रधान एवं गणमान्य नागरिकों ने लीगल एड क्लिनिक की स्थापना को ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी पहल बताते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस क्लिनिक के माध्यम से न्याय को गांव की चौखट तक पहुंचाने का उद्देश्य सफल होगा।

कार्यक्रम के दौरान सचिव नूपुर श्रीवास्तव ने ग्रामीण महिलाओं बुजुर्गों एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए महिलाओं के अधिकारों उनके साथ होने वाले उत्पीड़न की स्थिति में उपलब्ध विधिक सहायता एवं कानूनी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी से छोटे.छोटे विवादों का समाधान आपसी समझौते एवं संवाद के माध्यम से करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर तहसीलदार अकबरपुर पवन कुमार सहायक विकास अधिकारी विमल सचान ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला पुष्पेन्द्र कुमार यादव लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।







# शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना को योगी सरकार ने किया साकार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** बुधवार को मर्चेंट्स चैंबर में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ और डीबीटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान शामिल हुए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने शिक्षकों को योजना के कार्ड वितरित किए। इससे पूर्व वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत जनपद के 11,484 शिक्षक एवं शिक्षा कार्मिकों और उनके आश्रितों को 5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। योजना से जनपद के 5,936 शिक्षक, 1,968 शिक्षामित्र, 122 अनुदेशक, 20 विशेष शिक्षक तथा 3, 438 रसोइये लाभान्वित होंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार शिक्षकों के लिए चिंतित है। पिछले दिनों अनुदेशक और शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाया गया। अब बेसिक और माध्यमिक शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित करने की पहल की है। पूर्व की सरकारों में कभी शिक्षकों की चिंता नहीं की गई। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी स्कूलों में जाता था, तो बच्चे बिना ड्रेस के मिलते थे। योगी सरकार में बच्चों के अभिभावकों के बैंक खाते में ड्रेस खरीदने के लिए रुपये ट्रांसफर किए जाते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील है कि वो राशि का उपयोग बच्चों की ड्रेस खरीदने के लिए करें। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान चल रहा है। जुलाई में स्कूल खुल रहे हैं, जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, शिक्षक पूरा प्रयास करके ऐसे बच्चों का स्कूल में नामांकन कराएं। बेसिक शिक्षा में जितना बड़ा सुधार हुआ है, वो योगी सरकार में देखने को मिला है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के साथ किए गए एमओयू के तहत शिक्षकों को 30 लाख से 80 लाख तक का बीमा सुरक्षा कवर भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए शिक्षकों को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। दुर्घटना की स्थिति में परिवार को आर्थिक सुरक्षा के साथ बच्चों की शिक्षा और पुत्री के विवाह जैसी आवश्यकताओं में भी सहायता का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र कार्मिकों को विशेष पोर्टल पर स्वयं एवं अपने आश्रितों का विवरण दर्ज करना होगा। खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्तर से सत्यापन और ई-केवाईसी के बाद कैशलेस चिकित्सा कार्ड जनरेट होगा। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ अभिनव जे जैन ने 10-10 माध्यमिक और बेसिक के शिक्षकों को प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किए। मंच संचालन शिक्षक राजेश यादव ने किया। समारोह में एडी बेसिक शिवेंद्र प्रताप सिंह, डीआइओएस प्रवीन कुमार तिवारी, एडीआईओएस प्रशांत कुमार द्विवेदी, जीआईसी संजय यादव, बीएसए हरिओम सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी दीपक अवस्थी, यास्मीन रहमान, जिला समन्वयक अनिरुद्ध सिंह, प्रबोध प्रताप सिंह, प्रवीण पांडेय सहित शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

- **शिक्षा विभाग व भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुआ एमओयू**
- **80 लाख तक का बीमा सुरक्षा कवर कराया जाएगा उपलब्ध**

### इनको दिए गए कार्ड

बेसिक शिक्षा विभाग से शिक्षक रामानंद त्रिपाठी, प्रेमलता पाल, नीतीश सिंह, रेखा गजवानी, शरद तिवारी, हेमंत अवस्थी, रेनू तिवारी, रीतिका सिंहए नीलम, अंकुर अशोक, प्रियंका सचान, शबनम परवीन, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद आफताब आलम, माध्यमिक शिक्षा से प्रधानाचार्य मनदीप सिंह, गिरीश मिश्रा, ओपी पाठक सहित अन्य शिक्षकों को कार्ड मौजूद रहे।

# जगन्नाथ रथ यात्रा मार्ग का महापौर ने लिया जायजा



**-रूट पर होने वाले पैचवर्क कार्य का किया शिलान्यास**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**


**कानपुर।** भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने रथयात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने साफ कहा कि रथयात्रा की तैयारियों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण की शुरुआत भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा- अर्चना से हुई। इसके बाद महापौर व नगर आयुक्त ने पैदल भ्रमण किया। इस दौरान जहां भी गंदगी, सड़क पर गड्ढे, खराब स्ट्रीट लाइट या खुले बिजली के तार देखने को मिले, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रूट पर होने वाले पैचवर्क कार्य का भी शिलान्यास किया। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने बताया कि रथयात्रा मार्ग पर सड़क के पैचवर्क के साथ-साथ मार्ग प्रकाश व्यवस्था भी पूरी तरह दुरुस्त कराई जाएगी। केस्को की ओर से चल रहे अंडरग्राउंड केबल कार्य को भी जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न हो। निरीक्षण के दौरान पार्षद आदर्श गुप्ता और अमित गुप्ता ने बताया कि रथयात्रा मार्ग पर करीब 60 से 70 स्ट्रीट लाइट, 25 पोल और सड़क पैचवर्क का कार्य लगभग 20 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

## खबर एक नजर

### न से नरेंद्र और म से मोदी पढ़ाना क्या राजनीति नहीं ?

**-एफआईआर दर्ज होने के बाद अमिताभ बाजपेई का पलटवार**

**-सरकारी स्कूलों के विकास का काम रखेंगे जारी**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** परमट स्थित प्राथमिक विद्यालय में अखिलेश यादव का जन्मदिन व ड्रेस वितरण करने के मामले में आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई पर एफआईआर की गई है। बुधवार को अमिताभ बाजपेई ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि विपक्ष में होने के कारण उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराना नई बात नहीं है। एफआईआर को राजनीतिक कार्रवाई बताते हुए कहा कि कार्यक्रम की तस्वीरें ही आरोपों की सच्चाई बयां करती हैं। ड्रेस वितरण के दौरान प्रधानाध्यापक मौजूद थे, जबकि केक काटने की तस्वीर में न शिक्षक दिख रहे हैं और न ही बच्चे। उन्होंने कहा कि वह सरकारी स्कूलों के विकास का काम जारी रखेंगे। झूठे मुकदमों से वह पीछे हटने वाले नहीं हैं और जरूरत पड़ी तो कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि जब भाजपा नेता ने स्कूल में मजदूर के साथ मारपीट की थी, तब एफआईआर दर्ज नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं द्वारा स्कूल में जाकर बच्चों को न से नरेंद्र और म से मोदी पढ़ाना राजनीति नहीं माना गया, लेकिन अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाने पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। अमिताभ बापजेई ने कहा कि मेरा उद्देश्य सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाना है। अब तक विधानसभा में पांच प्राथमिक स्कूल, दो इंटर कॉलेज और एक लाइब्रेरी का कायाकल्प कराया जा चुका है। फिलहाल वह छठे सरकारी प्राथमिक विद्यालय को आधुनिक बनाने का काम करा रहे हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि जिस स्कूल की एनओसी उनके पास थी, उसी स्कूल के लिए दूसरे जनप्रतिनिधि को भी अनुमति दे दी गई। उन्होंने इसे अधिकारियों की लापरवाही बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक प्रधानाध्यापक को स्कूल समय में बुलाकर 8,100 रुपये नकद दिए गए और उसी रकम से 50 ड्रेस खरीदी गईं। विधायक ने सवाल किया कि आखिर किस नियम के तहत नकद भुगतान कर ड्रेस खरीदी गई।

### होटल मैनेजर ने ट्रेन से कटकर दी जान, प्रताड़ना का आरोप



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** चकेरी में होटल मैनेजर ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार रात परिजनों ने फोटों के आधार पर उसकी शिनाख्त की। परिजनों ने होटल मालिक व पूर्व महिला मित्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

शिवकटरा निवासी सचिन तिवारी रामादेवी स्थित एक होटल में मैनेजर थे। दो माह पूर्व ही उनकी पारुल से शादी हुई थी। परिवार में मां सुमन हैं। बहनोई मनीष दीक्षित ने बताया कि सोमवार को सचिन रोज की तरह होटल गए थे। रात में करीब 10 बजे घर लौटने के बाद खाना खाकर वह दोबारा होटल जाने की बात कहकर निकल थे। दूसरे दिन वापस न लौटने पर उनकी काफी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार रात परिजन चकेरी थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें फोटो दिखाई, जिसके बाद उन्होंने पहचान की। जिसके बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार दोपहर सचिन ने भाभा नगर रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने होटल मालिक और पूर्व की महिला मित्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

### टला हादसा: मौरंग उतारते वक्त पलटा ट्राला, वैन भी हुई क्षतिग्रस्त

- घटना से थोड़ी देर पहुले चाय पीने उतरा था चालक



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति मंदिर के पास बुधवार सुबह मौरत उतारते वक्त ट्राला का अचानक ब्रेक प्रेश फेल हो गया। जिससे ट्राला अनियत्रित होकर पलट गया। घटना में एक स्टार्ट वैन ट्राले की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रहा है कि वैन चालक के कुछ सेकंड पहले चाय पीने के लिए उतर गया था। वरना उसकी जान भी जा सकती थी। मौरंग फैलने से सड़क पर जाम लग गया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात बहाल कराया। गांधीग्राम निवासी वैन चालक राजेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को वैन का इंजन बनवाया था। बुधवार की सुबह अपनी वैन सड़क किनारे स्टार्ट खड़ी की थी और पास की दुकान पर चाय पीने चले गए थे। इसी दौरान ट्राला पलट गया और उनकी वैन को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि कुछ सेकंड पहले ही वह वैन से उतरे थे, अगर वह वाहन के अंदर होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। तेज आवाज सुन वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद रामादेवी से टाटमील जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद यातायात सामान्य करवाया जा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की लापरवाही के कारण अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश ने बताया कि फरार ट्राला चालक की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 21 किलो गांज के साथ कुख्यात तस्कर टैटू गिरफ्तार

**-कोचिंग मंडी समेत कई इलाकों में करता था सप्लाई**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर तस्कर को क्राइम ब्रांच और रावतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। शातिर कोचिंग मंडी में मादक पदार्थ सप्लाई करता था। शातिर के पास से 21 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

एडीसीपी ऑपरेशंस सुमित रामटेके ने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि गीता नगर और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर गांजे की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने सूचना का सत्यापन कर संदिग्धों पर निगरानी शुरू कर दी थी। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि कुख्यात तस्कर आकाश टैटू अपने साथी जावेद के साथ गांजे की बड़ी खेप लेकर आने वाला है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच और रावतपुर पुलिस ने गीता नगर क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस ने दोनों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आकाश टैटू पकड़ लिया गया, जबकि जावेद मौके से फरार हो गया। आरोपी आकाश टैटू के पास से 21 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रावतपुर, गीता नगर और काकादेव के कोचिंग हब समेत शहर के कई इलाकों में गांजे की सप्लाई करता था। एडीसीपी ने बताया कि अब उसके पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गांजा कहां से लाया जाता था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जाती थी। एडीसीपी के मुताबिक आकाश टैटू शातिर अपराधी है और पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। फरार आरोपी जावेद की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।



### ढाबे के बाहर दबंगों ने ट्रक चालक को बेरहमी से पीटा

**-वायल वीडियों पर सचेंडी पुलिस ने शुरू की आरोपियों की तलाश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** सचेंडी में एक ढाबे के बाहर दबंगों ने मामूली विवाद पर ट्रक ड्राइवर कोजमकर पीटा। सरेराह हुई इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसके बाद सचेंडी पुलिस ने ट्रक चालक से पूछताछ कर आरापियों की तलाश शुरू कर दी है।

भौंती स्थित तिवारी ढाबे के पास ट्रक चालक किसी काम से रुका हुआ था। इसी दौरान किसी मामूली बात को लेकर उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने ट्रक चालक को घेरकर लात-घूंसों और थप्पड़ों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान वहां मौजूद लोगों की भीड़ तमाशबीन बनी रही, जबकि कुछ लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मारपीट में घायल ट्रक चालक ने किसी तरह खुद को बचाते हुए डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सचेंडी थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पीड़ित को अपने साथ थाने ले गया। पुलिस ने घायल चालक से घटना की जानकारी लेने के बाद उसकी तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। सचेंडी थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## टाइप 2 डायबिटीज को मैनेज करने से मरीजों की सेहत में हो रहा सुधार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** डायबिटीज के इलाज में हुए नए बदलावों ने इसके तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है। ये नए तरीके न केवल ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं, बल्कि वजन को नियंत्रित रखने और दिल की बीमारियों के खतरे को कम करने जैसे बड़े फायदों में भी मददगार साबित हो रहे हैं। मरीज की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर इलाज, जीवनशैली में बदलाव और बीमारी की शुरुआत में ही सही कदम उठाने से टाइप 2 डायबिटीज से जिंदगी बेहतर हो रही है और लंबे समय में इसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यह बात रीजेंसी हेल्थ केयर के सीनियर डायरेक्टर, एंडोक्राइनोलॉजी डॉ ऋषि शुक्ला ने कही। डॉ शुक्ला ने कहा टाइप 2 डायबिटीज को मैनेज करने का मतलब आज सिर्फ शुगर लेवल को कंट्रोल करना नहीं है। अब असली मकसद मरीज की पूरी सेहत को सुधारना है जैसे वजन को काबू में रखना दिल की बीमारियों के खतरे को कम करना और जिंदगी को बेहतर बनाना। उन्होंने कहा कि 2040 तक लगभग 123.5 मिलियन लोग इस बीमारी की चपेट में होंगे। टियर 1 और टियर 2 शहरों में इस बीमारी के बढ़ने की मुख्य वजहें शहरीकरण, मोटापा, सुस्त जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतें हैं। एनल्स ऑफ एपिडेमियोलॉजी में प्रकाशित एक बड़े विश्लेषण में, जिसमें 1.7 मिलियन से ज़्यादा भारतीय वयस्कों के डेटा की जांच की गई थी। जिसमें सामने आया कि ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरों और अर्ध-शहरी इलाकों में डायबिटीज की समस्या काफी ज़्यादा है। ये आंकड़े साफतौर पर इशारा करते हैं कि नए उभरते शहरी केंद्रों में डायबिटीज को सही समय पर संभालने के लिए बीमारी का जल्दी पता लगाना, मरीजों को जागरूक करना, जीवनशैली में सुधार करना और इलाज के आधुनिक विकल्प उपलब्ध कराना बेहद ज़रूरी है। टियर 2 शहरों में टाइप 2 डायबिटीज के बढ़ते बोझ से यह पता चलता है कि अब इस बीमारी से निपटने के लिए पहले से ज़्यादा जागरूक और मिले-जुले प्रयासों की तुरंत ज़रूरत है। सही जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ इलाज के आधुनिक और प्रमाणित तरीकों को मिलाकर लंबे समय में इसके नतीजों को काफी बेहतर बनाया जा सकता है।

# जल संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की है आधारशिला

**-16 से 22 जुलाई तक जनपद में मनाया जाएगा भूजल सप्ताह**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने नवीन सभागार में 16 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले भूजल सप्ताह के आयोजन के संबंध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। 16 से 22 जुलाई तक जनपद में भूजल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न विभाग अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप व्यापक जनजागरूकता एवं संरक्षण संबंधी गतिविधियां संचालित करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी अमृत सरोवर, तालाब, चेक डैम, नहरों, पारंपरिक जल स्रोतों एवं अन्य जल निकायों की साफ-सफाई, संरक्षण एवं पुनर्जीवन की कार्यवाही प्राथमिकता से की जाए, ताकि वर्षा का जल व्यर्थ बहकर न जाए और अधिकतम मात्रा में भूजल स्तर बढ़ाने में सहायक हो सके। सभी सरकारी कार्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक भवनों में स्थापित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की साफ-सफाई एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा जहां ऐसी व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, वहां आवश्यकतानुसार वर्षा जल संचयन प्रणाली एवं रिचार्ज पिट का निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भूजल सप्ताह के दौरान नलकूपों, चेक डैमों, तालाबों, अमृत सरोवरों, नहरों एवं अन्य जल संरक्षण स्थलों के आसपास वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाने के साथ ही विशेष स्वच्छता अभियान भी संचालित किए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे जैन, जिला हाइड्रोलाजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, सिंचाई विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### चित्रकला एवं अन्य प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

डीएम ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जनपद की सभी 90 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों में जल संरक्षण विषयक चित्रकला, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। प्रत्येक न्याय पंचायत से दो श्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन करते हुए कुल 180 प्रविष्टियां जनपद स्तर पर भेजी जाएंगी। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रत्येक विकासखंड से श्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन करेगा तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिला पंचायत राज विभाग को जनपद के सभी कुओं का चिन्हांकन कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण हेतु कुआँ पूजन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल एवं स्वच्छता समितियों की बैठक एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# दीक्षांत समारोह में 1071 छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाएगी उपाधियां

**-एचबीटीयू में 10 को आयोजित होगा कार्यक्रम**

**-सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी किया गया आमंत्रित**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**





**कानपुर।** हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को शताब्दी भवन में आयोजित होगा। समारोह में 1071 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। वहीं एचबीटीयू के पूर्व छात्र और एफडीडीआई के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जालान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यहा जानकारी कुलपति प्रो शमशेर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र प्रज्ञान वर्मा ने 9.527 सीजीपीए हासिल कर विश्वविद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्हें कुलाधिपति स्वर्ण पदक, कुलपति स्वर्ण पदक और प्रमोद चतुर्वेदी स्मृति विशिष्ट छात्र पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें 40 हजार रुपए की नकद राशि भी मिलेगी। कंप्यूटर साइंस की रैना दीक्षित को रजत पदक और तनिष्का शर्मा को कांस्य पदक दिया जाएगा। इस वर्ष विश्वविद्यालय कुल 47 पदक प्रदान करेगा। दीक्षांत समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय में कई नई परियोजनाओं का लोकार्पण भी होगा। स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के 15 नए कमरों, 10 बेड के अस्पताल और 1975 बैच के पूर्व छात्रों द्वारा बनवाए गए लॉन टेनिस कोर्ट को विद्यार्थियों को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा हॉस्टल मैनेजमेंट, ब्रांच चेंज के लिए डिजिटल सिस्टम और चैटबॉट की शुरुआत होगी। नए शैक्षणिक सत्र से बीटेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एमएससी इन फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई भी शुरू होगी। कुलपति ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय में छात्र संख्या दोगुनी हुई है। आईआईआरएफ रैंकिंग में संस्थान को आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू के बाद उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। वहीं आईआईटी को छोड़कर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में एचबीटीयू पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की सूची के अनुसार विश्वविद्यालय के छह प्रोफेसर दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हैं। साथ ही आईआईटी कानपुर के सहयोग से 50 करोड़ रुपए की लागत का ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट भी विकसित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने इस बार दीक्षांत समारोह में अपने गोद लिए सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी आमंत्रित किया है। पिछले एक सप्ताह से आयोजित दीक्षोत्सव के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सीएसआर फंड के माध्यम से उन्नाव के आंगनबाड़ी केंद्रों में 100 किट वितरित की जाएंगी और विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गांवों में स्मार्ट बोर्ड लगाए जाएंगे। छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कैंपस में मां-बेटी सम्मेलन और निःशुल्क मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया।

# पुरानी रंजिश में युवक पर हमला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** पुरानी रंजिश में मंगलवार देर रात दबंगों ने लोहे की रॉड से एक युवक पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर पहुँचे परिजनों ने उसे पास के निजी हॉस्पिटल में उपचार के लिये भर्ती कराया। पीड़ित के परिजनों ने पनकी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रतनपुर कॉलोनी निवासी अविनाश कुमार कनौजिया पनकी स्थित नारायणा मेडिकल कॉलेज में सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि 7 जुलाई की देर रात को वह ड्यूटी समाप्त कर मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर-1 से बाहर निकलकर घर जा रहे थे। तभी लगभग 50 मीटर आगे बढ़ने पर पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड, डंडों और बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पनकी थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते विवाद हुआ है। पीड़ित द्वारा थाने पर तहरीर दी गई है। जाँच कर कार्रवाई की जायेगी।

## खबर एक नजर

### 10 लाख के यूकेलिप्टस के पेड़ जलाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**थाना क्षेत्र से बेंदा गांवमें 3.5 बीघा जमीन बटाई में लेने के साथ पीड़ित ने लगाए थे एक साल मपूर्व यूकेलिप्टस के पेड़**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के कमंडल पुर गांव में 10 लाख के यूकेलिप्टस के पेड़ जलाए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।रामचंद्र पुत्र स्वण् रामस्वरूप निवासी ग्राम कमंडलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि मैने ग्राम बेंदा में 3०5 बीघा जमीन अंकित कुमार व अंकुर कुमार से बटाई में लिए था तथा मेरे द्वारा जिसमें एक साल पूर्व यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए गए थे। जो बड़े.बड़े हो गए थे। 29 जून 2026 को वह आवश्यक कार्य से जा रहा था तो अपने लगाए गए पेड़ों को देखने के लिए खेत में पहुंचा। जहां मैंने देखा कि मेरे द्वारा लगाए गए पेड़ों को आग लगाकर जला दिया गया है। जिसकी सूचना उसने खेत मालिक अंकित कुमार व अंकुर कुमार को दी। जब मैंने पता करने की कोशिश की तो पता चला कि रामपुर पाराचांद के रहने वाले रामबाबू संखवार ने मेरे द्वारा लगाए गए यूकेलिप्टस के पेड़ों को आग लगाकर नष्ट कर दिया। जब इस संबंध में में रामबाबू संखवार से पूछा तो उसने मेरे साथ गाली गलौज व जान से मारने और झूठे मुकदमों में फसाने की धमकी दी। पेड़ जलाने के पीछे रंजिश मुझसे पूर्व रामबाबू संखवार ने यह खेत बटाई में लिया था। इसी खुन्नस को लेकर उसने मेरे खेत में आग लगाई है। जिसमें लगभग 10 हजार पेड़ लगे थे एक पेड़ की कीमत लगभग 100 रुपए थी कुल लगभग 10 लख का नुकसान हो गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### शिक्षा कर्मियों को मिलेगा पांच लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा

**मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना व स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. अब्दुल कलाम सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना तथा स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ राज्य ललित कला अकादमी वाराणसी के अध्यक्ष डॉण् सुनील कुमार विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में सदर विधायक मनोज प्रजापति विशिष्ट अतिथि तथा जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से छात्र.छात्राओं को यूनिफॉर्म, जूता.मोजा, स्वेटर एवं बैग के लिए प्रति छात्र 1200 रुपये की सहायता प्रदान की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकेश खरवार ने बताया कि जनपद में 2907 शिक्षकए 840 शिक्षामित्र, 307 अनुदेशक और 2439 रसोइयों को योजना का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक और जिलाधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों का नियमित नामांकन एवं विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ विद्यालय वातावरण और पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नाला क्षतिग्रस्त होने से भरा बारिश का पानी

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** कुरारा। कस्बे के वार्ड नौ में नाला जाम होने के चलते बारिश का पानी रास्ते में भर गया है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहली बरसात में ही जलभराव की समस्या बन रही है। कस्बे के वार्ड नौ बेरी रोड में मान सिंह के घर के पास सड़क किनारे बना नाला क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नालियों का पानी नहीं निकल पा रहा है तथा बारिश का पानी एकत्र हो जाने से जलभराव की समस्या बन गई है। मोहल्ला निवासी रमेश कुमार, विष्णु गुप्ता, बबलू, लल्लू, बालादीन, राघवेंद्र सिंह, दद्दा शुक्ला, इंद्रपाल आदि ने बताया कि मिट्टी खनन कर प्लाट को भरते समय नाला को तोड़ दिया है। उसमें मिट्टी भर गई है। जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से नाला की सफाई व्यवस्था कराए जा ने की मांग की है।

### मानसून की बारिश शुरू होते ही उखड़ने लगा हाईवे

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) सुमेरपुर।** मंगलवार को सुबह से शुरू हुआ मानसून की बारिश का सिलसिला बुधवार को भी दिनभर जारी रहा मानसून की इस बारिश को नेशनल हाईवे बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है और पिछले 24 घंटे में यह कई जगह उखड़कर गढ्ढ़ों में तब्दील हो गया। इससे हादसों खतरा बढ़ गया है। मंगलवार को मानसून ने पूरे क्षेत्र में जोरदार दस्तक देकर जमकर पानी बरसाया बारिश का यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा पूरे दिन रुक.रुक कर बारिश होती रही मानसून की इस बारिश को नेशनल हाईवे 34 नहीं बर्दाश्त कर पा रहा है। 2 दिन से हो रही बारिश से यह जगह.जगह भारी वाहनों के गुजरने से उखड़कर गढ्ढो में तब्दील होने लगा है। इससे हादसों का खतरा बढ़ने लगा है। बारिश के चलते यह कस्बे में कई जगह क्षतिग्रस्त हुआ है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने भारी भरकम गढ्ढा बारिश के चलते हो गया है। इससे यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में दो दर्जन जोड़े हुए एक दूजे के

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हमीरपुर।** लोक भारतीय मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कर दो दर्जन से अधिक जोड़ों ने एक दूसरे के हाथ थामे। विकासखंड सुमेरपुर के छानी गांव स्थित मेला मैदान में आज लोक भारतीय मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें सोनी धुरिया ने महेशए उमा ने योगेंद्रए एकता ने विनोद, पूजा ने भगवानदीन, कोमल ने अजय कुमार, पूर्णिमा कुशवाहा ने बरदानीए काजल ने दीपकए पूजा देवी ने चंद्रशेखर, जयंती देवी ने राहुल कुमार, राजकुमारी ने अनिल कुमारए पूजा ने गीतेश कुमारए इच्छा ने शिव सिंहए दीपांजली ने दीपक सहित करीब तीस जोड़ों ने एक दूसरे के हाथ थामकर जीने मरने की कसमें खाई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक राहुल साहू, अरुण कुमार वर्मा, हरगोविंद प्रजापति, पवन शिवहरेए दीपक साहूए विपिन चौधरी, भारत यादव, महेश शिवहरे मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष दीपक साहू ने बताया कि इस संस्था द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन से धन की बर्बादी नहीं होती है और गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह करने में आर्थिक समस्या से जूझना नहीं पड़ता है।

### घर में लगी आग से लाखों की गृहस्थी स्वाहा

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गांव में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से एक मकान में भीषण आग लग गई। हादसे में पीड़ित परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। वहीं एक अन्य घटना में बुधवार सुबह कस्बे के नेशनल चौराहे के पास भी एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में आग लग गईए जिसे फायर ब्रिगेड ने तत्परता से आग पर काबू पाया। कम्हरिया गांव निवासी यूनिस खान पुत्र हुसैन खान के घर में सुबह अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लियाए जिससे गांव में अफरा.तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित यूनिस खान ने बताया कि इस घटना में करीब एक लाख रुपये के सामान का नुकसान हुआ है। आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। उधर कस्बे के नेशनल चौराहा के पास महेश खरया की रेडीमेड दुकान में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। गनीमत रही कि मोहल्ले के लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लियाए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### तीन वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**पौथिया।** ललपुरा पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पौथिया गांव निवासी नरेश पुत्र दीनदयाल रुरी पारा गांव निवासी धर्मेन्द्र उर्फ पिंटू पुत्र राजेन्द्र सहित सदर कोतवाली नगर के कालपी चौराहा निवासी शैलेंद्र पुत्र ओम प्रकाश का मुक़दमा न्यायालय में लंबित है। सभी लोग कई तारीखों में बिना कोई दरखास्त दिए न्यायालय नहीं पहुंच रहे थे। जिस पर न्यायालय ने तीनों के खिलाफ वारंट जारी कर दिया। जिसके बाद ललपुरा के उपनिरीक्षक सिद्धनाथ राय ने तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना सराहनीय-इंद्रजीत सिंह

**ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहाए कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षकों को इलाज में बड़ी राहत मिलेगी**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजनाए डीबीटी योजना तथा एसबीआई एमओयू के आदान.प्रदान कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस दौरान वाराणसी से मुख्यमंत्री के लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम को सभी उपस्थित शिक्षकों और अतिथियों द्वारा देखा व सुना गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षकों को गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी राहत मिलेगी।

यह सरकार का शिक्षकों के प्रति एक संवेदनशील और सराहनीय कदम है। उन्होंने10 बेसिक शिक्षकों तथा 10 माध्यमिक शिक्षकों को प्रतीकात्मक शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किया।कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक से आए प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को एमओयू के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इसके लाभों से अवगत कराया।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार शिवम मिश्रा एखंड शिक्षा अधिकारी पतारा सत्यप्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रबंधन एआरपी प्रणव अवस्थी ने व संचालन उदयवीर सिंह द्वारा किया गया।



### सपाइयों ने वृक्ष रोपित कर पर्यावरण के संरक्षण का दिया संदेश

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

**घाटमपुर।** मंगलवार को सपा नेताओं ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जैतीपुरएमवई भच्छन दुर्गागंज व मन्दिर परिसर पर पीडीए वृक्ष रोपित कर पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। विधान सभा क्षेत्र के सपा अध्यक्ष राजू वर्मा ने बताया कि हम सबके प्रेरणास्त्रोत, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौध रोपण किया गया है। मंदिर प्रांगण में फलदार पी डी ए वृक्ष रोपित कर प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। इस मौके पर अमर सिंह यादवए पूर्व ब्लाक प्रमुख मीना संखवार, अनिल सोनकर वारसी, मनोज यादव, राजकुमार कुशवाहा, वकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

### बदमाशों ने शिक्षकों पर की फायरिंग बाल-बाल बचे

**पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) मौदहा।** क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक शिक्षक को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी। जब मराठीपुरा निवासी शिक्षक राजेंद्र कुमार अपने साथी शिक्षक अवध बिहारी के साथ बाइक से उच्च प्राथमिक विद्यालय पढ़ोरी जा रहे थे। जैसे ही वह मौदहा रेलवे अंडरपास से 300 मीटर आगे पहुंचेए पीछे से आए एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक किया। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे युवक ने तमंचे से उन पर जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। इस हमले में दोनों शिक्षक बाल.बाल बच गएए जबकि आरोपी पढ़ोरी की तरफ फरार हो गए। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रिम-झिम बारिश ने दी गर्मी से राहत मौसम हुआ सुहावना



**मौसम के मिजाज़ में बार बार आ रहे बदलाव से दस्तक देने लगे हैं संक्रामक रोग**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) घाटमपुर।** मौसम के मिजाज़ में आ रहे उतार चढ़ाव के बीच पिछले 24 घंटों से रुक कर कभी झमाझम तो कभी रिम.झिम बारिश से मौसम सुहावना होने के साथ साथ लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की है।बुधवार को भी हुई बारिश से बचाव के लिए लोगों व महिलाओं को छाता लेकर बाहर निकलना पड़ा। सबसे ज्यादा कच्चे व जर्जर मकानों में रहने वाले लोगों को रिम झीम बारिश को लेकर परेशान होना पड़ा।साथ ही मौसम के मिजाज में बार बार आ रहे उतार चढ़ाव से सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में खांसीएजुकाम व बुखार के मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस संबंध मे सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉव पवन सचान का कहना था कि मौसम के ताप मान में उतार चढ़ाव के चलते सबसे ज्यादा वायरल के मरीजों के साथ खांसी व जुकाम के मरीज बढ़े हैं।जिन पर नजर रखी जा रही है।

### 12 गांवों के 124 किसानों को मिले उन्नत उड़द के बीज

**उन्नत बीज से क्षेत्र में लगभग 250 एकड़ में लहलहाएगी फसल**

मौदहा । खरीफ सीजन में दलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ाने और क्षेत्र के किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक खेती से जोड़ने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया गया है। बुधवार को युवा कौशल विकास मंडल द्वारा विकासखंड मौदहा के 12 गांवों के 124 चयनित किसानों को पीयू.9 प्रजाति का 20 कुंतल प्रमाणित उड़द बीज पूरी तरह निःशुल्क वितरित किया गया। इस उन्नत बीज से क्षेत्र के लगभग 250 एकड़ भूमि पर बुवाई की जाएगीए जिससे आगामी दिनों में रिकॉर्ड पैदावार की उम्मीद है।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को सिर्फ बीज ही नहीं दिए गएए बल्कि उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों से भी लैस किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाते हुए बताया कि गुणवत्तापूर्ण बीज चयन के साथ.साथ कतार विधि से बुवाई करने पर फसल की बढ़त बेहतर होती है। इसके अलावा उन्होंने संतुलित उर्वरक प्रबंधनए समय पर खरपतवार नियंत्रण और रोगों व कीटों से फसल को बचाने के वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। इस पहल की सबसे खास बात यह है कि फसल चक्र की प्रत्येक अवस्था में संस्था की तकनीकी टीम खेतों का नियमित निरीक्षण करेगी। इसके लिए जीपीएस आधारित निगरानी, फोटो प्रलेखन और वैज्ञानिक मूल्यांकन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, ताकि फसल में आने वाली किसी भी समस्या का समय पर समाधान किया जा सके। गोदाम प्रभारी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि परंपरागत ढर्रे को छोड़कर उन्नत बीज और वैज्ञानिक तौर.तरीकों को अपनाकर ही दलहनी फसलों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। संस्था के प्रतिनिधि विपिन, राजेश, श्रीचंद्र, दीपराज और हरिओम ने किसानों से अपील की कि वे तकनीक को अपनाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्था पूरे फसल चक्र के दौरान किसानों को तकनीकी सहयोग देती रहेगी ताकि उनकी लागत कम हो और आय में बढ़ोतरी हो सके। स्थानीय किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे लाभकारी खेती की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम बताया है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नबाबगंज फर्रुखाबाद

पत्रांक-944/लेखाकार/रा.वि.आ./पन्द्रहवां वि./निविदा सूचना/2026-27, दिनांक-08.07.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत-नबाबगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न विवरणानुसार निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दिनांक 09.07.2026 से 15.07.2026 की अपरान्ह 5.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 15.07.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय नबाबगंज में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.07.2026 से 15.07.2026 की अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 1000/- नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | स्वीकृत प्रकलन के अनुसार लागत (लाख रू० में) | अर्नेस्ट मनी की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कैटिल कैचर क्रय (ट्राली टायप) | 5.00 | 10000 | 1000.00 | राज्य वित्त |

उक्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार क्षेत्र पंचायत को होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**नबाबगंज-फर्रुखाबाद**




### विधायक 136 आसरा आवास के लाभार्थियों को आज सौंपेंगी चाभी

**पूर्व में निर्माण संस्था सीएनडीएस ने क्षतिग्रस्त हुए सभी 840 आवासों में 108 दुरुस्त कराए थे। जिसमें पात्रता सूची के 224 में 86 लाभार्थियों को आवास आवंटित कर दिए गए थे।**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। आसरा आवासों के आवंटन का इंतजार कर रहे 136 लाभार्थियों के लिए आखिर कार इंतजार की गाड़ियां खत्म हो ही गई। बुधवार को विधायक सरोज कुरील द्वारा पात्रों को आवंटन पत्र के साथ आवासों की चाबी सौंपी जाएगी। इसके पूर्व 86 पात्रों को आवास दिए जा चुके हैं।जो आवास में निवास भी कर रहे हैं। पूर्व में निर्माण संस्था सीएनडीएस ने क्षतिग्रस्त हुए सभी 840 आवासों में 108 दुरुस्त कराए थे। जिसमें पात्रता सूची के 224 में 86 लाभार्थियों को आवास आवंटित कर दिए गए थे। जो वर्तमान में आवासों में निवास कर रहे हैं। इसके बाद दोबारा 168 आवासों को और दुरुस्त कराकर नगर पालिका को हैंडओवर कर दिए थे। पालिका द्वारा शेष 138 पात्रों में एक की मौत होने व एक के लेने से मना करने पर शेष 136 पात्रों के आवंटन पत्र बुधवार को वितरित किए जाएंगे। पालिका ईओ महेंद्र कुमार ने बताया कि कल आवंटन पत्र वितरित किए जाएंगे।


## कार्यालय उप जिलाधिकारी पुरवा उन्नाव

पत्रांक -630 /रा0नि0 कार्या0/मत्स्य आवंटन/2026 दिनांक-04.07.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील पुरवा जनपद उन्नाव में स्थित निम्नलिखित ग्रामों के तालाबों का 10 वर्षीय मत्स्यपालन व सिंघाड़ा उत्पादन के प्रयोजनार्थ आवेदन तहसील कार्यालय में पट्टा शिविर दिनांक 13.07.2026 समय दिन में 11 बजे से 03 बजे के मध्य तहसील सभागार में आयोजन किया गया है। इच्छुक व्यक्ति को आवेदन पत्र के साथ नवीनतम आय एवं जाति प्रमाण पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र संलग्न होगा। मत्स्य पालन पट्टा किये जाने की कार्यवाही उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2006 के नियम 57 धारा 61 की उप धारा 1 से 15 तक में दिये गये प्राविधानों के तहत की जायेगी। मत्स्य पालन पट्टे से सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय तहसीलदार पुरवा उन्नाव से ली जा सकती है। विज्ञप्ति में उल्लेखित है कि पट्टा शिविर दिनांक 13.07.2026 के उपरान्त आवंटन हेतु शेष तालाबों का शिविर इस वित्तीय वर्ष के प्रत्येक माह के प्रथम व तीसरे शुक्रवार को पट्टा शिविर का आयोजन कर मत्स्य आवन्टन किया जायेगा। अगर नियत दिन को अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में मत्स्य शिविर का आयोजन कर पट्टा हेतु कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

आवंटन हेतु अवशेष तालाबों की सूची

| क्र0 | ग्राम का नाम जहां तालाब स्थित है। | गाटा सं0 | क्षेत्रफल हे0में | क्र0 | ग्राम का नाम जहां तालाब स्थित है। | गाटा सं0 | क्षेत्रफल हे0में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | करौली | 841क | 1.9040हे0 | 25 | हरदी | 224ग | 0.7020हे0 |
| 2 | बेला | 412 | 0.7720हे0 | 26 | [illegible] | 210 | 0.7080हे0 |
| 3 | टोपरा | 324 | 0.6700हे0 | 27 | इस्माइलपुर | 404क | 1.834हे0 |
| 4 | गुलरिहा | 1537ज<br>4997ग<br>5473<br>5472<br>5477 | 5.1730हे0<br>3.0380हे0<br>0.2020हे0<br>0.2400हे0<br>0.4430हे0 | 28 | [illegible] | 771 | 0.544हे0 |
| 5 | संदाना | 1034<br>1585मि. | 1.0750हे0<br>0.5190हे0 | 29 | धर्मपुर | 30<br>56 | 0.6450हे0<br>0.4430हे0 |
| 6 | औलिया | 668<br>669 | 1.2680हे0<br>0.5440हे0 | 30 | अकोहरी | 2496 | 0.8220हे0 |
| 7 | [illegible] | 250 | 0.4300हे0 | 31 | [illegible] | 1393क<br>4669क | 0.5190हे0<br>1.5560हे0 |
| 8 | रतौली | 134 | 0.5060हे0 | 32 | [illegible] | 132 | 1.3850हे0 |
| 9 | लोहरामऊ | 8865ख | 0.493हे0 | 33 | बरदहा | 976 | 1.6190हे0 |
| 10 | [illegible] | 583<br>1321<br>810<br>489 | 14.1500हे0<br>3.5540हे0<br>0.5960हे0<br>0.7560हे0 | 34 | [illegible] | 170 | 0.4060हे0 |
| 11 | सरायमुबारक | 276 | 0.449हे0 | 35 | [illegible] | 97<br>204 | 1.265हे0<br>0.354हे0 |
| 12 | गुर्जौली | 983 | 0.2310हे0 | 36 | दक | 1180क | 0.5820हे0 |
| 13 | जयसिंहखेड़ा | 768 | 2.2130हे0 | 37 | [illegible] | 83<br>23<br>59 | 0.999हे0<br>0.4430हे0<br>0.2150हे0 |
| 14 | मझरिया | 105 | 0.4670हे0 | 38 | [illegible] | 65 | 0.595हे0 |
| 15 | [illegible] | 273 | 2.3140हे0 | 39 | [illegible] | 9126 | 0.607हे0 |
| 16 | [illegible] | 1080 | 0.3040हे0 | 40 | मौरावां | 1803ग<br>808<br>1852ग<br>2563 | 1.5160हे0<br>0.8100हे0<br>1.5830हे0<br>1.6700हे0 |
| 17 | [illegible] | 262 | 1.3660हे0 | 41 | [illegible] | 94 | 0.3790हे0 |
| 18 | [illegible] | 95<br>97<br>101<br>328<br>507 | 1.2390हे0<br>1.2850हे0<br>1.0120हे0<br>1.1630हे0<br>4.2750हे0 | 42 | [illegible] | 418 | 2.4020हे0 |
| 19 | रामपुर | 343<br>376 | 0.3920हे0<br>0.4370हे0 | 43 | [illegible] | 1434<br>1548 | 1.1260हे0<br>1.0500हे0 |
| 20 | [illegible] | 4118 | 1.4350हे0 | 44 | बरौली | 901 | 10.0410हे0 |
| 21 | [illegible] | 138<br>104 | 0.4510हे0<br>0.2370हे0 | 45 | जोरावरगंज | 1330<br>1354 | 0.4550हे0<br>0.3410हे0 |
| 22 | [illegible] | 4143<br>3371 | 0.2280हे0<br>0.6830हे0 | 46 | [illegible] | 210ग | 0.6890हे0 |
| 23 | [illegible] | 204 | 0.3790हे0 | | | | |
| 24 | [illegible] | 733/1 | 1.0370हे0 | | | | |
| | योग | | | 74 | | | 99.1750हे0 |

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्तें

नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता एवं शर्तें शासनादेश-3736/1-2-95-रा-2 दिनांक 17.10.95 एवं उ0प्र0 रा0सं0 2006 में विहित व्यवस्थानुसार एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेश/परिषदादेश के अनुरूप होगी, जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।

1. पट्टे की अन्य शर्तें एवं नीलामी से संबंधित कोई अन्य जानकारी नीलामी की तिथि से पूर्व कार्यालय तहसीलदार पुरवा/भूलेख अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
2. नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार पुरवा होंगे।
3. नीलामी बोलने के इच्छुक व्यक्ति को अद्यतन जाति एवं निवासी प्रमाण पत्र तथा छः माह के अन्दर का निर्गत आय प्रमाण-पत्र तथा राजस्व देयों से संबंधित अदेयता प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र एवं जमानत राशि नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।
4. परिषदादेश सं0-आर-544/जी-5-9डी/2022(3) मत्स्य पालन दिनांक 10.07.2023 में दिये गये निर्देशानुसार नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त सर्वोच्च बोलीदाता को वार्षिक लगान की कुल धनराशि का प्रथम वर्ष में किराये का 1/4 भाग आवंटन के समय तथा 3/4 भाग 15 दिन के अन्दर जमा करना होगा। द्वितीय वर्ष अथवा अगले वर्षों हेतु किराये की धनराशि का 1/4 भाग कृषि वर्ष की प्रथम तिमाही अर्थात् जुलाई-सितम्बर के मध्य एवं शेष 3/4 भाग दूसरी तिमाही अर्थात् अक्टूबर -दिसम्बर के मध्य जमा करना होगा।
5. आरक्षित बोली 02 हे0 से कम के तालाब पर 5000/-रू0 प्रति हे0 प्रति वर्ष तथा 02 हे0 से अधिक 10000/-रू0 प्रति हे0 प्रति वर्ष दर पर होगी।
6. नीलामी आवंटन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

उ0प्र0 253456 दिनांक- 07.07.2026
Website: www.upgov.nic.in

**उपजिलाधिकारी, पुरवा उन्नाव।**

## विकास कार्यों में लापरवाही पर डीएम सख्त, अफसरों व कार्यदायी संस्थाओं को जारी होंगे कारण बताओ नोटिस

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** विकास परियोजनाओं में हो रही देरी और धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बुधवार को अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रति कड़ा रुख अपनाया। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने 13 लंबित विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए लापरवाही पर नाराजगी जताई तथा संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।बैठक में चांदपुर स्थित मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय के पास से गुजर रही विद्युत लाइन को समय पर शिफ्ट न किए जाने का मामला प्रमुखता से उठा। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले दो माह से विद्युत विभाग को लगातार पत्र भेजे जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्य में और विलंब हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था सीएनडीएस की कार्यप्रणाली पर भी जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था की कई परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद अधूरी हैं। इस पर संबंधित अधिकारियों को संस्था के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम की परियोजनाओं की समीक्षा में मान देवी मंदिर के विकास कार्य और गंगा घाट पर प्रस्तावित गंगा आरती स्थल के निर्माण में हो रही देरी पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान भी कई कार्यों की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और गति दोनों सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी परियोजना में मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।बैठक के अंत में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली सभी विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी, भौतिक सत्यापन कराने तथा प्रत्येक परियोजना का अद्यतन विवरण समयबद्ध रूप से सीएमईएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

## हाईवे पर अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा, सीएचसी नवाबगंज में भर्तीय टक्कर मारकर चालक फरार**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर टोल प्लाजा के पास एक अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।घायलों की पहचान असोहा थाना क्षेत्र के हरीखेड़ा गांव निवासी इस्तियाक (50) पुत्र सिरताज, इसरार (40) पुत्र हब्बू खान तथा मौरावां थाना क्षेत्र के पारा निवासी जलालुद्दीन (38) पुत्र आफाक के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों बुधवार दोपहर बाइक से नवाबगंज सामान खरीदने जा रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उनकी बाइक टोल प्लाजा के पास पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया।घायल इस्तियाक ने बताया कि वह लकड़ी चिराई का कार्य करता है और साथियों के साथ आवश्यक सामान लेने नवाबगंज जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## थाने में युवक से मारपीट का आरोप, वायरल तस्वीर से मचा हड़कंप, जांच की चर्चा तेज

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। जनपद के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर में दावा किया जा रहा है कि पूछताछ के लिए थाने लाए गए एक युवक के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। तस्वीर सामने आने के बाद पूरे मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

जानकारी के अनुसार, गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र निवासी बादल निषाद को पुलिस पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। पुलिस का कहना है कि युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका शांतिभंग में चालान किया गया। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर में युवक के शरीर पर चोट के निशान दिखाई देने का दावा किया गया, जिसके बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे। सूत्रों के मुताबिक, चर्चा है कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद संबंधित पुलिसकर्मी से स्पष्टीकरण तलब किया गया है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही गई है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। यह भी चर्चा है कि मामला मीडिया में आने के बाद पुलिसकर्मी पीड़ित पक्ष के संपर्क में पहुंचे और पूरे प्रकरण को शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि, अब तक पीड़ित पक्ष की ओर से किसी भी पुलिस अधिकारी को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि युवक को सट्टा खिलाने के संदेह में पूछताछ के लिए लाया गया था, जहां उसके साथ मारपीट की गई। इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने मारपीट के आरोपों से इनकार करते हुए बताया कि बादल निषाद का विवाद हुआ था, जिसके बाद उसे थाने लाकर शांतिभंग की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। फिलहाल मामला चर्चाओं में है। वायरल तस्वीर और लगाए गए आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## ट्रांस गंगा सिटी के प्रभावित किसानों को जल्द मिलेंगे विकसित भूखंड, डीएम ने दिया भरोसा

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। ट्रांस गंगा सिटी परियोजना से प्रभावित किसानों को वर्ष 2014 के समझौते के अनुरूप निशुल्क विकसित भूखंड दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल तथा प्रदेश सचिव कैप्टन राहुल तिवारी ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से उनके आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने समझौते का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित कर प्रभावित किसानों को उनका अधिकार दिलाने की मांग उठाई।

किसान नेताओं ने जिलाधिकारी को बताया कि 16 जनवरी 2014 को हुए समझौते के अनुसार ट्रांस गंगा सिटी परियोजना से प्रभावित किसानों को अधिग्रहित भूमि के बदले छह प्रतिशत विकसित मिश्रित लैंड यूज की भूमि निशुल्क भूखंड के रूप में आवंटित की जानी थी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसान आज भी अपने भूखंड मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

मामले पर विस्तृत चर्चा के बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर लंबित सभी औपचारिकताएं अगले तीन दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएंगी। साथ ही यूपीएसआईडीए स्तर पर भी भूखंड आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाकर उसे शीघ्र पूरा कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने कहा कि किसान नेता अजय अनमोल के नेतृत्व में प्रभावित किसानों ने लंबे समय तक संघर्ष किया था, जिसके बाद वर्ष 2014 में यह समझौता हुआ। उन्होंने बताया कि इस समझौते के तहत जिले के करीब 1,580 किसान परिवारों को हाईटेक सिटी में निशुल्क विकसित प्लॉट मिलने हैं, जिससे उनके आर्थिक और सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल ने कहा कि प्रभावित किसान वर्षों से अपने अधिकार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन के सकारात्मक रवैये से आवंटन प्रक्रिया जल्द पूरी होगी और किसानों को उनका अधिकार मिल सकेगा। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप जल्द ही लंबित प्रक्रियाएं पूरी होंगी और ट्रांस गंगा सिटी परियोजना से प्रभावित किसानों को विकसित भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

# शिक्षकों को मिली कैशलेस इलाज की सौगात, डीबीटी से 1200 रुपये हस्तांतरण योजना का शुभारंभ

**-राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया शुभारंभ, एक्सप्रेसवे और राम मंदिर मुद्दे पर विपक्ष पर साधा निशाना**





**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** निराला प्रेक्षागृह में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का जनपदीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के लिए शुरू की गई कैशलेस चिकित्सा योजना की सराहना करते हुए इसे प्रदेश सरकार का ऐतिहासिक निर्णय बताया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

राज्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत प्रदेश के परिषदीय शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं अन्य पात्र कर्मियों तथा उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी के लिए डीबीटी के माध्यम से प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये की धनराशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लगभग 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू भी किया गया है।कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गंगा एक्सप्रेसवे की एग्जिट रोड के उद्घाटन से पहले क्षतिग्रस्त होने के सवाल पर कहा कि सड़कें बनती हैं तो समय-समय पर उनमें खराबी भी आती है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान अच्छी से अच्छी सड़क को भी कुछ नुकसान हो सकता है और आवश्यकतानुसार उसकी मरम्मत कराई जाती है।राम मंदिर से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की भगवान राम में कितनी आस्था है, यह जनता देख रही है। उनका कहना था कि राम मंदिर निर्माण के बाद वह स्वयं दर्शन करने नहीं गए और न ही अपने विधायकों को वहां जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी भ्रष्टाचार की शिकायत मिलेगी तो योगी सरकार कानून और संविधान के अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई करेगी।

### बांगरमऊ में भी हुआ कार्यक्रम

बांगरमऊ तहसील सभागार में भी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शिक्षकों को दिखाया गया। विधायक श्रीकांत कटियार ने शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा देकर ऐतिहासिक पहल की है।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का व्यापक कायाकल्प हुआ है। अब विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, स्मार्ट टीवी, स्मार्ट लाइब्रेरी और आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिलने से वे निश्चिंत होकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कर सकेंगे। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अनिल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह पटेल, देवेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो साल में उखड़ी गदनखेड़ा ओवरब्रिज की सड़क, मरम्मत के लिए एक लेन बंद

**64 करोड़ की लागत से बना था ओवरब्रिज, डेक पर उखड़ी परत से दिखने लगे गर्डरय गुणवत्ता पर उठे सवाल**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) पर स्थित गदनखेड़ा ओवरब्रिज की सड़क निर्माण के महज दो वर्ष बाद ही क्षतिग्रस्त हो गई है। पुल के डेक पर कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत उखड़ने से लोहे के गर्डर दिखाई देने लगे हैं। स्थिति को देखते हुए कार्यदायी संस्था ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करा दिया है। बुधवार को मरम्मत के लिए ओवरब्रिज की एक लेन पर यातायात रोक दिया गया, जबकि दूसरी लेन से वाहनों का आवागमन जारी रहा।

मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग कर दी गई है। सड़क की परत कई स्थानों से उखड़ने के बाद निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने ओवरब्रिज की सड़क का इतनी कम अवधि में क्षतिग्रस्त होना गंभीर चिंता का विषय है और इसकी तकनीकी जांच कराई जानी चाहिए।

गौरतलब है कि कानपुर-लखनऊ हाईवे के विशेष मरम्मतीकरण पर करीब 92 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। वहीं गदनखेड़ा चैराहे पर 1640 मीटर लंबे ओवरब्रिज के निर्माण पर लगभग 64 करोड़ रुपये की लागत आई थी। इस परियोजना का ठेका वर्ष 2021 में दिया गया था और वर्ष 2024 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया था।

ओवरब्रिज की उखड़ी सड़क के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही हैं। सूचना मिलने पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू कराया। हालांकि, अभी तक संबंधित विभाग की ओर से सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारणों पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नुकसान सामान्य घिसाव के कारण हुआ है या निर्माण संबंधी किसी तकनीकी खामी की वजह से।

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एच.डी. अहिरवार ने बताया कि कार्यदायी संस्था से इस संबंध में जवाब तलब किया जाएगा और पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष तकनीकी जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

## सेंट ज्यूड्स कॉलेज में नए बास्केटबॉल कोर्ट का शुभारंभ, छात्रों को उनके भविष्य के अवसरों की दी जानकारी

**राज्यपाल के विधिक सलाहकार एस.एस. उपाध्याय बोले कानून की पढ़ाई से न्यायिक सेवा से लेकर कॉर्पोरेट क्षेत्र तक खुलते हैं रोजगार के द्वार**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** सेंट ज्यूड्स कॉलेज में बुधवार को सीआईएससीई इंटर स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट (अंडर-14) का शुभारंभ विद्यालय के नव निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट के उद्घाटन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल के विधिक सलाहकार एवं पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.एस. उपाध्याय रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ विधि के छात्रों को कानून के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि का स्वागत कर किया गया। विद्यालय की प्रबंधिका अरीशा रियाज ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया, जबकि उपप्रधानाचार्य सोनू मल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फहद अजीम और प्रधानाचार्या बानी लाकरा ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

अपने संबोधन में एस.एस. उपाध्याय ने कहा कि कानून केवल पुस्तकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह समाज और न्याय व्यवस्था से सीधे जुड़ा हुआ क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि एलएलबी की पढ़ाई के बाद छात्र न्यायिक अधिकारी, सरकारी अधिवक्ता, कंपनी सेक्रेटरी, लीगल एडवाइजर सहित अनेक क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि यदि वे सफल अधिवक्ता बनना चाहते हैं तो न्यायालय में नियमित प्रैक्टिस करना आवश्यक है, जिससे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों के सवालों के उत्तर भी दिए और कानून के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। अंत में प्रधानाचार्या बानी लाकरा एवं उपप्रधानाचार्य सोनू मल ने मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका अरीशा अजीम, विधि विभागाध्यक्ष अनुपम सिंह, शिक्षक उत्कर्ष द्विवेदी, दीपक पांडेय, चंद्रकांत तिवारी तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निजी अस्पताल पर मानकों के उल्लंघन का आरोप, स्वास्थ्य विभाग से जांच की मांग

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से करीब 500 मीटर दूर स्थित निजी मां शारदा अस्पताल एक बार फिर विवादों में आ गया है। अस्पताल के बेसमेंट में संचालन, आवश्यक मानकों के कथित उल्लंघन, फायर एनओसी के अभाव तथा बिना अधिकृत सर्जन के ऑपरेशन किए जाने के आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग से जांच की मांग की गई है।

क्षेत्र के तेगापुर गांव निवासी आशा कार्यकत्री माया ने सीएचसी अधीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि वह पिछले नौ माह से गर्भवती महिला सुमन की देखरेख कर रही थीं। उनके अनुसार दूसरी आशा कार्यकत्री चंद्रावती अपनी पुत्री संगीता के साथ सुमन को हसनगंज स्थित मां शारदा अस्पताल ले गईं, जहां उसका ऑपरेशन कराया गया।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि अस्पताल में ऑपरेशन के समय अधिकृत सर्जन मौजूद नहीं था। इसके बावजूद ऑपरेशन किया गया। साथ ही अस्पताल के बेसमेंट में चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित होने तथा अन्य आवश्यक मानकों के पालन की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पूर्व में हुई जांच केवल औपचारिकता तक सीमित रही।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि आशा कार्यकत्री का शिकायती पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में अस्पताल का संचालन निर्धारित मानकों के विपरीत अथवा बेसमेंट में होता पाया गया तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी मानकविहीन अस्पताल का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रेलवे लाइन किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करीमुद्दीनपुर के निकट रेलवे लाइन के किनारे बुधवार को करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, मृतक ने नीले रंग की टी-शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। उसके हाथ में कलावा भी बंधा हुआ था। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी।

आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं पंचायतनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बांगरमऊ पुलिस चैकी प्रभारी न्यूटन सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उसकी मौत के कारणों की भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ से पुलिया बचाने की कवायद शुरू, सरैया मार्ग की मरम्मत अब भी अधर में

**काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर पुलिया किनारे डाले जा रहे बोल्डर, क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत न होने से कानपुर संपर्क टूटने की आशंका**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव।** लोकनिर्माण विभाग ने क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर गंगा नदी के निकट स्थित पुलिया को बाढ़ से बचाने के प्रयास शुरू कर दिए है। वही बरसात का मौसम शुरू होने के बावजूद विभाग द्वारा सरैइया पुल के पास गत वर्ष बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गए मार्ग का मरम्मतीकरण का कार्य शुरू न कराए जाने से लोगों ने इस वर्ष मार्ग के कटने से बचने की आशा छोड़ दी है। उक्त मार्ग के कटने से क्षेत्र का जनपद कानपुर से सीधा संपर्क समाप्त हो जाएगा।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा फतेहपुर चैरासी क्षेत्र को जनपद कानपुर से सीधा जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर ग्राम नया हिंदूपुर के सामने बनी पुलिया को गंगा नदी की संभावित बाढ़ से बचाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए, विभाग द्वारा उक्त पुलिया के किनारो पर बाढ़ से होने वाले कटान को रोकने के लिए बुधवार को एक ट्रक बोल्डर पत्थर पुलिया के किनारे गिराया गया है। विभागीय कर्मियों ने बताया की पुलिया के दोनों छोर पर बोल्डर पत्थर लगाकर बाढ़ के पानी के प्रवाह को सीधे मार्ग से टकराने से रोका जाएगा।मार्ग पर निर्मित उक्त पुलिस बीते 5 वर्ष से भी पूर्व गंगा नदी की बाढ़ की चपेट में आकर कट गई थी। वहीं बीते वर्ष गंगा नदी की बाढ़ से प्रभावित होकर क्षेत्र के सरैया घाट पर गंगा नदी पर बने पुल के समीप काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। बताते चलें कि मार्ग के बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद क्षेत्र का जनपद कानपुर से सीधा संपर्क लगभग टूट गया था। क्षेत्रीय ग्रामीणों की लगातार मांग पर बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया विधायक के हस्तक्षेप के बाद विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त हुए उक्त मार्ग के किनारे रापटा मार्ग बनाकर मार्ग पर आवागमन बहाल कर दिया गया था। तथा क्षेत्रीय लोगों को बाढ़ का पानी कम हो जाने पर उक्त मार्ग का मरम्मतीकरण कराने के बाद आवागमन सुचार रूप से चालू करने का आश्वासन दिया गया था। किंतु बरसात का मौसम शुरू होने के बाद भी विभाग द्वारा काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग पर कार्य शुरू न कराए जाने से लोगों ने इस वर्ष गंगा नदी की बाढ़ से मार्ग के कटने से बचने की उम्मीद छोड़ दी है। जनपद कानपुर से क्षेत्र को सीधा जोड़ने वाला काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग नौकरी पेशा करने वालों, धार्मिक यात्रा करने वालों, व्यापार करने वालों एवं अन्य रोजमर्रे के काम निपटाना के लिए जनपद कानपुर सीधे आने जाने का एकल मार्ग है।मार्ग की मरम्मतीकरण को लेकर विभाग द्वारा अब तक मूक दर्शक बना हुआ है, इधर क्षेत्र में बरसात का मौसम शुरू हो जाने से गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद उक्त मार्ग का कटना तय है, क्षेत्र के उक्त प्रमुख मार्ग के कट जाने के बाद क्षेत्रीय लोगों को जनपद कानपुर आवागमन के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा।

## 10 जुलाई को लगेगा डाक विभाग का विशेष शिविर, बचत योजनाओं की मिलेगी जानकारी

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) मौरावा उन्नाव।** ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की बचत योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 10 जुलाई (शुक्रवार) को हिलौली पंचायत घर में विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं की जानकारी देने के साथ मौके पर ही खाते खोलने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

बीघापुर डाक उपमंडल के उप डाक निरीक्षक विश्वदीप सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पा रही है, जिससे विभाग के साथ-साथ आमजन भी इन योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की अनेक बचत योजनाएं बेहतर ब्याज दर और सुरक्षित निवेश का विकल्प उपलब्ध कराती हैं।

उन्होंने बताया कि हिलौली एक बड़ा कस्बा है, जहां व्यापारी, किसान, ब्लॉक मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय और लगभग 13 हजार की आबादी निवास करती है। ऐसे में यहां के लोगों को डाक विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिलना चाहिए।

शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना, आवर्ती जमा (आरडी), सावधि जमा (एफडी), बचत खाता सहित अन्य लघु बचत योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लोगों के खाते भी खोले जाएंगे। डाक विभाग ने क्षेत्र के नागरिकों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नापाक हथकंडे

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की जहां पूरी दुनिया में थू-थू हो रही है और भारत से भी वह ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से माकूल जवाब पा चुका है, वहीं आपराधिक, अनैतिक और आतंकी कार्रवाइयों के लिए भारत में अपना नेटवर्क मजबूत करने और यहां अराजकता फैलाने की मुहिम को ताकत देने में वह लगातार व्यस्त है। उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने एक बार फिर भारतीय, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान जैसी जगहों के युवकों का ब्रेनवॉश कर उन्हें इस्तेमाल करने का अभियान चला रखा है। इनको वह सभी तरह की सहूलियतें और साज-सामान तो मुहैया करा ही रहा है, अब इन्हें उत्तेजित करने के लिए हथियार और नशीले पदार्थों की खेपें भी भेजी जा रही हैं। इसके लिए रियल-टाइम वीडियो फीड भेजने की क्षमता से युक्त अत्याधुनिक ड्रोन इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इससे इनके तस्कर भारतीय सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद हासिल करते हैं। इन ड्रोन की दिशा और ऊंचाई को इस तरह नियंत्रित किया जाता है कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाए। ये ड्रोन सैटेलाइट तकनीक से लैस हैं जिससे वे भारतीय सीमा में काफी अंदर तक घुस सकते हैं और उन्हें रोक पाना भी कठिन हो जाता है। यह तकनीक आम तस्करों के पास उपलब्ध नहीं होती। एक रिपोर्ट के अनुसार, सैटेलाइट-सक्षम ड्रोन का इस्तेमाल इस बात का संकेत है कि पाक का सरकारी तंत्र या सुरक्षा प्रतिष्ठान तस्करों को तकनीकी मदद मुहैया करा रहा है। मकसद एक ही है कि भारत में अधिकतम सीमा तक हथियारों और नशे के कारोबार को फैलाकर यहां के ज्यादा से ज्यादा नौजवानों को खोखला किया जाए तथा उपद्रव-अशांति फैलाने के लिए उन्हें इस्तेमाल किया जाए। आगे चलकर इनको ही आंतकवाद की मुख्य धारा में शामिल कर लिया जाएगा। पाक के इस नापाक इरादों की गूंज उस अमेरिका तक में भी है जो ऐन मौके पर उसकी पीठ पर हाथ रखता है। वहां के एक सांसद ने तो एक इंटरव्यू में अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को पनाह देने में पाकिस्तान की भूमिका का भी जिक्र किया है। उनका कहना है कि यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान ने लादेन को करीब एक दशक तक छिपा कर रखा था। यानी कारनामे पूरी दुनिया में उजागर हैं लेकिन टेढ़ी दुम टेढ़ी ही बनी हुई है। भारत तो इन जलील हरकतों का सामना कर ही रहा है और इनका पुरजोर जवाब भी दे रहा है लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इस बेशर्मी की असलियत को पहचान कर उसी के मुताबिक पाक के साथ व्यवहार करना चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि पाकिस्तान आतंकवाद का निर्यातक भी है। आज नहीं तो कल बाकी देश भी इसके निशाने पर आएंगे।

## बीमारियों के दिन

मौसम में बदलाव होता है तो इसमें तमाम अनिश्चितताएं पैदा हो जाती हैं। जैसे कभी बारिश, कभी तेज धूप, कभी जबरदस्त उमस लोगों को बेहाल किए रहती है। यहां तक तो ठीक है। किसी न किसी ढंग से ये बदलाव सहन कर लिए जाते हैं। लेकिन दिक्कत तब बढ़ जाती है जब जब इसके लगातार बदलते तेवर सीधे स्वास्थ्य को निशाना बनाने लगते हैं। चूंकि इस बार भीषण गर्मी है, बारिश अभी भी अनिश्चित है तो ज्यादा नमी के कारण उमस कहर बन कर आई है। नतीजा यह है कि वायरल बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं और बच्चों में डायरिया-उल्टी-दस्त की समस्या भी बढ़ी है। वायरल बुखार इस मामले में खतरनाक होता है कि इसे सामान्य बुखार समझकर लोग आमतौर पर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि बदलते मौसम में वायरल को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। दूसरी बात यह कि वायरल बुखार संक्रमण से भी होता है। तब जरूरी यह है कि बुखार या संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ली जाए। इस बुखार को लेकर बच्चों और बुजुर्गों का ज्यादा ही ध्यान रखना जरूरी है। मौसम में बदलाव के फलस्वरूप जहां वायरल का खतरा बढ़ा है, वहीं त्वचा रोग तथा पेट को लेकर भी समस्याएं बढ़ी हैं। चिकित्सकों की सलाह है कि ऐसी अनिश्चितता के समय साफ-सफाई, पर्याप्त पानी पीने, सादा-सुपाच्य भोजन लेने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी बरती जाए तो जोखिम भरी बीमारियों से काफी कुछ बचाव हो सकता है। यह इसलिए भी जरूरी है कि आजकल तेज बुखार, शरीर और जोड़ों में दर्द, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा पर हल्के धब्बे जैसी समस्याएं आती हैं लेकिन सामान्य दिनों के मुकाबले इस समय ये ज्यादा खतरनाक होती हैं। बेहतर यह है कि इनसे जुड़ी छोटी से छोटी दिक्कत होने पर भी डॉक्टर की सलाह ली जाए। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पतालों को भी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखनी चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**चंपत ने चुप्पी तोड़ी, कहा बैंक व अनिल मिश्रा जिम्मेदार**
महासचिव की जिम्मेदारी लेकर आप धृतराष्ट्र क्यों बने रहे!

**धर्म धन की भाजपा की राजनीति का अब अंत : अखिलेश यादव**
अब आप धर्म धन रक्षा की राजनीति शुरू कर दीजिए।

**मौखिक साक्ष्य बिना विभागीय दंड नहीं : हाईकोर्ट**
फिर तो मुंह बंद करवाने का हुनर खूब परवान चढ़ेगा।

**जनसहभागिता से मनाएंगे हरियाली का उत्सव**
सरकार के संरक्षण में वन कटान के मातम में भी जनसहभागिता की ज़ुरुरत।

**एसटीएफ कर्मियों की हत्या करने वाले ठोकिया गैंग के डकैत की रिहाई नहीं**
डकैत की जान बच गई, ठोक दिए जाने का खतरा टला।

**सोशल मीडिया का मंच भारतीय कानून से ऊपर नहीं**
भारतीय कानून के महत्व की ऐसी जानकारी जो सोशल मीडिया जन-जन तक पहुंचा रहा है।

♦♦♦

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य

वर्ष की शुरुआत में नयी दिल्ली में आयोजित 'एआइ इंपैक्ट समिट' ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया. उस सम्मेलन में पुणे के एक हेल्थ-टेक स्टार्टअप द्वारा विकसित एआइ सक्षम उपकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जो

**– डॉ. मयंक भारद्वाज**

सर्वाइकल कैंसर की सस्ती और सुलभ प्रारंभिक जांच को संभव बनाता है. वहीं, 'वाइसा एआइ' ने यह प्रदर्शित किया कि एआइ आधारित चैटबॉट भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकते हैं. असल में, एआइ जटिल चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण कर चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

एआइ प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआइ जैसी छवियों, प्रयोगशाला रिपोर्टों और जीनोमिक आंकड़ों का तीव्र एवं सटीक विश्लेषण कर सकती है. इससे रोगों की समय पर पहचान, उपचार योजना और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है. भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था एआइ के व्यापक उपयोग के लिए अत्यंत अनुकूल है. यद्यपि, देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात लगभग 1ः811 है, जो डब्ल्यूएचओ के 1ः1000 के मानक से बेहतर है, फिर भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में भारी क्षेत्रीय असमानता है. साथ ही, गैर-संक्रामक रोगों का बढ़ता बोझ, वृद्ध होती आबादी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार बढ़ती लागत देश के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।

ऐसे में तकनीक आधारित 'इंटेलिजेंट सॉल्यूशंस' हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक सक्षम और प्रभावी बना सकते हैं. अस्पतालों तक सीमित न रहकर एआइ अब रोग निगरानी, महामारी की पूर्व चेतावनी, टीकाकरण की योजना, संसाधनों के बेहतर आवंटन तथा आपातकालीन प्रबंधन के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को भी अधिक सशक्त बना रही है. जब एआइ को टेलीमेडिसिन के साथ जोड़ा जाता है, तब इसके लाभ और व्यापक हो जाते हैं. भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है, जबकि विशेषज्ञ चिकित्सक और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित हैं. एआइ संचालित टेलीमेडिसिन दूरस्थ परामर्श, सटीक निदान व रोगियों की निरंतर निगरानी संभव बनाकर इस भौगोलिक दूरी को कम कर रही है. सरकार की विभिन्न पहलें भी, जैसे 'इ-संजीवनी' टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म', 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' आदि एक समेकित डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही हैं। एआइ की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रभाव स्तन कैंसर की जांच के क्षेत्र में देखने को मिलता है. भारत में महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है, किंतु पारंपरिक मैमोग्राफी की अधिक लागत, सीमित उपलब्धता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी कम पहुंच के कारण प्रारंभिक जांच अब भी बड़ी चुनौती है. इन समस्याओं के समाधान के लिए बेंगलुरु स्थित हेल्थ-टेक स्टार्टअप 'निरामई' ने 'थर्मलाइटिक्स' नामक एआइ आधारित स्तन कैंसर जांच प्रणाली विकसित की है, जो शुरुआती अवस्था में ही शारीरिक





असामान्यताओं की पहचान कर सकती है. यह तकनीक पूरी तरह गैर-आक्रामक (नॉन-इंसिव), विकिरण मुक्त और बिना किसी शारीरिक संपर्क के जांच करने वाली है. इसके पोर्टेबल स्वरूप के कारण इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मोबाइल

> वर्ष की शुरुआत में नयी दिल्ली में आयोजित 'एआइ इंपैक्ट समिट' ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया. उस सम्मेलन में पुणे के एक हेल्थ-टेक स्टार्टअप द्वारा विकसित एआइ सक्षम उपकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जो सर्वाइकल कैंसर की सस्ती और सुलभ प्रारंभिक जांच को संभव बनाता है. वहीं, 'वाइसा एआइ' ने यह प्रदर्शित किया कि एआइ आधारित चैटबॉट भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकते हैं. असल में, एआइ जटिल चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण कर चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

स्वास्थ्य शिविरों और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से ले जाया जा सकता है. हालांकि, एआइ की इस क्षमता के साथ कई नैतिक और व्यावहारिक चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। एआइ प्रणाली संवेदनशील रोगी आंकड़ों पर निर्भर करती है, जिससे गोपनीयता, साइबर सुरक्षा और अनधिकृत पहुंच जैसी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं. यदि एआइ मॉडल पक्षपातपूर्ण या अपूर्ण आंकड़ों पर प्रशिक्षित हों, तो वे गलत या भेदभावपूर्ण परिणाम दे सकते हैं. इसके अतिरिक्त, अधिकतर एआइ मॉडल की आंतरिक निर्णय प्रक्रिया को समझना चिकित्सकों के लिए भी कठिन होता है. इससे एआइ आधारित चिकित्सा निर्णयों पर विश्वसनीयता का संकट खड़ा हो सकता है. सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि एआइ कभी भी मानवीय संवेदनशीलता, नैतिक विवेक और उस चिकित्सीय अनुभव का स्थान नहीं ले सकता, जो रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की आत्मा है। भारत के अनेक अस्पतालों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, अभी भी गुणवत्तापूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, इंटरनेट सुविधा और आवश्यक तकनीकी बुनियादी ढांचे का अभाव है. एआइ प्रणाली को लागू करने की उच्च लागत, प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी तथा व्यापक कानूनी व नियामक ढांचे का न होना भी इसके विस्तार में बड़ी बाधाएं हैं. निःसंदेह, एआइ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बनाकर चिकित्सा क्षेत्र में एक नये युग की शुरुआत कर रहा है. किंतु इसे चिकित्सकों के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि उनके एक सशक्त सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए. स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य तकनीक और मानवीय विशेषज्ञता के संतुलित समन्वय में ही सुरक्षित है. इसके लिए मजबूत डाटा संरक्षण कानून, पारदर्शी एल्गोरिदम, प्रभावी नियामक व्यवस्था और नैतिक शासन की सख्त जरूरत है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

**अथ त्रयोदशोऽध्यायः**

**(गतांक से आगे**

उन्होंने बताया कि साधना के पूर्तिकाल में परमतत्त्व परमात्मा का प्रत्यक्ष दर्शन ही ज्ञान है। ज्ञान का अर्थ है साक्षात्कार। इसके अतिरिक्त जो कुछ भी है, अज्ञान है। जानने योग्य वस्तु है परात्पर ब्रह्म। वह न सत् है, न असत्- इन दोनों से परे है। उसे जानने के लिये लोग हृदय में ध्यान करते हैं, बाहर मूर्ति रखकर नहीं। बहुत से लोग सांख्य-माध्यम से ध्यान करते हैं, तो शेष निष्काम कर्मयोग, समर्पण के साथ उसकी प्राप्ति के लिये उसी निर्धारित कर्म आराधना का आचरण करते हैं। जो उसकी विधि नहीं जानते. वे तत्त्वस्थित महापुरुष के द्वारा सुनकर आचरण करते हैं। वे भी परमकल्याण को प्राप्त हो जाते हैं। अतः कुछ भी समझ में न आये तो उसके ज्ञाता महापुरुष का सत्संग आवश्यक है।

स्थितप्रज्ञ महापुरुष के लक्षण बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा कि- जैसे आकाश सर्वत्र सम रहता हुआ भी निर्लेप है, जैसे सूर्य सर्वत्र प्रकाश करते हुए भी निर्लेप है, ठीक इसी प्रकार स्थितप्रज्ञ पुरुष, सर्वत्र सम ईश्वर को जैसा है वैसा ही देखने की क्षमतावाला पुरुष क्षेत्र से अथवा प्रकृति से सर्वथा निर्लेप है। अन्त में उन्होंने निर्णय दिया कि क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ की जानकारी ज्ञानरूपी नेत्रों द्वारा ही सम्भव है। ज्ञान, जैसा कि पीछे बताया गया, उस परमात्मा के प्रत्यक्ष दर्शन के साथ मिलनेवाली जानकारी है। शास्त्रों को बहुत रटकर दुहराना ज्ञान नहीं बल्कि अध्ययन तथा महापुरुष से उस कर्म को समझकर, उस कर्म पर चलकर मनसहित इन्द्रियों के निरोध और उस निरोध के भी विलयकाल में परमतत्त्व को देखने के साथ जो अनुभूति होती है, उसी अनुभूति का नाम ज्ञान है। क्रिया आवश्यक है। इस अध्याय में मुख्यतः क्षेत्रज्ञ का विस्तार से वर्णन किया गया। वस्तुतः क्षेत्र का स्वरूप व्यापक है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दूरागतं पथि श्रान्तं वैवश्येन गृहमागतम्।**
**अनर्चयित्वा यो भुङ्क्ते स स वै चाण्डाल उच्यते।।**

दूर से आये हुए परिचित अथवा अपरिचित व्यक्ति को, रास्ता चलते से थके-मांदे व्यक्ति को तथा विवशता के कारण आश्रय की इच्छा से घर में आये व्यक्ति को बिना खिलाये-पिलाये, तो स्वयं खा-पी लेता है, उसे चाण्डल कहते हैं।

♦♦♦

# पेट्रोल में एथनाल : आखि़र ये माजरा क्या है?

भारत में इन दिनों पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल का मिश्रण किये जाने यानी ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से होने वाले नुक़्सान को लेकर बहस छिड़ गयी है। इसके प्रयोग से देश भर से वाहनों के इंजन ख़राब होने की



**–निर्मल रानी**

ख़बरें मीडिया में आने लगी हैं। ई20 उपभोक्ता अब न केवल इसकी शिकायतें करने लगे हैं बल्कि जगह जगह इसे लेकर धरना प्रदर्शन भी होने लगे हैं। गत दिनों तो दिल्ली के जंतर मंतर पर भी ई 20 मिश्रित पेट्रोल के विरोध में प्रदर्शन किया गया।और इससे वाहनों को होने वाले नुकसान को लेकर सरकार को अवगत कराया गया। भारत में हो रहे इसके विरोध व इसके इस्तेमाल से आ रही परेशानियों व वाहनों को हो रहे कथित नुक़्सान की ख़बरों के बीच पड़ोसी देश भूटान ने भी भारतीय तेल कंपनियों से एथनाल मिश्रित ई 20 पेट्रोल वहां न भेजने व केवल पूर्व में भेजा जा रहा केवल शुद्ध एक्सपी 100 जैसे पेट्रोल की आपूर्ति करने को कहा है। भूटान द्वारा इसका कारण यह बताया गया है कि पेट्रोल पंपों पर भण्डारण के पुराने भूमिगत फ़्यूल टैंक में ई 20 पेट्रोल के भण्डारण की वजह से पानी के रिसाव का जोखिम है जिससे एथनाल मिश्रित ईंधन ख़राब हो सकता है। क्योंकि इथेनॉल की प्रवृति नमी को आकर्षित करने वाली होती है और वातावरण से नमी लेने पर ईंधन की गुणवत्ता घट सकती है और इंजन में अनेक प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा पहाड़ी इलाक़े में स्टोरेज और सप्लाई श्रृंखला को आधुनिक करना भी आवश्यक होगा, जिसमें तत्काल परिवर्तन करना जोखिमपूर्ण माना गया। भूटान द्वारा अपनी आपत्ति में पहाड़ी रास्तों में वाहन के परफ़ार्मेंस पर भी फ़र्क पड़ने का संदेह व्यक्त किया गया है। भारत में भी देश भर से गाड़ियों के ख़राब होने,गाड़ियों की पेट्रोल टंकी के गलने व ज़ंग लगने, माइलेज कम होने व इंजन के ख़राब होने तक की शिकायतें आने लगी हैं। और उधर इसी ई 20 पेट्रोल की आपूर्ति व खपत की आड़ में शुद्ध पेट्रोल यानी एक्सपी100 का मूल्य 167 रूपये प्रति लीटर तक हो गया है। एथनाल के उपयोग से केवल गाड़ियां ही ख़राब नहीं हो रही हैं बल्कि इसके उत्पादन में भी पानी का भी बेतहशा दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे भविष्य में यह जलसंकट का कारण भी बन सकता है। ग़ौरतलब है कि एथनॉल का उत्पादन चावल ,मक्का और गन्ना आदि की फ़सलों से होता है। और इन सभी फ़सलों की पैदावार में बेतहाशा पानी का इस्तेमाल होता है। इसके बाद जब इसी फ़सल से एथनॉल बनाया जाता है तो इसमें और भी ज़्यादा पानी ख़र्च होता है। मिसाल के तौर पर चावल से 1 लीटर एथनॉल बनाने में लगभग 10790 लीटर पानी ख़र्च होता है जबकि मक्का से 1 लीटर एथनॉल बनाने में क़रीब 4670 लीटर पानी की खपत होती है इसी तरह गन्ने से मात्र 1 लीटर एथनाल बनाने में तक़रीबन 3630 लीटर पानी लगता है। गोया पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण की नीति देश के जल बचाने के अभियान के ठीक विरुद्ध जलसंकट खड़ा करने में भी सहायक हो सकती है। ज़रा सोचिये कि जब श्व20 पेट्रोल की आपूर्ति में जल का इतना इस्तेमाल होता है तो यदि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की इच्छानुसार पेट्रोल में 85 प्रतिशत मिश्रण कर ई 85 की आपूर्ति की योजना पर अमल किया गया तो भारत जैसे उस देश में पानी के अकाल को कैसे टाला जा सकेगा जहां के कई इलाक़ों में पहले ही पीने का पानी लोगों को मयस्सर नहीं है ? हालांकि अब ख़बर यह भी आ रही है कि भारी विरोध के बीच केंद्र सरकार अब ई25 पेट्रोल को लागू करने की योजना को फिलहाल टाल सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार सरकार अब इस ई25 बदलाव को जल्दबाज़ी में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीक़े से आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है।

देश में पेट्रोल में एथनाल के मिश्रण को लेकर कुछ ज़िम्मेदार लोगों के विरोधाभासी बयान भी सुनाई दे रहे हैं। इसकी वजह से आम लोगों में एथनाल के मिश्रण के प्रति अविश्वास व भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। मिसाल के तौर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एग्ज़ीक्युटिव वाईस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने अपने एक इंटरव्यू में पहले तो यह स्वीकार किया था कि ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से 'बेशक फ़्यूल एफ़िशिएंसी में कुछ कमी आती है।' परन्तु बाद में उन्होंने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे परफ़ॉर्मेंस के मामले में 'बेहतरीन ईंधन' भी बता डाला। इसी तरह भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बायोफ़्यूलस के एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर अनुराग सरावगी ने भी स्वीकार किया था कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल करने से गाड़ियों की माइलेज में 30 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। इतना ही नहीं बल्कि भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने गत 30 जून को सर्वोच्च न्यायलय में एक सुनवाई के दौरान अदालत को यह भी बताया कि ई-20 पेट्रोल का इस्तेमाल फ़िलहाल एक प्रयोग के तौर पर किया जा रहा है। इस बात के सार्वजनिक होने के बाद तो लोगों में और भी आक्रोश फैल गया कि आखि़र प्रयोग के तौर पर उन्हें 'गिनी पिग' अर्थात प्रयोग किये जाने वाला जीव क्यों बनाया जा रहा है। उसके बाद सरकार की तरफ़ से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया कि अटॉर्नी जनरल के हवाले से कही जा रही बातें ग़लत हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी एक तरह से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की बातों का समर्थन करते हुए इस बात पर नाराज़गी जताई कि 3.6 करोड़ भारतीय कार मालिकों पर इसतरह के प्रयोग क्यों किए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि अभी भारत में 10 में से 9 गाड़ियां ई 20 के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति आम सहमति के बिना और इसके होने वाले परिणामों को समझे बग़ैर लागू कर दी गई है । खड़गे ने यह भी कहा, हमारी गाड़ियों में इसे ज़बरदस्ती डालने के बाद आप राष्ट्रीय स्तर पर ईंधन बदलने की इस प्रक्रिया को 'प्रयोग' नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि जब सरकार का अपना डेटा ही अभी तक तैयार नहीं है, तो नागरिकों को नुक़्सान साबित करने की चुनौती नहीं दी जा सकती । आम लोग 'गिनी पिग' नहीं हैं न ही हमारी सड़कें टेस्ट ट्रैक हैं और देश के उपभोक्ताओं की जेबें सरकार के ट्रायल का बजट नहीं हैं। खड़गे ने ई20 को वापस लेने मांग करते हुये कहा कि सरकार पहले इसे प्रयोग के योग्य, स्वीकार्य व प्रमाणित ईंधन साबित करे, फिर इसे प्रयोग करने की नीति लागू करें।

## प्रेरक प्रसंग

### महान होने की परिभाषा

चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस की महानता से चीन का सम्राट भी परिचित था। एक दिन वह कन्फ्यूशियस से बोला, तुम मुझे उस व्यक्ति के पास ले चलो जो महान हो। कन्फ्यूशियस बोला, लेकिन मुझसे महान भी तो कोई होगा? कन्फ्यूशियस बोला ; मुझसे महान भी तो कोई होगा? महामहिम आप से अधिक महान कौन हो सकता है। आपकसत्य को जानने की भावना रखते हैं और तो ऐसी भावना रखता है वही महान है।

कन्फ्यूशियस बोला, आपसे अधिक महान में हूं क्योंकि सत्य के प्रति मेरा अनुराग (प्रीति) है।

और तुमसे भी अधिक महान कौन है? सम्राट ने पूछा । कन्फ्यूशियस बोला यह तो ढूढ़ना पड़ेना। इतना कहकर वह सम्राट को लेकर चल पड़ा। कुछ आगे चलने पर उन्हें एक वृद्ध व्यकित दिखा ; जो कुआं खोद रहा था। उसे देखकर कन्फ्यूशियस बोला महामहिम मुझसे भी अधिक महान यह वृद्ध है।

सम्राट ने पूछा कैसे?

कन्फ्यूशियस बोला इसकी काफ़ी आयु व्यतीत हो चुकी है, शरीर भी दुबला - पतला है- तब भी कुआ खोद रहा है। परोपकार की भावना है । परोपकार में ही इसको आनंद की अनुभूति होती है। जिसका तन और मन दोनों ही अनुभूति में निमग्न हों उससे बढ़कर महान अन्य कौन हो सकता है।

## आपका पत्र मिला

### बारिश में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

देश के विभिन्न हिस्सों में भारी से भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ-साथ उसका भयावह रूप लोगों में दहशत पैदा कर रहा है। चाहे महाराष्ट्र हो या केरल, राजस्थान हो या गुजरात, मध्यप्रदेश हो या उत्तराखंड हर जगह, हर क्षेत्र से खबरें आ रही है कि पानी ने तबाही मचा दी है।

गत वर्ष भारी बारिश के चलते राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 7 मासूम बच्चों की दबकर दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इसी तरह गत वर्ष कई स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई थी। अतः अंधाधुंध बारिश के सैलाब को देखते हुए स्कूल व अन्य विभागों को अभी से सतर्क हो जाना चाहिए, ताकि भारी बारिश के चलते झालावाड़ जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। सभी राज्यों के विभाग प्रमुख व सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ऐसे भवन जो जर्जर, जीर्ण-शीर्ण, दीवारें तथा छतें कमजोर व खतरनाक स्थिति में हो तो तत्काल अपने विभाग को सूचना करते हुए ऐसे सुरक्षित भवनों में शालाएं संचालित करें जहां बच्चों व स्टाफ को कोई खतरा या क्षति ना हो। पानी गिरने से पहले बचाव की पार बांधने में ही समझदारी है। अन्यथा नुकसान होने के बाद रोना के सिवा कोई चारा नहीं है।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# कॉलेज और स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए बेस्ट हैं शर्ट स्टाइल टॉप

स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियां क्या पहने इस बात को लेकर हमेशा कंफ्यूज रहती हैं। एक जैसे कपड़े पहनकर जाने पर अधिकतर लड़कियों को शर्मिंदगी भी महसूस होती है। अगर आप भी उन्हीं लड़कियों में से एक है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट शर्ट स्टाइल टॉप डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप कॉलेज में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती है।

**फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप-** अगर आप कॉलेज में एक जैसे कपड़े पहन कर जाती है और अब ऐसे कपड़े पहनकर बोर हो गई है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती है। इस तरह का टॉप आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेगा।

**ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप-** यही नहीं अगर आपके स्कूल में कोई फंक्शन है और आप उस फंक्शन में खूबसूरत दिखना चाहती है, तो आपके लिए यह लेटेस्ट ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे पहनकर आप न सिर्फ स्कूल बल्कि कॉलेज में भी जा सकती है। इस तरह के टॉप इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बेहद पसंद आ रहे हैं।

**कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप**

आप चाहे तो अपने कॉलेज में इस खूबसूरत कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को पहनकर जा सकती हैं। इस तरह के टॉप दिखने में शर्ट की तरह होते हैं, लेकिन यह असल में टॉप होते हैं। इसे आप क्रीम या वाइट कलर की पेंट या जींस के साथ शामिल कर अपने आउटफिट को बेहतर बना सकती हैं। इस तरह का टॉप आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत दिख सकती है।

**स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप**

अपनी खूबसूरती से सभी का दिल जीतने के लिए और दोस्तों के बीच अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाने के लिए आप इस खूबसूरत स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के टॉप भी इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इस टॉप में आपको और भी कई कलर और साइज मिल जाएंगे। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

# स्लिम गर्ल्स को दिखना है मॉडर्न, मौनी रॉय के साड़ी लुक्स से लें इंस्पिरेशन



टीवी की दुनिया से अपना करियर शुरू करने वाली मौनी रॉय कई बॉलीवुड फिल्मों से भी फैंस का दिल जीत चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी एक्टिंग के साथ फैशन सेंस से भी फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका हर लुक बेहद कातिलाना होता है। इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर लुक में बवाल मचाती हैं। तो आज हम आपको उनके कुछ साड़ी लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनको स्लिम गर्ल्स कैरी करके अपना लुक मॉडर्न बना सकती हैं। **ब्लैक साटन साड़ी-** ब्लैक कलर की साड़ी अधिकतर हर महिला की पसंद होती है। ऐसे में आप मौनी रॉय के इस ब्लैक साटन साड़ी लुक पर जरूर फिदा हो गई होंगी। अभिनेत्री ब्लैक कलर की सिंपल साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही हैं। उनकी ब्लैक साड़ी पर गोल्डन कलर के पैच बने हुए हैं। जबकि उन्होंने इस साटन साड़ी के संग स्ट्रैपी ब्लाउज कैरी किया हुआ है। ऐसे में उनका लुक काफी बोल्ड नजर आ रहा है। साथ में गोल्डन झुमकी, ब्रॉड नेकलेस और बन हेयर स्टाइल उनके लुक को काफी अट्रैक्टिव बना रहे हैं। स्लिम गर्ल्स मौनी के इस ब्लैक साड़ी लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

**जॉर्जेट पिंक साड़ी-** मौनी रॉय की बेबी पिंक जॉर्जेट साड़ी भी स्लिम गर्ल्स के लिए परफेक्ट ऑप्शन है। इसको कैरी करने के बाद उनका लुक चार्मिंग नजर आएगा। इस तरह की साड़ियां यंग गर्ल्स को बेहद पसंद आती हैं।

**लाइनिंग साड़ी लुक-** स्लिम गर्ल्स यदि खुद को डिसेंट लुक में देखना चाहती हैं, तो उनके लिए मौनी रॉय का लाइनिंग साड़ी लुक बेस्ट रहेगा। इसको आप किसी ऑफिस इवेंट में कैरी करके जा सकती हैं। मौनी ने ब्लैक साड़ी के संग व्हाइट और लाइनिंग वाला कॉलर नेक ब्लाउज पहना हुआ है। इसके साथ ग्लॉसी मेकअप और बन हेयर स्टाइल से अपना लुक कंप्लीट किया हुआ है। हर बार की तरह मौनी का यह साड़ी लुक भी काफी डिसेंट और ग्लैमरस नजर आ रहा है।

# कुर्ती सिलवाते समय इन 3 बातों का जरूर रखें ध्यान



महिलाएं अपने लुक को खास बनाने के लिए न सिर्फ चेहरे को खूबसूरत बनाती है, बल्कि अपने आउटफिट को भी परफेक्ट बनाने के लिए टेलर से डिजाइनर आउटफिट स्टिच करवाती है। ऐसे में अगर आप भी किसी टेलर से कुर्ती बनवाने वाली है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको 3 जरूरी बातें बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपने आउटफिट को परफेक्ट तरीके से बनवा सकती हैं।

**सही फैब्रिक का करें चुनाव-** जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाने जाए, तो सबसे पहले कपड़े का चुनाव करें। कुर्ती बनवाने के लिए सही फैब्रिक होना बहुत मायने रखता है। ऐसे में आप पार्टी वियर कुर्ती बनवाने के लिए सिल्क, जॉर्जेट या शिफॉन का फैब्रिक चुन सकती है। वहीं अगर आप आने- जाने में या रोजाना पहनने के लिए कुर्ती बनवा रही है, तो आपके लिए कॉटन या रेयान का फैब्रिक सही रहेगा। सही फैब्रिक आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगी और इससे सही फिटिंग भी आएगी।

**टेलर को सही साइज या फिटिंग वाली कुर्ती दें-** इसके अलावा जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाए, तो अपना नाप यानी साइज सही तरीके से दें। आप चाहे तो टेलर को अपनी कोई फिटिंग वाली कुर्ती नाप के लिए भी दे सकती हैं। इसके अलावा नाप देने के साथ कहां तक की बाजू और कैसे डिजाइन वाला गला बनाना है, इसकी भी जानकारी आप अपने टेलर को एक डायरी में लिखवा दें, ताकि यह जानकारी उसके पास रखी रहे और वह आसानी से आपका आउटफिट तैयार कर दें।

**ब्रा लूप का भी करें इस्तेमाल-** यही नहीं अगर आप किसी टेलर से कुर्ती या कोई गाउन बनवाने वाली है, तो कुर्ती सिलवाते वक्त ब्रा लूप जरूर लगवाएं। ऐसा करने से ब्रा की स्ट्रिप बाहर नहीं दिखेगी और ना ही आपके शोल्डर से कपड़ा फिसलेगा। यह आपके आउटफिट को शानदार बना देगी साथ ही आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे। इन बातों का ध्यान रखकर आप टेलर से कुर्ती बनवा सकती हैं। यह टिप्स आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने में मदद करेंगी।

# जेनजी गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं इस तरह के ट्रेडिशनल आउटफिट



जेनजी गर्ल्स हमेशा अपने आउटफिट को लेकर परेशान रहती हैं। चाहे बात एथनिक की हो या ट्रेडिशनल कि वे आउटफिट सिलेक्ट करने में काफी कन्फ्यूज रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी ट्रेडिशनल वियर देख रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी ट्रेडिशनल ड्रेस बताएंगे, जिन्हें आप किसी भी फेस्टिवल के दौरान पहन सकती हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी-** अगर आप भी किसी फेस्टिवल पर भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह के खूबसूरत ट्रेडीशनल लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी को शामिल कर सकती हैं। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेगी और अपने लुक को डिफरेंट बना सकेंगी। इसे आप ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लाकर इसे बनवा भी सकती हैं। इस ड्रेस को पहनकर आप अपने फेस्टिवल को यादगार बना सकती हैं।

**पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट**

अपनी खूबसूरत से सभी का दिल जीतने के लिए और फेस्टिवल पर डिफरेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह के पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट को शामिल कर सकती हैं। इसे भी आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप एक्सेसरीज शामिल कर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इसे पहन कर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। यह ड्रेस आपके फेस्टिवल लुक को खास बनाने में भी मदद करेगी।

**सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी-** आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह के खूबसूरत ट्रेडीशनल सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी को शामिल कर सकती हैं। ऐसे आउटफिट भी इन दिनों काफी चलन में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। इस आउटफिट को भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा**

आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह की खूबसूरत सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा को भी शामिल कर अपने लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बना सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। आप चाहे तो बाजार से कपड़ा लाकर भी इसे बनवा सकती हैं। इसे पहनकर आप फेस्टिवल पर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस जेनजी लड़कियों के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।

**ओवरसाइज आउटफिट्स**

ओवरसाइज टी-शर्ट्स, शर्ट्स और हुडीज आज के जेन जी फैशन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। ये आउटफिट्स न सिर्फ स्टाइलिश दिखते हैं बल्कि पहनने में बेहद आरामदायक भी होते हैं। इनका रिलैक्स्ड फिट पूरे दिन कंफर्ट देता है और इन्हें डेनिम, शॉर्ट्स या स्कर्ट के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है, जिससे एक कूल स्ट्रीट लुक तैयार होता है।

**बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स-** बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स 90S फैशन की वापसी के साथ फिर से ट्रेंड में आ गए हैं। हाई-वेस्ट और लूज फिट स्टाइल आज की लड़कियों की पहली पसंद बन चुका है। इन्हें क्रॉप टॉप या फिटेड टॉप के साथ पहनकर एक बैलेंस्ड और ट्रेंडी लुक बनाया जा सकता है, जो कैजुअल और स्टाइलिश दोनों लगता है।

# चाहती हैं न्यू और स्टाइलिश लुक तो करें ट्राइ ये को-ऑर्ड सेट



हर महिला स्टाइलिश लुक चाहती है और इसके लिए वो बेहतरीन आउटफिट्स का चुनाव करती है। लेकिन, अगर आप अपने स्टाइल को न्यू टच देना चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट्स का चुनाव कर सकती हैं। फैशन की दुनिया में ये आउटफिट्स इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं और न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेहतरीन है। ये आपको कई सारे डिजाइन और पैटर्न में मिल जाएंगे। ये पहनने में आरामदायक होते हैं, और साथ ही इनमें आपका लुक खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आता है।

**प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट-** यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट ऑफिस या किसी इवेंट में स्टाइल करने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट 3/4 स्लीव्स और राउंड नेक डिजाइन में आता है। यह आपको कई सारे रंगों और डिजाइन में मिल जाएगा, और इसमें आपका लुक सुंदर और अलग नजर आएगा। आप इसे ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 1000 से 1500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**लेस वर्क को-ऑर्ड सेट-** अपने लुक को एक न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के लेस वर्क को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट में बेहद ही खूबसूरत लेस वर्क किया हुआ होता है, और इसमें आपका लुक अलग व सुंदर नजर आएगा। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे।

**फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट-** भीड़ से अलग दिखने और अपने लुक को न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट फ्लोरल प्रिंट में आता है और इसमें आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट को आप ऑफिस या कहीं घूमने जाने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं, और इसे आप सस्ते कीमत में खरीदकर पहन सकती हैं।

# पुराने लॉन्ग कुर्ते को फेंकने के बजाय ऐसे करें इस्तेमाल



अगर आप भी एक जैसे कपड़े पहनकर बोर होने लगी हैं और अब उन कपड़ों को किसी को दे देती हैं या फेंक देती हैं, तो ये खबर आपके लिए खास हो सकती हैं, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बनाएंगे, जिनका इस्तेमाल कर आप उन कपड़ों से नई और स्टाइलिश चीजें बना सकती हैं, वो भी कम खर्च में। आईए जानते हैं उन चीजों के बारे में।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं शॉर्ट कुर्ती-** अगर आप भी अपने पुराने कुर्ते को बार-बार पहनकर परेशान हो गई और उस कुर्ते को किसी को देने वाली है या फेंकने वाली है, तो अब आप उसको फेकने के बजाय उसका इस्तेमाल कर शॉर्ट कुर्ती बना सकती हैं. शॉर्ट कुर्ती बनाने के लिए आप कुर्ते को काटकर उस पर पिको करवा सकती हैं या फिर बाजार से लेस खरीद कर डिजाइनर लेस भी कुर्ते की बॉर्डर पर लगा सकती हैं इससे नया लुक क्रिएट होगा।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं पिलो कवर-** अगर आपके पास हैवी और भरा हुआ कुर्ता है, तो अब आप उसे फेकने के बजाय उस कुर्ते का नए तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं. इसका इस्तेमाल करने के लिए आप इसे काट कर पिलो कवर बना सकती हैं।

# ऊन और रंगीन धागों से घर पर ऐसे बनाएं टैसल हैंडबैग



आज के समय में लडकियां अपने लुक का खास ध्यान रखती हैं। कॉलेज गोइंग गर्ल्स् तो अपने आउटफिट्स, फुटवियर, एसेसरीज और बैग्स सब कुछ एक से एक डिजाइन में खरीदती हैं। बैग्स की बात करें तो आजकल मार्केट में मिलने वाले हैंडबैग काफी महंगे होते हैं। ऐसे में अगर आप कम पैसे में कुछ अलग और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो टैसल हैंडबैग बना सकती हैं। खास बात तो ये है कि इसे बनाने के लिए आपको कोई महंगा सामान भी नहीं खरीदना पड़ेगा।

घर में अगर आपके ऊन, कलरफुनल धागे रखें हुए हैं तो आसानी से इसे बनाया जा सकता है। आज हम आपको अपने इस लेख में बता रहे हैं कि आप कैसे इस बैग को घर पर बना सकती हैं। आइए जानते हैं-

**बैग बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए?**

कलरफुल ऊन या धागे।
कोई स्ट्रॉन्ग कैनवास या जूट का छोटा बैग।
कैंची, सुई और धागा। ग्लू गन या फैब्रिक गोंद।
लकड़ी के मोती या सजावट का कोई सामान।

सबसे पहले बनाएं टैसल। ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें।


**सबसे पहले बनाएं टैसल-** ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें।

**बैग को और स्टाइलिश कैसे बनाएं?**

टैसल के साथ छोटे मोती लगा सकती हैं।
मिरर वर्क का इस्तेमाल कर सकती हैं।
बैग पर हाथ से कोई डिजाइन बना सकती हैं।
अलग-अलग कलर के ऊन मिलाकर इसे मल्टीकलर लुक दे सकती हैं।

**कॉलेज के लिए है परफेक्ट**

आपको बता दें कि इस बैग का वेट काफी हल्का होता है और ये देखने में भी काफी ट्रेंडी लगता है। आप इसमें बुक्स, नोटबुक, मोबाइल, चार्जर और छोटी-मोटी जरूरी चीजें रख सकती हैं। साथ ही ये दिखने में भी काफी स्टाइलिश लगता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बृहस्पतिवार, 9 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, नवमी तिथौ गुरु वासरे 10/39/ अश्विनी नक्षत्रे 14/57/ सुकर्मा योग 10/12/ गर करणे 10/89/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं. 21 मि. 28 से।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

**कृषक गोष्ठी का आयोजन 10 जुलाई को**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी के आयोजन में प्रतिभाग करने के संबंध में अवगत कराया है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजनान्तर्गत खरीफ अभियान में अधिक फसलोत्पादन हेतु जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन 10 जुलाई को पूर्वान्ह 12.30 बजे से कल्याण सिंह सभागार में किये जाने का निर्णय लिया गया है, अतः उपरोक्त के क्रम में निर्देशित किया गया है कि गोष्ठी में विभागीय सूचनाओं सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर विभागीय योजनाओं की स्टॉल लगाते हुये स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## खबर एक नज़र



### राज्य मंत्री का जिला इकाई के पदाधिकारियों ने गोविन्दम तिराहे पर जोरदार स्वागत किया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जालौन द्वारा आज लघु उद्योग निगम राज्य मंत्री एवं भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश चेयरमैन माननीय नटवर गोयल जी का स्वागत प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री तरुण तिवारी जी के नेतृत्व में और प्रदेश संगठन मंत्री विजय बाजपेई जी के सानिध्य में जिला इकाई के पदाधिकारियों ने गोविन्दम तिराहे पर जोरदार स्वागत किया। सबसे पहले प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री तरुण तिवारी जी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।फिर जिला उपाध्यक्ष श्री प्रभात तिवारी जी ने बुके देकर मंत्री जी का स्वागत किया।फिर मंत्री जी को जिला महामंत्री श्री दिलीप गुप्ता जी जिला महामंत्री श्री विवेक गुप्ता जी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्री जेपी राजपूत जी जिला उपाध्यक्ष श्री कैलाश प्रजापति जी जिला उपाध्यक्ष श्री सुशील जायसवाल जी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष फिरोज खान जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री ताहिर खान जी जिला कोषाध्यक्ष श्री राजेश दीवोलिया जी संगठन मंत्री श्री अत्री कुरेले जी जिला संगठन मंत्री श्री सतीश नगरिया जी जिला मंत्री श्री प्रवीण गुप्ता जी ने माल्यार्पण कर किया। विकास भवन सभागार में शिक्षक केस लैस बीमा का आज माननीय मुख्यमंत्री श्री आदित्य नाथ योगी जी ने इप के माध्यम से शुभारंभ किया। इस मौके पर माननीय घनश्याम अनुरागी जी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरविन्द चौहान प्रतिनिधि जल शक्ति मंत्री जिलाधिकारी महोदय सीडीओ साहब सिटी मजिस्ट्रेट साहब मौजूद रहे।

### नथिंग ने पेश किया फोन 4बी

**कानपुर।** लंदन की कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने आज फोन 4बी से पर्दा उठा दिया। यह बी सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग के प्रोडक्ट इकोसिस्टम में एंट्री करने वालों के लिए एक नया विकल्प है। फोन 4ए सीरीज़ की कामयाबी को आगे बढ़ाते हुए फोन 4बी में नथिंग का सिग्नेचर डिज़ाइन, दमदार रोज़मर्रा की परफॉर्मेंस, समझदार सॉफ्टवेयर और लंबे समय तक भरोसे का शानदार मेल मिलता है। इसके साथ एसेंशियल एआई टूल्स भी मिलते हैं। वहीं इन दोनों वेरिएंट्स का अधिकतम खुदरा मूल्य 34,999 रुपये और 38,999 रुपये रखा गया है। फोन की बिक्री 14 जुलाई से शुरू होगी। यह फ्लिपकार्ट के अलावा प्रमुख रिटेल पार्टनर्स जैसे कि क्रोमा, रिलायंस डिजिटल और विजय सेल्स पर भी उपलब्ध होगा। आईपीएल फ्रेंचाइज़ी आरसीबी के मेन टाइटल स्पॉन्सर होने और क्लब के ऐतिहासिक दूसरे आईपीएल खिताब का जश्न मनाने के लिए नथिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मिलकर फोन आरसीबी एडिशन पेश किया है। यह एक्सक्लूसिव लाल रंग, खास आरसीबी ब्रांडिंग और कलेक्टर्स एडिशन पैकेजिंग के साथ आएगा। यह आरसीबी के साथ किसी आधिकारिक स्मार्टफोन साझेदारी का पहला मॉडल है।

### संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रथम अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



ललितपुर। कलैक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार की अध्यक्षता में माह जुलाई में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु प्रथम अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी विभाग अपनी गतिविधियों से सम्बन्धित माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद का फीडबैक एवं रैंकिंग राज्य स्तर पर उच्च स्थान पर रहे एवं पिछली कमियों को दूर करते हुए इस अभियान में सभी गतिविधियाँ माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्ता शत प्रतिशत पूर्ण करायें व अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि संचारी से सम्बन्धित विभागों ने प्रथम सप्ताह में अपनी कार्ययोजनानुसार कार्य किया है व जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी द्वारा विभागों द्वारा किए गये कार्यो की विभागवार प्रथम सप्ताह की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत की व इन गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। बैठक में जिला सूचना अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग व जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### उप निरीक्षक शिवजीत सिंह ने संभाला तेरई फाटक चैकी का कार्यभार



फरियादियों को मिलेगा त्वरित न्याय, अवैध कारोबार पर कसेगा शिकंजा- शिवजीत सिंह

तालबेहट। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तेरई फाटक चैकी का कार्यभार उप निरीक्षक शिवजीत सिंह ने सम्भाला व बताया कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुये उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जायेगा व क्षेत्र में लंबे समय से मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये अवैध शराब के कारोबार व अवैध खनन व अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखते हुये कार्यवाही की जायेगी व नियमित गश्त बढ़ाते हुये संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुये क्षेत्र में शांति व्यवस्था दुरूस्त की जायेगी व जुआ, सटटा व किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा व पास में लगे मध्य प्रदेश के क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुये कि मध्य प्रदेश के अपराधी यहां आकर किसी वारदाता को अंजाम न दे सकें, इसके लिये प्रतिदिन पुलिस काम्बिग कराई जायेगी व सभी संभ्रात नागरिकों से अपील की है कि वह क्षेत्र में कोई भी गलत वारदात व अपराधी को देखें तो सूचना उनकों दें व उनका नाम गुप्त रखते हुये उनकी समुचित सुरक्षा की जायेगी।

### मिनी औद्योगिक आस्थानों में भूखण्ड आवंटन हेतु जेम पोर्टल पर करें आवेदन

ललितपुर। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र ने अवगत कराया है कि उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मिनी औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखण्डों व शेडों के पारदर्शी आवंटन हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन प्रक्रिया शुरू की गई है, इसी क्रम में जनपद के अंतर्गत मिनी औद्योगिक आस्थान तालबेहट में स्थित रिक्त शेड को आवंटित किए जाने हेतु जेम बिड संख्या 36288 निर्गत की जा चुकी है, इच्छुक निवेशक व उद्यमी निर्धारित 15 जुलाई के भीतर जेम पोर्टल पर जाकर बिड संख्या 36288 के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं व अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# संकल्प लेकर पूरा करें लक्ष्य- उर्विजा दीक्षित

**हर क्षेत्र में प्रतिभा को अवसर है- गौरी शंकर वर्मा**

**वृक्षारोपण सबसे पुण्य कार्य- डा. घनश्याम अनुरागी**



उरई : मस्जिद ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)।** एस आर इण्टर कॉलेज उरई के प्रांगण में आज एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इसमें ग्रुप के विद्यालयों के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 500 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम अनुरागी उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय त्रिपाठी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती ऊषा गुप्ता, उरई नगर प्रथम की मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह सेंगर, वरिष्ठ नेत्री मंजू रानी, पूर्व नगर मंत्री अरविंद जी सहित सैकड़ो की संख्या में अभिभावक गण एवं मेधावी उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर, प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू गुप्ता, अंग्रेजी माध्यम की प्रधानाचार्य अरुणा पोरवाल जूनियर स्कूल के प्रधानाचार्य चन्द्र किशोर त्रिपाठी, प्राइमरी के प्रधानाचार्य लाखन सिंह सहित समस्त शिक्षकों ने किया।समारोह में अंग्रेजी माध्यम के साइंस ग्रुप के डिस्ट्रिक्ट टापर एस एस आर पब्लिक स्कूल उरई के इण्टरमीडिएट छात्र देव चतुर्वेदी 95.6प्रतिशत, हाईस्कूल टापर रितिका प्रजापति, स्कूल टापर्स में नित्या यादव, शिवानी परिहार, सारांश अग्रवाल, आनवी गुप्ता, भविष्य गुप्ता, सत्यम प्रजापति, विकास यादव, करिश्मा, रेशमा, शिवानी, रोहित, राज वर्मा, अंशिका नायक, राधिका सिंह, सक्षम पटेल, चिराग सहित लगभग 500 मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मैडल, एक पेड़ देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने बच्चों से कहा कि आज हर क्षेत्र में प्रतिभा को अवसर उपलब्ध हैं बस पूरे मनोयोग से उसे पूरा करने की जरूरत है साथ ही वृक्षारोपण कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। सभा अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित ने बच्चों से कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य बनाकर उसे हासिल करने की जरूरत है।कार्यक्रम की व्यवस्था में समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही, संचालन विद्यालय के शिक्षक संतोष गोस्वामी ने किया।

# बरसात में गौवंशों की सुरक्षा पर जिलाधिकारी के सख्त निर्देश



उरई : बैठक ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बरसात के मौसम में गौवंशों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार से वर्चुअल माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि गौशालाओं में किसी भी स्थिति में कीचड़ या जलभराव न हो। इसके लिए जल निकासी, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं में चना, चोकर, खली, हरा चारा व स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। साथ ही पशु चिकित्सकों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि निजी पशुपालकों द्वारा छोड़े गए गोवंश सड़कों पर घूमते मिलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे पशुओं को कैटल कैचर के माध्यम से निकटतम गौशालाओं में पहुंचाया जाए। पशु छोड़ने वालों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाए। झोलूपुर, कैथेरी, छिरिया, एट, बोहदपुरा, राहिया सहित संवेदनशील स्थानों के लिए विशेष सचल दल गठित किए गए हैं। रिक्त पड़ी गौशालाओं में वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू डीबीटी से लाभार्थियों के खातों में भेजी धनराशि



उरई : मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के संबंध में जानकारी देते अधिकारी।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी(जालौन)।** तहसील सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम अमित शेखर ने की। इस दौरान शिक्षकों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी गई।

खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत शिक्षकों को सूचीबद्ध अस्पतालों में बिना नकद भुगतान के उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य शिक्षकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना है। साथ ही डीबीटी व्यवस्था से लाभार्थियों तक सहायता राशि सीधे उनके खातों में पहुंचाई जा रही है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।एसडीएम अमित शेखर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार अभिनव तिवारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर अंकुर श्रीवास्तव, हरिकृष्ण कुशवाहा, पूनम पुरवार, नितेंद्र कुमार त्रिपाठी, रिचा निरंजन, मलखान सिंह, पंकज पालीवाल, पूनम पालीवाल, अनिल कुमार, दुर्गेश कुमार, अमृता सिंह, दिनेश कुमार भास्कर, प्रदीप कुमार, संजय कुमार खरे, दीपक सिंह निरंजन, रोहित पटेल, सचिन पोरवाल, प्रवीण सिंह, विश्वनाथ सिंह, भारत लाल, जितेंद्र कुमार पाराशर, प्रताप भानु सिंह, शैलेंद्र कुमार, कीर्ति वर्मा, बनवारी लाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### सभापति डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल आज आयेंगे जनपद

ललितपुर। सभापति दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति विधान परिषद डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल आज अपरान्ह 5 बजे राज्य अतिथि गृह आयेंगे व 10 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात व पूर्वान्ह 10.30 बजे आपदा प्रबन्धन से संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा व अपरान्ह 12.30 बजे बांस शिल्पकार सम्मेलन डॉ अम्बेडकर पार्क व अपरान्ह 3 बजे लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे तथा संबंधित जनपद की सीमाओं से होकर उपरोक्त यात्रा करेंगे व समिति से संबंधित नोडल अधिकारी को सूचित कर दिया जाये कि सभापति समिति के जनपद में प्रवास के दिनों उपथित रहें, अतः समिति के सभापति समिति उपरोक्त कार्यक्रमानुसार अपने जनपद की सीमा में पुलिस स्कोर्ट के साथ सुरक्षा व्यवस्था, पद की गरिमा के अनुरुप प्रोटोकाल तथा राज्य अतिथि गृह जनपद में एक वी.आई.पी. कक्ष तथा स्टाफ हेतु 2 कक्ष आवंटित कराने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें तथा की गई व्यवस्था की सूचना सभापति समिति के सचिव दूरभाष नम्बर 9451444005 पर भी अवगत कराना अपेक्षित है।

### उद्यमियों को मार्जिन मनी योजना का दिया जा रहा लाभ- उपायुक्त उद्योग

ललितपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने अवगत कराया है कि जनपद में एक जनपद एक व्यंजन वित्त पोषण योजनान्तर्गत दूध का हलवा एवं बाजरे की रोटी को व्यंजन के रूप में सम्मलित किया गया है व इस योजनान्तर्गत उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिये मार्जिन मनी योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिसकी पात्रता की शर्तों में आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिये, शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है, आवेदक को किसी भी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिये, आवेदक द्वारा भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य स्वरोजगार योजना का पूर्व में लाभ प्राप्त न किया गया हो, लाभार्थी को परियोजना लागत का 5 से 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना होगा, बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत पर नियमानुसार अधिकतम 25 प्रतिशत तक ऋण में अनुदान प्रदान किया जायेगा व आवेदन करने के लिये ऑन लाईन पोर्टल की बेवसाईट पर आप अपना आवेदन कर सकते हैं व ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ कर दिया गया है व परियोजना में अधिकतम ऋण की कोई सीमा नहीं है व लाभार्थी अधिक जानकारी के लिये उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र स्टेशन रोड में सम्पर्क कर सकते हैं।

### अमरनाथ यात्रा के लिए शिवभक्तों का जत्था रवाना



0 भूतेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद लिया बाबा का आशीर्वाद

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच(जालौन)। नगर से पवित्र अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले शिवभक्तों का जत्था दिन बुधवार सुबह करीब 8 बजे प्राचीन भूतेश्वर मंदिर से श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ यात्रा से पहले सभी श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र हुए जहां विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ भूतेश्वर महाराज का पूजन-अर्चन किया गया इस दौरान मंदिर परिसर में ष्हर-हर महादेवष् और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा तथा पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने देश प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा सभी के मंगल की कामना करते हुए बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए प्रस्थान किया यात्रा पर रवाना होने से पहले परिजनों मित्रों और स्थानीय लोगों ने शिवभक्तों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उनकी सुरक्षित एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं ने बताया कि अमरनाथ यात्रा उनके लिए आस्था विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है बाबा बर्फानी के दर्शन का सौभाग्य मिलना जीवन का एक विशेष अवसर माना जाता है यात्रा को लेकर सभी भक्तों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिली अमरनाथ यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में पवन खिलाड़ी जयप्रकाश रावत बंटे अमन टंडन सत्यम सोनी अंकित गुप्ता सचिन यादव सहित अन्य शिवभक्त शामिल रहे श्रद्धालुओं के रवाना होने के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मंदिर परिसर में मौजूद रहे और जयकारों के साथ सभी यात्रियों को विदा किया।

# बेसिक व माध्यमिक शिक्षकों को मिली 5 लाख रुपए की वार्षिक केसलेस चिकित्सा सुविधा की सौगात

**शिक्षकों के साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोईया व वार्डन हुए लाभान्वित**



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा एव डी.बी.टी. वितरण समारोह का आयोजन कल्याण सिंह सभागर में किया गया व कार्यक्रम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी तथा भाजपा जिला महामंत्री गौरव गौतम की उपस्थिति रही। इस अवसर पर वाराणसी के हस्तकला केन्द्र में आयोजित मुख्यमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया व मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ की धरा से प्रदेश को सम्बोधित करते हुए कहा कि 5 लाख रुपए की बार्षिक केसलेस चिकित्सा सुविधा से आज प्रदेश के 12 लाख शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोईया, वार्डन लाभान्वित हो रहे हैं, इसके साथ ही आज परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को उनके बैग, यूनिफार्म, पुस्तकें, जूता-मोजा आदि के लिए भी धनराशि अंतरित की गई है व उन्होंने कहा कि शिक्षकों के स्वास्थ्य की चिंता प्रदेश सरकार को है, इसलिए शिक्षकों व उनके परिवार के लिए यह योजना लॉच की गई है, इसके उपरान्त कल्याण सिंह सभागार में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों व जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा माध्यमिक शिक्षा के 10 एवं बेसिक शिक्षा के 10 शिक्षकों को चिकित्सा कार्ड प्रदान किये गए। कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारीगणों ने मुख्यमंत्री की इस पहल की प्रशंसा की, साथ ही शिक्षकों ने भी प्रदेश सरकार के इस सकारात्मक कदम के लिए धन्यवाद दिया। अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### जीआरपी थाने उरई का औचक निरीक्षण किया सीओ ने

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)।** झांसी से आए जीआरपी के सीओ सलीम खान ने जीआरपी थाने का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चोरी की रोकथाम के लिए कार्य योजना पर काम करने के लिए थाना अध्यक्ष को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति प्लेटफार्म पर आता है और वह ट्रेन में सवार होकर यात्रियों के साथ घटना को अंजाम दे सकता है। ऐसे व्यक्तियों पर विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में चल रहे एस्कॉर्ट कर्मी ट्रेन के अन्दर काम करने बाले किसी भी अधिकृत व्यक्ति की आईडी चेक कर सकते हैं। चेकिंग के दौरान अगर कोई भी फर्जी आईडी पाई जाती है तो उनके खिलाफ संबंधित थाने में विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर से लेकर प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में समय-समय पर पीए सिस्टम के माध्यम से अनाउंसमेंट कराया जाए और यात्रियों को जागरुक करते हुए यह बताया जाए कि किसी भी अनजान व्यक्ति से खानपान सामग्री ना खरीदें। हमेशा अधिकृत व्यक्ति से खाने पीने की सामग्री ही खरीदें। चोरी की घटनाओं को सार्थक करते हुए अनावरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जो भी अपराधी पकड़े गए हैं उनका फोटो यक्ष एप में फीडिंग करें। जिससे आगे घटना करते समय उनकी पहचान की जा सके। जो भी सक्रिय अपराधी हैं। और जेल से छूट हुए और पंजीकृत गैंग के मेंबर हैं। उन का फोटो सहित उनका विवरण अपने मोबाइल में प्रत्येक कर्मचारी रखें। और ड्यूटी के दौरान उस एप का प्रयोग करते रहें। जिससे अपराधियों में मैसेज चला जाए। अगर वह ट्रेन में चलते हुए कोई अपराध करते हैं। तो पुलिस की हिरासत में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग की नीति है कि अपराध को जीरो टॉयलेंस रखा जाए। जिससे यात्रि ट्रेनों में भय मुक्त तरीके से यात्रा करसके। अगर इस तरह का कोई भी अपराध होता है तो उसको तत्काल पंजीकृत करते हुए निवारण किया जाए। लंबित विवेचनाओं को समय से निपटाया जाए। आगामी गर्मी की छुट्टी का समय समाप्त हुआ है। ऐसे में ट्रेनों में यात्रियों की अधिक भीड़ चल रही है। उन्होंने ट्रेनों में समुचित प्रबंधन करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए जिससे यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान सब इंस्पेक्टर ईश्वर दीन साहू कालपी चैकी इंचार्ज संजना सिंह प्रेम कुमार कनौजिया रामनिवास आदि मौजूद रहे।

# तहसील में जलभराव से आहत अधिवक्ताओं ने इंटरलाकिंग के लिए विधायक को सौंपा पत्र



स्वतंत्र भारत ब्यूरो माधौगढ़(जालौन)। माधौगढ़ तहसील जनपद मुख्यालय से करीब पचास किलोमीटर की दूरी पर है जहां पर 256 राजस्व पंचायतों के किसान नौजवान गरीब अमीर छात्र वादकारी आदि का हर दिन तहसील से संबंधित कामों और मुकदमों की पैरवी के लिए आना होता है। तहसील परिसर में इंटरलाकिंग न होने की बजह से बरसात का पानी तहसील परिसर में भर जाता है जिसके चलते लोगों को आवागमन में भारी मशक्कत झेलनी पड़ती है। अधिवक्ताओं से लेकर वादकारियों अधिकारियों समेत अन्य लोगों को भी जल भराव के दंश को झेलना पड़ता है बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय सिंह राजावत और महामंत्री शिवनारायण पाल एडवोकेट ने दर्जनों अधिवक्ताओं के साथ एक शिकायती प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य को सम्पूर्ण समाधान दिवस में देते हुए बताया था कि तहसील परिसर माधौगढ़ में रजिस्ट्री कार्यालय के पीछे की तरफ मिट्टी के ढेर व टीनशैड द्वारा रास्ता सकरा होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी साबित हो रही है। तहसील परिसर में पड़ी गहरी जगहों में मिट्टी भराई जाए वहीं वाहनों के लिए समुचित पार्किंग का स्थान बनाया जाए, वहीं मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा कार्ड एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम में तहसील में पधारे क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन को बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय सिंह राजावत ने एक पत्र देते हुए तहसील परिसर में इंटरलाकिंग बिछवाई जाने की बात जनहित में रखी है, उन्होंने क्षेत्रीय विधायक से कहा कि तहसील में जरा भी वारिश हुई कि जलभराव हो जाता है।

इस समस्या के समाधान हेतु तहसील में ऊबड़-खाबड़ जगहों में मिट्टी भराई जाए एवं इंटरलाकिंग बिछवाई जाए जिससे कि लोगों को तहसील आने में कोई मशक्कत नहीं लेनी पड़े। इस मौके पर पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश चंद्र द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, पूर्व कोषाध्यक्ष कप्तान सिंह पाल, राजकुमार याज्ञिक, अखिलेश सविता, माता प्रसाद, राकेश श्रीवास्तव, अखिलेश दोहरे शिवकुमार गौतम, हलधर त्रिपाठी नावर धर्मेंद्र सिंह समेत अन्य अधिवक्ताओं की मौजूदगी रही है।

# डकैतों के भय वाला इलाका अब विकास की राह पर-सीएम

**राजेन्द्र सिसौदिया**

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विकास, आस्था और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। चित्रकूट इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने 950.89 करोड़ रुपये की लागत वाली 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही चित्रकूट के अतीत और वर्तमान की तुलना करते हुए कहा कि कभी डकैतों के भय और बदहाल सड़कों के लिए पहचाना जाने वाला यह क्षेत्र अब एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे और निवेश की संभावनाओं के कारण नई पहचान बना रहा है।

देवांगना स्थित एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सीधे जनसभा स्थल पहुंचे। जय श्रीराम के उद्घोष के बीच स्वागत के बाद उन्होंने बटन दबाकर परियोजनाओं का शुभारंभ किया। संबोधन की शुरुआत भी उन्होंने जय श्रीराम से की और चित्रकूट की धार्मिक महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल आध्यात्मिक नगरी नहीं, बल्कि महर्षि वाल्मीकि, गोस्वामी तुलसीदास, कामदगिरि, मंदाकिनी और सती अनुसुइया की ऊर्जा से समृद्ध पावन भूमि है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम को संकट के समय चित्रकूट ने संबल दिया और यही इस भूमि की आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह पहली बार चित्रकूट आए थे, तब यहां उपेक्षा साफ दिखाई देती थी। सड़कें खराब थीं, विकास कार्य सीमित थे और डकैतों के भय से लोग यहां आने से कतराते थे। उन्होंने कहा कि इस बार मिर्जापुर से चित्रकूट आते समय उन्हें बदली हुई तस्वीर दिखी। अब यहां एयरपोर्ट है, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जीवनरेखा बन चुका है और डिफेंस कॉरिडोर के जरिए बड़े निवेश का रास्ता खुल रहा है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट आने वाले समय में शस्त्र और शास्त्र दोनों के अनुसंधान का केंद्र बन सकता है।



■ 950.89 करोड़ की 124 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

राजनीतिक हमले के दौरान मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर ठेका, पट्टा और जमीन कब्जाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद और वंशवाद में उलझे दलों को विकास से कोई लेना-देना नहीं है। डॉक्टर राममनोहर लोहिया का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके नाम पर राजनीति करने वाले लोग सत्ता में आते ही परिवार को बढ़ाने का काम करते हैं। रामायण मेला की परंपरा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ समाजवादी अब राम से दूरी बनाकर भारत की विरासत का अपमान कर रहे हैं।

राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर भी मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि मामले में एसआईटी जांच हुई और आठ लोगों की गिरफ्तारी भी की गई, लेकिन इसके बावजूद कुछ दल पूरे ट्रस्ट और आस्था को बदनाम करने में लगे हैं। कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग कभी राम और कृष्ण को काल्पनिक बताते थे, वे अब आस्था के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि भगवान काल्पनिक हैं तो चित्रकूट, अयोध्या, मथुरा और वृंदावन जैसी आस्था स्थलों का अस्तित्व क्या है । मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब गरीबों के आवास की धनराशि में कोई डाका नहीं डाल सकता। किसानों को फसल बीमा, सिंचाई योजना और किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। उनकी उपज की खरीद हो रही है और सड़कों के जाल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित चित्रकूट दोनों जरूरी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा मुख्यमंत्री योजना के लाभार्थियों विजय कुमार और सत्यम मिश्रा को पांच-पांच लाख रुपये के डमी चेक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता सोनी और आकृति शर्मा को स्मार्टफोन, संगीता और शिवकुमारी को प्रधानमंत्री आवास की चाबी तथा मेधावी छात्र-छात्राओं बप्पारावल और मानसी को एक-एक लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

जनसभा के बाद मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यों, जनपद के विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उधर, उनके दो दिवसीय प्रवास को लेकर जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। एयरपोर्ट, सर्किट हाउस, जनसभा स्थल, कलेक्ट्रेट और कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को विशेष सुरक्षा घेरे में रखा गया और करीब दो हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री कामदगिरि परिक्रमा के बाद बांदा के लिए रवाना होंगे।

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह, विधानपरिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, बाबूलाल तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद रमेश चन्द्र द्विवेदी, भैरों प्रसाद मिश्रा, आर.के. सिंह पटेल, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, मऊ अमित द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मऊ सुशीला वर्मा, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, भाजपा नेत्री अंजू वर्मा, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल सहित सम्बन्धित जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# बांदा आवास विकास परिषद के भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओं का आरोप



**. मुख्यमंत्री से निष्पक्ष हस्तक्षेप की मांग**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** जनपद के ग्राम मवई बुजुर्ग के प्रभावित किसानों एवं ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा संचालित श्भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या.2ए बांदाश् के भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं एवं जनविरोधी कार्यप्रणाली का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में 07 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी के माध्यम से आपत्तियां प्रस्तुत की गई थींए लेकिन विभाग द्वारा उनकी बातों पर समुचित विचार नहीं किया गया। अब धारा.30 के अंतर्गत आपत्तियों की सुनवाई के लिए 16 जुलाई 2026 को शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर राजा देवी पैलेसए नरैनी रोड को बैठक स्थल बनाया गया हैए जबकि अधिग्रहण स्थल के निकट ही मैरिज हॉलए पंचायत भवन एवं सर्किट हाउस जैसी उपयुक्त सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रभावित किसानों का आरोप है कि बैठक को दूरस्थ स्थान पर आयोजित करने का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी को सीमित करना है। उनका कहना है कि वर्तमान कृषि कार्य एवं वर्षा ऋतु के कारण अधिकांश किसान इतनी दूर पहुंचने में असमर्थ रहेंगेए जिससे उनकी आपत्तियों का प्रभावी ढंग से प्रस्तुतिकरण नहीं हो सकेगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पिछले लगभग नौ माह में विभाग द्वारा प्रभावित परिवारों के साथ कोई सार्थक संवाद स्थापित नहीं किया गया और न ही उनकी प्रमुख मांगों पर विचार किया गया। प्रभावित लोगों की मांग है कि पूरे प्रभावित क्षेत्र को एक साथ रखते हुए अलग सेक्टर में शामिल किया जाए तथा अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनाई जाए। मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगें हैं। जिनमें अधिग्रहण स्थल के निकट खुली एवं सार्वजनिक बैठक आयोजित की जाए। पूरी कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग कराई जाए।मीडिया को बैठक में आमंत्रित किया जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे।मुआवजा निर्धारण एवं दरों का विस्तृत विवरण सार्वजनिक किया जाए।प्रभावित संपत्तियों एवं निर्माणों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराकर जनहित में आवश्यक कार्रवाई करने तथा प्रभावित किसानों के साथ न्याय सुनिश्चित करने की मांग की है।

## जनसभा में 30 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य.



**सदर विधायक व जिलाध्यक्ष ने किया जनसभा स्थल का निरीक्षण**

**. भाजपा पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियाँ**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बाँदा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 जुलाई को उनकी पंडित जे एन कालेज में आयोजित जन सभा को सफल बनाने के लिए भाजपा ने योजना बनाकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंप दी हैं। साथ ही बाँदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व् जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने जनसभा स्थल का निरीक्षण करते हुए बरसात के मौसम को देखते हुए सम्बन्धित अधिकारीयों को उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पार्टी कार्यालय में जिला पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि जनसभा में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना है स अभी से वाहनों को प्रमुख जगह पर पहुँचाने व् लोगों को लाने व ले जाने की व्यवस्था की चिंता करना है स जिसको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वहाँ उस काम की समुचित व्यवस्था करना है।

सभी मण्डल अध्यक्षो से कम से कम 2 . 2 हजार की संख्या लाने को कहा गया है। इस प्रकार जन सभा में लगभग 30 हजार की संख्या का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि केवल बाँदा विधान सभा से हजारों की संख्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए पहुंचेंगे। कार्यक्रम पूरी तरह सफल होगा। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठए जिला महामंत्री निखिल सक्सेनाए जिला उपाध्यक्ष आनंदी साहूए राजभवन उपाध्यायए ममता मिश्रा अमित सेठ भोलूए मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेनाए दुर्गा चौरसियाए आशीष अवस्थीए धीरेन्द्र सिंह धीरूए सुधीर सिंहए पंकज रायकवारए ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## नमामि गंगे योजना के आपरेटर पर देर रात हमला

**. तीन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो , बांदा।** जनपद के जसपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में नमामि गंगे पेयजल योजना के ऑपरेटर उमाकांत उर्फ संतोष यादव पर देर रात अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। घटना में आपरेटर घायल हो गयाए जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने जसपुरा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसारए मंगलवार देर रात करीब 11रू30 बजे संतोष यादव रोज की तरह पानी की सप्लाई बंद कर कन्या पाठशाला के पास वाल्व बंद करने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वह लाल बहादुर यादव के खेत के पास पहुंचेए तभी राम जानकी मंदिर तालाब की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवक आए। आरोप है कि पीछे बैठे एक युवक ने डंडे से उन पर हमला कर दिया। डंडे में तार फंसा होने के कारण वह संतोष यादव की शर्ट में उलझ गया और हमलावर के हाथ से छूट गया। हमले से संतोष यादव गिर पड़े और उन्हें चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर गाली.गलौज करते हुए तांगा मऊ मार्ग की ओर भाग निकले। जाते समय उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा किए ष्इस बार बच गए होए अगली बार नहीं बच पाओगे। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में तीनों संदिग्ध एक ही मोटरसाइकिल पर सवार दिखाई दिए हैं। फुटेज में उनके हाथों में डंडे भी नजर आए हैं। हालांकि बाइक की तेज हेडलाइट के कारण चेहरों की स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी है। घटना के संबंध में संतोष यादव ने जसपुरा थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में हल्का इंचार्ज एसआई धर्मराज ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी ।

# राज्यमंत्री ने किया कैशलेश कार्ड का वितरण

**. मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारम्भ**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से माननीय मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारम्भ किया। जिसमें शिक्षकोंए शिक्षामित्रों एवं रसोईयों सहित विभाग के साथ अनुबन्धित कार्मिकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि

शिक्षको द्वारा इसकी माँग कभी नहीं की गयी परन्तु सरकार ने शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुये बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के अधीन कार्यरत शिक्षक एवं अन्य कार्मिकों ;लगभग 42 लाखद्ध को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित किया है। जिससे उक्त सुविधा का लाभ सम्बन्धित को प्राप्त हो। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा डी0बी0टी0 के माध्यम से प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययूनरत एक करोड़ दस लाख छात्र.छात्राओं के अभिभावकों के खातों में रूपये 200 प्रति छात्र के हिसाब से कुल 4320 करोड़ की धनराशि हस्तांरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उक्त धनराशि का प्रयोग छात्र.छात्राओं के स्कूल बैगए जूता.मोजाए स्वेटरए यूनीफार्म में प्रयोग की जाये इस हेतु शिक्षक छात्र.छात्राओं के अभिभावकों के साथ



संवाद करके पूर्ण करायें। शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविध प्रदान करना सरकार का दायित्व है जिसमें प्रतिवर्ष लगभग रूपये 750000 करोड़ का वहन सरकार द्वारा कियाण् जायेगा । शिक्षक गुरू दक्षिणा के रूप में

छात्र.छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करें। जिससे देश के भविष्य को गढ़ा जा सके। मुख्य मंत्री द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने के बारे में भी जानकारी साझा की उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 56 लाख विद्यार्थी परीक्षा देते है जिसे नकल विहीन सम्पन्न कराया गया। उक्त परीक्षा को भविष्य में 04 माह में सम्पन्न किये जाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के फलस्वरूप जनपद के रानी दुर्गावति समागार विकास भवनए बादा में जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद द्वारा प्रतीकात्मक चिकित्सा केशलेस कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में माननीय मंत्रीए विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंहए मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेयए जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमारए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारीए एस0बी00आई0 बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान के समस्त कार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सम्मानित्त अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

## समाजसेवी शुभांशी गुप्ता जेडीयू में शामिल



**. नगर अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ बांदा की मिली जिम्मेदारी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो , बांदा।** जनता दल यूनाइटेड ;जेडीयूद्ध उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल तथा जेडीयू महिला जिला अध्यक्ष पिंकी प्रजापति की उपस्थिति में समाजसेवी शुभांशी गुप्ता ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें जेडीयू महिला प्रकोष्ठए नगर अध्यक्ष ;बांदाद्ध की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि शुभांशी गुप्ता लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़ी रही हैं और उनके पार्टी से जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि वह पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करेंगी और अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगी। महिला जिला अध्यक्ष पिंकी प्रजापति ने कहा कि जेडीयू समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और समाजसेवा की भावना रखने वाले लोगों का पार्टी में हमेशा स्वागत है। पार्टी नेतृत्व ने शुभांशी गुप्ता के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की जनहितकारी विचारधारा को जन.जन तक पहुंचाएंगी तथा जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाकर उनके समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करेंगी।

# खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नगर क्षेत्र कार्यालय के बाहर कबाड़ का ढेर

**. लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** नगर क्षेत्र स्थित खंड शिक्षा अधिकारी ;बीईओद्ध कार्यालय के मुख्य प्रवेश मार्ग पर पालिका ने अतिक्रमण में जब्त किया हुआ कबाड़ मलबा एवं अन्य सामान रखे जाने से कार्यालय आने वाले लोगों को पिछले कई दिनों से भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय परिसर में आने.जाने का रास्ता बाधित होने के कारण आम नागरिकोंए शिक्षकों तथा कर्मचारियों में नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसारए इस कार्यालय के अंतर्गत लगभग 28 प्राथमिक सरकारी विद्यालय तथा 160 निजी विद्यालय संचालित हैं। प्रतिदिन आधार कार्ड बनवानेए आधार संशोधन कराने तथा शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। लेकिन पिछले तीन.चार दिनों से प्रवेश मार्ग पर मलबा और अन्य सामान रखे होने के कारण लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को मजबूरी में अवरोध को पार कर कार्यालय तक पहुंचना पड़ रहा हैए जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही मार्ग को साफ नहीं कराया गया तो परेशानी और बढ़ सकती है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से आवागमन का रास्ता तत्काल सुचारु कराने की मांग की है। मामले में पक्ष जानने के लिए नगर पालिका



अध्यक्ष के पुत्र अंकित बासू से फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गयाए लेकिन समाचार लिखे जाने तक न तो फोन रिसीव हुआ और न ही संदेश का कोई उत्तर प्राप्त हुआ। वहींए नगर पालिका परिषद बांदा के अधिशासी अधिकारी ;ईओद्ध से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा रखा गया सामान उनके अनुसार कार्यालय परिसर के भीतर रखा गया है। उनका कहना था कि यदि मुख्य मार्ग से आने.जाने में असुविधा हो रही है तो दूसरे गेट का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनज़र शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जब्त किया गया सामान अस्थायी रूप से वहां रखा गया है। ईओ ने यह भी कहा कि यदि किसी को इस व्यवस्था पर आपत्ति है तो वह सीधे उनसे शिकायत कर सकता है। उनके अनुसारए इस विषय में पत्रकारों के माध्यम से शिकायत किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

समाचार स्थानीय लोगों की शिकायतों एवं संबंधित अधिकारी के पक्ष के आधार पर प्रकाशित किया गया है।

# ग्रामीण पत्रकार संगठन ने पूर्व तहसील अध्यक्ष को जारी किया अंतिम चेतावनी नहीं तो होगी कानूनी कार्यवाही

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**अतर्रा बांदा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने पूर्व तहसील अध्यक्ष को जारी की अंतिम चेतावनीए अनधिकृत रूप से संगठन का नाम व पद प्रयोग करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशनए उत्तर प्रदेश की जिला इकाई बांदा ने संगठन के नामए पदए लोगोए लेटरपैडए मोहर एवं बोर्ड के अनधिकृत उपयोग को लेकर पूर्व तहसील अध्यक्ष अतर्रा अवधेश शिवहरे को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया है। आप सभी को ज्ञात हो की

जिलाध्यक्ष राहुल निगम द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश एवं संगठन के संविधान के अनुरूप 12 अप्रैल 2026 को आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठनात्मक अनुशासनहीनता एवं असंवैधानिक गतिविधियों के संबंध में विचार.विमर्श किया गया था। बैठक में अवधेश शिवहरे को तहसील अध्यक्षए अतर्रा के पद से पदमुक्त ;बर्खास्तद्ध किए जाने की सूचना देते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गयाए लेकिन निर्धारित समयावधि में कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ।

इसके उपरांत 15 अप्रैल 2026 को जिलाध्यक्ष राहुल निगम की अध्यक्षता में आयोजित तहसील इकाई अतर्रा की बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से जिला महामंत्री सन्तोष कुशवाहा को प्रभारी तहसील अध्यक्षए अतर्रा नियुक्त किए जाने का अनुमोदन किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बावजूद अवधेश शिवहरे द्वारा स्वयं को तहसील अध्यक्ष बताते हुए संगठन के नामए लोगोए लेटरपैडए मोहरए पदनाम एवं बोर्ड का प्रयोग किया जा रहा है तथा प्रेस विज्ञप्तियां जारी कर सोशल मीडिया एवं अन्य सार्वजनिक मंचों पर स्वयं को संगठन का अधिकृत पदाधिकारी प्रदर्शित किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि यह कृत्य संगठन के संविधानए प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों एवं संगठनात्मक अनुशासन का उल्लंघन हैए जिससे संगठन की छवि एवं विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है।

जिलाध्यक्ष राहुल निगम ने स्पष्ट किया है कि अवधेश शिवहरे को तत्काल प्रभाव से संगठन के नामए पदए लेटरपैडए लोगोए मोहर एवं बोर्ड का उपयोग बंद करनेए अपने आवास एवं अन्य स्थानों से संगठन के बोर्ड हटाने तथा सोशल मीडिया से संगठन के नाम से जारी समस्त भ्रामक पोस्ट एवं सामग्री हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो संगठन के संविधान के अनुरूप कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ.साथ आवश्यक विधिक एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगीए जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की स्वयं की होगी।

# माँ केन की महाआरती के साथ हुआ सम्मान आवाहन का शुभारंभ

**-27 जुलाई को बांदा में निकलेगी विशाल सर्वधर्म शोभायात्राए डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा ज्ञापन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** आज जनपद बांदा में माँ केन के तट पर गंगा समग्र एवं विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ष्गौ सम्मान आवाहन अभियानष् के अंतर्गत माँ केन की महाआरती बड़े ही श्रद्धाभावए वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुई। सैकड़ों गौ भक्तों एवं गंगा प्रेमियों ने माँ केन और गौमाता की आरती कर देश में शांतिए पर्यावरण संरक्षण एवं गौ.संरक्षण का संकल्प लिया।



इसी अभियान को जन.जन तक पहुंचाने के लिए आगामी 27 जुलाई 2026ए सोमवार को प्रातः 9रू00 बजे रामलीला मैदानए महेश्वरी देवी रोडए बांदा से एक विशाल सर्वधर्म शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी को ज्ञात हो कीशोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर संपन्न होगी। यहां जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपतिए प्रधानमंत्रीए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।ज्ञापन की मुख्य मांग गौमाता को ष्राष्ट्रमाताष् का संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाएए गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगे और बेसहारा गोवंश के संरक्षण हेतु ठोस नीति बनाई जाए।सर्वधर्म एकता का संदेश इस अभियान की विशेषता यह है कि इसमें 'सभी धर्म एवं समाज के लोग बढ़.चढ़कर भाग लेंगे। लगातार मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा भी गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की जा रही है। उनका मानना है कि गौमाता भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं और इनके संरक्षण से पर्यावरणए कृषि एवं समाज सभी का भला होगा।

इसी भाव को देखते हुए इस शोभायात्रा में हिंदूए मुस्लिमए सिखए ईसाई सहित सर्व समाज के लोग एक मंच पर आएंगे और गौमाता राष्ट्रमाता के नारे के साथ राष्ट्रहित एवं गंगा.गौ रक्षा का संदेश देंगे।

गंगा समग्र के पदाधिकारी एवं गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने कहा गंगा और गौ दोनों ही हमारी सनातन संस्कृति की प्राण हैं। आज माँ केन की आरती से हमने इस अभियान का संकल्प लिया है। 27 जुलाई की शोभायात्रा सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बनेगी। हम सभी बांदा वासियों से अपील करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रमाता के संकल्प को मजबूती दें।

# फतेहपुर समाचार

**घरेलू कलह के चलते महिला ने लगाई फांसी**

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम छीत का पुरवा (मजरे गौरी) में बीती रात एक 50 वर्षीय अधेड़ महिला सुनीता देवी (पत्नी बलवीर) ने मानसिक अवसाद और लंबे समय से चल रहे पारिवारिक कलह से तंग आकर अपने घर के भीतर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। सुबह शव को फंदे से लटकता देख परिजनों के होश उड़ गए और उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया है।

– तख्त के नीचे रखी चूड़ियों को मान लिया दुकान

## बंद घर में बिजली विभाग ने जबरन घरेलू कनेक्शन को किया कमर्शियल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद के राधानगर में बिजली विभाग के कर्मचारियों की एक बेहद हैरान करने वाली तानाशाही और मनमानी का मामला सामने आया है। जहां बिजली कर्मियों ने एक बंद मकान में जबरन घरेलू कनेक्शन को कमर्शियल में तब्दील कर नया मीटर लगा दिया। दरअसल, घर के भीतर तख्त के नीचे रखी चूड़ी और महिलाओं के श्रृंगार के सामान को ही कर्मचारियों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान मान लिया और यह पूरी कार्रवाई कर डाली। पीड़ित उपभोक्ता ने बिजली विभाग के इस कृत्य को सरासर धोखा और उत्पीड़न बताते हुए जिलाधिकारी व विभागीय उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

पूरा मामला राधानगर पावर हाउस (विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय) के अंतर्गत राधानगर चौकी के पास का है। यहां के निवासी पीड़ित उपभोक्ता रामकरन (रामू) पुत्र महादेव ने अपने मकान के लिए घरेलू बिजली कनेक्शन ले रखा था, जिसका बिल वह नियमित रूप से जमा कर रहे थे। रामकरन और उनकी पत्नी कमला देवी चूड़ी बेचने का काम करते हैं। बीते दिनों दोनों पति-पत्नी दुकान की सामग्री खरीदने के लिए किसी काम से बाहर गए हुए थे और घर पर केवल उनके छोटे बच्चे सोनी, मोनी और चुनू मौजूद थे। पीड़ित का आरोप है कि उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर राधानगर पावर हाउस के कर्मचारी उनके घर में घुस गए और घर के अंदर तख्त के नीचे रखे चूड़ी व श्रृंगार के सामान को आधार बनाकर, बच्चों के विरोध के बावजूद जबरन विधा परिवर्तन करते हुए कमर्शियल मीटर ठोक दिया। बिजली कर्मियों की इस मनमानी के बाद पीड़ित उपभोक्ता ने उपखंड अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

मामले को संज्ञान में लेते हुए जब जूनियर इंजीनियर ने लाइन स्टाफ के साथ मौके का स्थलीय निरीक्षण किया, तो कर्मचारियों की इस मनमानी की पोल खुल गई। जांच अधिकारी ने अपनी लिखित आख्या में साफ तौर पर दर्ज किया कि उपभोक्ता के यहाँ मौके पर जांच की गई, जिसमें घर पर कोई दुकान संचालित नहीं पाई गई और न ही कोई व्यावसायिक उपयोग होना पाया गया। विभागीय जांच में सच सामने आने के बाद अब पीड़ित रामकरन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने और उनके कनेक्शन को तत्काल प्रभाव से पुनः घरेलू विधा में बहाल करने की मांग की है।

# खागा में तहसील स्तरीय कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

– जिला पंचायत अध्यक्ष ने बांटे कार्ड



**खागा (फतेहपुर)।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत खागा तहसील स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्थानीय रानी चंद्रप्रभा महाविद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह और उपजिलाधिकारी खागा अभिनीत कुमार ने दीप प्रज्वलन कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सत्र की शुरुआत की। इस दौरान क्षेत्र के 30 चयनित शिक्षकों व शिक्षा विभाग के कर्मियों को योजना के प्रतीकात्मक कैशलेस कार्ड वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने इस पहल को युगांतरकारी बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक और बेसिक शिक्षा विभाग के मध्य हुए हालिया समझौते का उल्लेख करते हुए बताया कि एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले कर्मियों को विभाग की ओर से कई अतिरिक्त वित्तीय लाभ और सुरक्षा सुविधाएं भी दी जाएंगी।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी हथगाम नरेंद्र सिंह ने योजना की तकनीकी बारीकियों और इसके दूरगामी लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस योजना से प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, जिससे गंभीर बीमारियों के समय उन्हें किसी भी प्रकार के वित्तीय संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, भाजपा जिला महामंत्री विमलेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह, मोदी मिशन के जिला अध्यक्ष अवधेश मिश्र, दीनदयाल उपाध्याय मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य शशिभूषण, खंड शिक्षा अधिकारी विजयीपुर रजनीश श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी धाता संजय सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ऐरायां रत्नमणि मिश्रा तथा जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बिका प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया।

## खबर एक नज़र

### शिक्षकों को वितरित किए गए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड

बिंदकी (फतेहपुर)। श्री सोहनलाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को जहानाबाद के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ कर शिक्षकों को कार्ड वितरित किए। विधायक ने कहा कि यह योजना प्रदेश के लाखों शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में सरकार का ऐतिहासिक कदम है। इसके अंतर्गत बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय के स्टाफ सहित शिक्षा विभाग के कर्मियों और उनके आश्रितों को गंभीर बीमारियों व जटिल सर्जरी के इलाज के लिए प्रति परिवार 5 लाख तक के मुफ्त कैशलेस इलाज की अभूतपूर्व सुविधा मिलेगी। समारोह में पालिका चेयरमैन पति राम कुमार साहू, सह जिला विद्यालय निरीक्षक अविनाश आनंद और बीईओ पवन कुमार द्विवेदी ने भी योजना को शिक्षक समुदाय के लिए बड़ा सुरक्षा कवच बताया। इस अवसर पर देवरी प्रधान गौरव त्रिवेदी, रीना मल्होत्रा, अमरजीत सिंह, आशीष सिंह चैहान, जगदीश, रमाकांत द्विवेदी, बलराम सिंह, अनुपम सिंह, सुधीर शुक्ला, ज्ञानेंद्र देव मिश्रा, सुनील कुमार, राजेंद्र सैनी, रहमान अंसारी, शिवम अग्रवाल, जगदीश पाल और दयाराम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### अवैध दावत का विरोध करने वाले होमगार्ड दंडित

- चोरी का आरोप लगा वेतन काटा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट परिसर में नियमों को ताक पर रखकर रात में कर्मचारियों द्वारा शराब और मुर्गा पार्टी करने का मामला सामने आया है। इस अनैतिक गतिविधि का विरोध करने और इसकी शिकायत करने पर रसूखदार कर्मचारियों ने कथित षड़यंत्र के तहत सुरक्षा में तैनात होमगार्डों को ही निशाना बना लिया। भवन की छत से सौर ऊर्जा केबल चोरी होने का आरोप लगाकर ड्यूटी पर तैनात 7 होमगार्डों का 23 जून का वेतन काट दिया गया। हैरत की बात यह है कि इस कथित चोरी की न तो पुलिस में कोई शिकायत दर्ज कराई गई और न ही कोई मुकदमा हुआ, फिर भी होमगार्डों को बिना किसी निष्पक्ष जांच के सीधे दोषी ठहरा दिया गया।

इस एकतरफा कार्रवाई ने जिले की प्रशासनिक व्यवस्था और कलेक्ट्रेट की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रात के अंधेरे में दावतें उड़ाने वाले मुख्य आरोपी कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि ईमानदारी से ड्यूटी करने वाले सुरक्षाकर्मियों को मास्टर रोल पर हस्ताक्षर करने से भी रोका जा रहा है। उच्चाधिकारियों को गुमराह कर की गई यह कार्रवाई साफ दर्शाती है कि रसूख के बल पर सुरक्षाकर्मियों की आवाज दबाई जा रही है। कलेक्ट्रेट जैसे संवेदनशील परिसर में हुई इस तथाकथित चोरी पर पर्दा डालना और असली दोषियों को बचाना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है।

### नहर में डूबने से युवक की संदिग्ध मौत

विजयीपुर/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर बड़वा में बुधवार दोपहर शौच के लिए खेतों की ओर गया 25 वर्षीय राजकुमार संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूब गया। काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने उसे नहर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक छोटेलाल के पुत्र राजकुमार की सांसें थम चुकी थीं। पांच भाइयों में सबसे छोटे युवक की इस असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने का लग रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 12 जुलाई को वृक्षारोपण महायज्ञ और 16 से 22 जुलाई तक मनेगा भूजल सप्ताह

- तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 तथा 16 से 22 जुलाई तक मनाए जाने वाले श्भूजल सप्ताहश् की पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समय रहते नर्सरियों से पौधों का उठान सुनिश्चित कर लें तथा चयनित रोपण स्थलों की जियो-टैगिंग, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने बल देकर कहा कि रोपे गए पौधों के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए भी पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

जिलाधिकारी ने इस वृहद अभियान को केवल एक शासकीय औपचारिकता न मानकर इसे व्यापक जन-आंदोलन का रूप देने की बात कही। उन्होंने विभागीय योजनाओं के समस्त लाभार्थियों को इस राष्ट्रीय पुनीत कार्य से जोड़ते हुए प्रत्येक व्यक्ति से न्यूनतम एक पौधा अवश्य रोपने की अपील की। इसके अतिरिक्त, 16 से 22 जुलाई तक संचालित होने वाले भूजल सप्ताह की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि यह अभियान इस वर्ष श्जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्पश् की मूल थीम पर जिला, ब्लॉक, नगर निकाय और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अनिवार्य रूप से 05-05 सोक पिट (सोख्ता गड्ढा) निर्मित किए जाएंगे ताकि वर्षा जल का प्रभावी संचयन हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम सहित वन विभाग और बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### शांति भंग की आशंका में विभिन्न थानों से 14 अभियुक्त गिरफ्तार

- पुलिस ने 460 वाहनों का चालान कर वसूला शमन शुल्क

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था अक्षुण्ण बनाए रखने के दृष्टिगत जिला पुलिस द्वारा अपराधियों और हुड़दंगियों के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष चेकिंग अभियान बुधवार को भी पूरी मुस्तैदी से जारी रहा। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत समाज में अशांति फैलाने और शांति भंग करने की प्रबल आशंका के चलते त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल चैदह अराजक तत्वों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत निरोधात्मक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें संबंधित मजिस्ट्रेट के न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, कोतवाली नगर से 02, गाजीपुर से 02, हथगाम से 06, किशनपुर से 02 तथा नवनिर्मित राधानगर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों के खिलाफ शांति भंग के तहत यह दंडात्मक कार्रवाई की गई। इसके साथ ही, जनपद की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत कुल 460 वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। नियमों का गंभीर उल्लंघन करने पर एक वाहन से मौके पर 1000 रुपये का शमन शुल्क नकद वसूला गया, जबकि आवश्यक प्रपत्र न होने के कारण दो वाहनों को सीज कर संबंधित थानों में खड़ा कराया गया है। पुलिस ने आमजन से कानून का पालन करने की अपील की है।

### सर्पदंश से वृद्ध किसान की मृत्यु

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चक पिहानी में बुधवार को अपने कृषि कार्य में व्यस्त एक 69 वर्षीय वृद्ध किसान रामकुमार (पुत्र स्व. शीतल) को एक अत्यंत विषैले सर्प ने डस लिया। अचेतन अवस्था में परिजन जब उन्हें आनन-फानन में उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जा रहे थे, तभी अत्यधिक विष फैल जाने के कारण रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने शव को विच्छेदन के लिए भेज दिया है। वृद्ध की असामयिक मृत्यु से परिजनों में कोहराम मचा है।

### लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए युवा बढ़-चढ़कर बनें स्नातक मतदाता- एमएलसी

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। इलाहाबाद-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव ने क्षेत्र के समस्त शिक्षित स्नातक युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की पुरजोर अपील की है।

**– शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सौगात**

# जिले के 1.85 लाख छात्रों के खातों में पहुँचे बारह-बारह सौ रुपये

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने शिक्षक समुदाय एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मियों को स्वास्थ्य सुरक्षा का सुदृढ़ कवच प्रदान करते हुए श्मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजनाश् का विधिवत शुभारंभ कर दिया है। वाराणसी के दीनदयाल हस्तकला संकुल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में देखा गया। इस योजना के अंतर्गत जिले के 7,061 शिक्षक, 2,469 शिक्षामित्र, 273 अनुदेशक, 5,704 रसोइया, 88 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय स्टाफ और 34 आईटी शिक्षकों सहित माध्यमिक शिक्षा के सहायता प्राप्त विद्यालयों के समस्त पात्र कार्मिकों एवं उनके आश्रितों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश की राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने बेसिक शिक्षा विभाग के 30 तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के 10 शिक्षकों व कर्मचारियों को प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए।

इस गरिमामयी अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कल्याण हेतु कल्याणकारी कदम उठाते हुए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से छात्रवृत्ति व शिक्षण सामग्री की राशि भी भेजी गई। जिले में कुल नामांकित 2,03,679 विद्यार्थियों में से 1,85,105 बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में ड्रेस, जूते-मोज़े, स्कूल बैग और स्टेशनरी क्रय करने के लिए 1200 रुपये प्रति छात्र की दर से धनराशि सफलतापूर्वक हस्तांतरित कर दी गई है। राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही क्षेत्रों में निरंतर ऐतिहासिक निर्णय ले रही है, जिससे परिषदीय विद्यालयों की दशा व दिशा में व्यापक सुधार हुआ है।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों से इस महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना का अविलंब लाभ उठाने के लिए शीघ्र पंजीकरण कराने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे अभिभावकों द्वारा डीबीटी धनराशि का सदुपयोग बच्चों की ड्रेस और आवश्यक शैक्षणिक सामग्री खरीदने में ही कराना सुनिश्चित करें तथा इसकी प्रभावी निगरानी भी करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या ने जिले के आंकड़ों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सहित भारी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, विभागीय अधिकारी एवं शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने इस कल्याणकारी योजना के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### छात्र-छात्राओं को वितरित की गई होम्योपैथिक दवाएं, स्वच्छता का दिया संदेश

**फतेहपुर।** वर्षा ऋतु के प्रारंभ होते ही फैलने वाली मौसमी व संक्रामक बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखने तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं औषधि वितरण अभियान का आयोजन किया गया। यह पुनीत अभियान इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संचालित हुआ। अभियान का नेतृत्व कर रहे इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय रस्तोगीगंज के 78, उच्च प्राथमिक विद्यालय महात्मा गांधी के 80 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय आदर्श खेलदार नगर क्षेत्र के 88 बच्चों सहित कुल 246 छात्र-छात्राओं को बरसाती जनित विकारों से बचाव की होम्योपैथिक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। औषधि वितरण के साथ ही डॉ. श्रीवास्तव ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए भोजन से पूर्व व शौच के पश्चात साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने, स्वच्छ पेयजल का सेवन करने और अपने आसपास जलभराव न होने देने की समझाइश दी। उन्होंने सचेत किया कि इस मौसम में थोड़ी सी भी असावधानी गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है। इस अवसर पर संबंधित विद्यालयों की प्रधानाचार्या शुभांगी पांडेय, पान कुमारी, मीनाक्षी श्रीवास्तव एवं अभिनव श्रीवास्तव आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

**सहकारिता विभाग में बड़ा धमाका**

## फतेहपुर की जाँच दबाने के लिए लखनऊ मुख्यालय में डील की सुगबुगाहट

- जवाहर पाल पर लगा सेटिंग-गेटिंग का गंभीर आरोप

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश के सहकारिता विभाग में सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को धता बताते हुए फतेहपुर में हुए नई समितियों के गठन और खाद ब्लैक मार्केटिंग घोटाले की जाँच को प्रभावित करने का एक बड़ा कथित मामला गर्माने लगा है। सूत्रों के मुताबिक, बीते एक जुलाई को लखनऊ में सूबे के सभी सहकारी बैंकों के अध्यक्षों की उच्चस्तरीय बैठक के उपरांत, फतेहपुर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित एवं उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने सहकारिता मंत्री (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार) से अलग से भेंट की। लगभग पौन घंटे तक चली इस गोपनीय और अति महत्वपूर्ण बैठक में दोनों शीर्ष पदाधिकारियों ने विभागीय भ्रष्टाचार और हाल ही में हुई जाँच में व्यापक विसंगतियों का अंदेशा जताते हुए दस्तावेजी साक्ष्य सौंपे और सहकारिता आंदोलन की शुचिता की रक्षा हेतु इस कथित दूषित जाँच आख्या को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई।

सहकारिता मंत्री को सौंपे गए शिकायती पत्र में सबसे गंभीर और सनसनीखेज आरोप सहकारिता विभाग के राज्य मुख्यालय में कार्यरत जवाहर पाल पर लगाए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता प्रभुदत्त दीक्षित और महेंद्र सिंह ने विभागीय सूत्रों के हवाले से मंत्री को अवगत कराया है कि ऐसी प्रबल संभावना है कि फतेहपुर के चिन्हित भ्रष्ट आरोपियों और विभागीय दागियों ने मुख्यालय के इसी जवाहर पाल के जरिए जाँच अधिकारी (अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक, सहकारिता) अशोक कुमार के साथ कथित तौर पर कोई सेटिंग-गेटिंग बिठा ली है। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इस जाँच को ठंडे बस्ते में डालने और आरोपियों को क्लीन चिट दिलवाने के नाम पर फतेहपुर के सहकारिता से जुड़े कुछ दागी तत्वों से मोटी रकम एकत्रित किए जाने की आशंका है। इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए यह भी बात सामने आ रही है कि जवाहर पाल को तय सौदे का कुछ हिस्सा अभी हस्तगत नहीं हो सका है, जिसके कारण उसके द्वारा वसूली बाबू गैंग के बेहद करीबी एक दागी प्रभारी सचिव को कथित रूप से बार-बार फोन कर बकाये पैसे के लिए दबाव बनाया जा रहा है, और वही प्रभारी सचिव अब अन्य सह-आरोपियों से तगादा कर मुख्यालय की इस संभावित डीलिंग को अमलीजामा पहनाने में जुटा हुआ है।ह इस पूरे प्रकरण की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए शिकायतकर्ता ने सहकारिता मंत्री को अवगत कराया कि नई समितियों के गठन में हो रही अवैध वसूली, दलाली और खाद की ब्लैक मार्केटिंग को लेकर 18 मई 2026 को एक विस्तृत शिकायत की गई थी। इसके अनुपालन में 18 जून 2026 को जाँच अधिकारी अशोक कुमार फतेहपुर आए थे, परंतु शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने निष्पक्ष जाँच करने के बजाय स्थानीय भ्रष्ट अधिकारियों के प्रभाव में आकर मूल साक्ष्यों को दरकिनार कर दिया। वर्तमान में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक कार्यालय में तैनात वसूली बाबू अनिल वर्मा द्वारा प्रत्येक नई समिति के गठन के बदले तीन से साढ़े तीन लाख रुपये की अवैध धन उगाही का संगठित नेटवर्क संचालित करने का आरोप है, जिसने कथित रूप से अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने पुत्र की समिति (बी-पैक्स जोनिहा) को नियम विरुद्ध ढंग से सबसे अधिक खाद आवंटित कराई, जिसकी खुले बाजार में ऊंची कीमतों पर ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतें आम हैं।विभागीय अराजकता की स्थिति को रेखांकित करते हुए पत्र में कहा गया है कि जिले की 72 नई समितियों में कोई नियमित सचिव तैनात नहीं है, जिससे करोड़ों रुपये के वित्तीय गबन की आशंका बनी हुई है और इसके साथ ही सहकार सारथी की नियुक्ति तथा नए सदस्यों को पासबुक वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य महीनों से लंबित पड़े हैं।

इस प्रभावित जाँच की संभावनाओं से क्षुब्ध होकर डीसीबी चेयरमैन ने मंत्री से पुरजोर मांग की है कि इस विवादित जाँच आख्या को अविलंब निरस्त किया जाए और पूरे प्रकरण की किसी स्वतंत्र विंग या उच्च स्तरीय निष्पक्ष अधिकारी से समयबद्ध पुनः जाँच कराई जाए। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि भ्रष्ट तत्वों के ऐसे आचरण से धरातल पर सरकार और पार्टी की साख पर विपरीत असर पड़ रहा है, इसलिए साक्ष्यों से छेड़छाड़ रोकने के लिए दोषी और संदेहास्पद कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जिला मुख्यालय से हटाया जाना नितांत आवश्यक है।

**नवागंतुक जेल अधीक्षक ने ग्रहण किया कार्यभार**

**फतेहपुर।** जिला कारागार आगरा से स्थानांतरित होकर आए नवागंतुक जेल अधीक्षक नागेश सिंह ने बुधवार की अपराह्न जिला कारागार फतेहपुर के जेल अधीक्षक का पदभार संभाल लिया है। वर्ष 1995 बैच के अधिकारी श्री सिंह हाल ही में जून 2026 में जेल अधीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुए हैं। उनके कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिला कारागार परिसर में जेलर जितेन्द्र कुमार यादव, उपजेलर कृपाल सिंह व प्रवीण सिंह, प्रधान सहायक माजिद अली, वरिष्ठ सहायक शिवशंकर निषाद एवं फार्मासिस्ट संजीव कुमार सहित समस्त जेल स्टाफ ने नवागंतुक अधीक्षक का फूल-माला व बुके देकर स्वागत किया।

### विहिप व बजरंग दल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ने कराया परीक्षण

बिंदकी (फतेहपुर)। विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को मोहल्ला पैगंबरपुर स्थित शिव मंदिर परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और मुफ्त दवाइयां लीं। विहिप के नगर अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा सेवा सप्ताह के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण तथा सफाई अभियान जैसे सामाजिक सरोकार के कई कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी से पहुंचे वरिष्ठ फार्मासिस्ट राजकुमार साहू एवं फार्मासिस्ट दिलीप पटेल ने मरीजों की जांच कर उन्हें औषधियां वितरित कीं। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में बजरंग दल के नगर सहसंयोजक सजल शर्मा, अभय सोनी, नगर विद्यार्थी प्रमुख नैतिक दुबे, केशव गुप्ता, अनुभव, आदर्श तिवारी, हरिओम और प्रणव द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्गों को लिफ्ट देकर जेब काटने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद के सुनसान रास्तों पर राहगीरों और विशेष रूप से बुजुर्गों को अपनी बाइक पर लिफ्ट देकर उनका ध्यान भटकाने और जेब साफ करने वाले एक बेहद शातिर गिरोह पर चांदपुर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। बुधवार तड़के गूढ़ेश्वर मंदिर के समीप हुई एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में कुख्यात शातिर अपराधी धर्मेंद्र उर्फ जेबकतरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। हालांकि, उसका एक अन्य साथी गोलू अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भागने में सफल रहा। घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस, चोरी की नगदी और वारदात में प्रयुक्त पैशन प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि चांदपुर थाना पुलिस को क्षेत्र में संदिग्ध बाइक सवारों के संचरण की गोपनीय सूचना मिली थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर सीधी फायरिंग झोंक दी। जवाबी कार्रवाई में घायल आरोपी धर्मेंद्र (पुत्र विशालू, निवासी कंजरन डेरा मजरे नोनारा, थाना जहानाबाद) के खिलाफ जनपद एवं आसपास के विभिन्न थानों में 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, फरार आरोपी गोलू (पुत्र विनोद, निवासी कंचनपुर, थाना बिंदकी) 13 गंभीर मुकदमों में नामजद और लंबे समय से वांछित चल रहा था। दोनों आरोपी बुजुर्गों की लाचारी का फायदा उठाकर उन्हें मदद के बहाने बाइक पर बैठाते थे और चंद दूरी पर उनकी गाढ़ी कमाई पार कर उन्हें उतार देते थे। पुलिस अब दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

**रात्रिकालीन अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन सख्त**

# एडीएम ने ईंट-भट्टा संचालकों को दी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद में पिछले कुछ समय से रात्रिकालीन और बिना अनुमति के अवैध मिट्टी खनन की लगातार मिल रही गंभीर शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन ने ईंट-भट्टा संचालकों के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने समस्त स्वीकृत और संचालित ईंट-भट्टा स्वामियों को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि केवल स्वीकृत गाटा संख्या के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से मिट्टी निकालना, सूर्यास्त के पश्चात अथवा रात्रि के समय खनन कार्य करना, अथवा ईंट निर्माण के इतर किसी अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु मिट्टी का परिवहन करना पूर्णतः अवैध खनन की श्रेणी में माना जाएगा।

एडीएम ने स्पष्ट किया कि शासन के 26 सितंबर 2025 के आदेश के अनुक्रम में ईंट-भट्टा सत्र 2025-26 हेतु विनियमन शुल्क अग्रिम जमा करने के उपरांत ही केवल अधिकृत पोर्टल के माध्यम से स्वीकृत गाटा संख्याओं में ईंट पथाई और पलोथन के लिए सीमित गहराई तक मिट्टी निकालने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके बावजूद कतिपय क्षेत्रों से रात के अंधेरे में पोकलैंड और जेसीबी मशीनों से अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। प्रशासन ने कड़े निर्देश जारी किए हैं कि प्रत्येक स्वीकृत खनन स्थल पर एक विस्तृत सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा, जिसमें ईंट-भट्टे का नाम, गाटा संख्या और भू-स्वामी का स्पष्ट विवरण अंकित होना चाहिए। यदि जांच के दौरान किसी भी नियम का उल्लंघन पाया गया, तो उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली 2021 के कठोर सुसंगत प्रावधानों के तहत संबंधित ईंट-भट्टा संचालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर भारी जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# राम मंदिर चंदा चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग

**स्वतंत्र भारत इटावा।** भगवान श्री राम के मंदिर में हुए दानए चढ़ावा रामधन चोरी मामले में अभी तक

### .राम भक्तों की आस्था के साथ अब और खिलवाड़ नहीं. कांग्रेस

दोषियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश एवं ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित और शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के संयुक्त नेतृत्व में एक श्सद्बुद्धि यात्राश् निकाली। जो कि अंबेडकर तिराहा बौद्ध विहार से प्रारंभ होकर विकास भवनए एसण्एसण्पी कार्यालय होते हुए गिरफ़्तार करोए गिरफ़्तार करो चंदा चोरों को गिरफ़्तार करो।। राम भक्तों के साथ खिलवाड़ए नहीं सहेगा हिंदुस्तान।। जैसे नारों के साथ कचहरी स्थित दुर्गा देवी मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।

यात्रा को संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि यह पहली बार है कि राम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार में करोड़ों के रामधन दानए चढ़ावाए ज़ेवरात के ऊपर उनके ही अपने मंदिर के रखवालों द्वारा बड़ी डकैती डाली गईय और खेद इस बात का है कि धर्म कि नाम का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार भगवान श्री राम के दोषियों को लगातार बचाने का घृणित प्रयास कर रही है। जिसके चलते कार्यवाही के नाम पर सिर्फ़ और सिर्फ ड्रामेबाज़ी की जा रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी राम भक्तों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। यात्रा में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादवए पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबेए कोमल सिंह कुशवाहा पीसीसी मेंबरए अमित त्रिपाठी अंबुजए ललित दुबेए अरुण यादवए वाचस्पति द्विवेदीए आसिफ़ जादरानए कमला वर्माए रणवीर सिंह यादवए डॉण् जितेंद्र यादवए अंसार अहमदए प्रदीप द्विवेदीए मनोज दीक्षितए आशुतोष दीक्षितए मोहनलाल प्रजापतिए दीक्षा शुक्लाए अमन तिवारीए सोहेल वारसीए रोहन सिंहए इंद्रेश यादवए अनीसए मोहम्मद इमरानए राजेंद्र सिंहए मोहम्मद रिज़वानए रोहन सिंहए एवं सदाशिव पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# अपने हकों के लिए बुनकर समाज एक प्लेटफार्म पर आया

**स्वतंत्र भारत इटावा।** बुनकर एकता समिति की बैठक में अपने हकों के लिए बुनकर समाज ने एक प्लेटफार्म

### .बैठक में बुनकर एकता समिति के पदाधिकारी नियुक्त

पर आकर बिजली बिलों की समस्या के समाधान के लिए संघर्ष का ऐलान किया। बैठक में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई। बाह अड्डा स्थित कासिम अंसारी के कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष इदरीस अंसारी ने कहा समिति बुनकर समाज के हकों की लड़ाई लड़ने के लिए संकल्पित है और बुनकरों को बिजली सम्बन्धी समस्यसों से निजात दिलाकर रहेगी। प्रदेश प्रवक्ता एवं सलाहकार क़ासिम अंसारी ने कहा जिस क़ौम का रहबर नहीं होता वह क़ौम अपनी मंज़िल तक नहीं पहुंचती। रहबर का मतलब सिर्फ़ नेता नहींए रहबर वह होता है जो अंधेरों में रोशनी दिखाएए मुश्किल वक़्त में हिम्मत देए सही और गलत का फ़र्क समझाएए लोगों को बाटने के बजाय जोड़ने का काम करे और अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज की भलाई के लिए काम करे। बुनकर एकता समिति जिस तरह बुनकरों की लड़ाई लड़ती रही है उसी तरह आगे भी लड़ेगी अगर बुनकरों के हक के लिए आंदोलन करना पड़ा तो समिति पीछे नहीं रहेगी। बुनकर नेता नफीसुल अंसारी ने कहा बुनकर समाज के हितों के लिए जो भी दल काम करेगा और बुनकरों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराएगा समाज उसी दल का साथ देगा। प्रमुख महासचिव सलाहउद्दीन अंसारी ने कहा समिति जल्द ही उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर बुनकरों की सभी समस्यायों का हल करेगी। राशिद अंसारी राजस्थान मार्वल ने कहा समिति की पहल होगी कि बिजली के साथ बुनकरों की अन्य समस्याओं का हल किया जाए। शमशुद्दीन अंसारी ने कहा समिति की कोशिश है कि 430 रुपए प्रति लूम से घटाकर 200 रूपये कर दिया जाए। समिति की बैठक में नफीसुल अंसारी को संरक्षकए शमसुद्दीन अंसारीए राशिद अंसारीए इलियास अंसारीए हाजी अखलाक अंसारी को उपाध्यक्षए मोण् मुबीनए नजीर अंसारी लल्ला को उप प्रबन्धकए राशिद अंसारी को उप महासचिवए निहालए मोण् लईक को सचिवए जीशानए शानूए दानिश को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष हाफिज मोण् रईसए प्रबन्धक शारिक अंसारीए उप प्रबन्धक मसरूर अंसारीए सगीर अहमद सचिवए असलम अंसारी उपाध्यक्षए मोण् इमरान मीडिया प्रभारीए राकेश शंखवार उप महासचिवए इरफान अहमदए मोण् जाबिरए इजहार अहमदए अमीन अंसारीए मोण् हनीफ आदि उपस्थित रहे।

## 5 ग्राम सभा में सचिव के नियुक्त की मांग की गई

**स्वतंत्र भारत छिबरामऊ कन्नौज ।** बिगत दिवस पूर्व विकासखंड क्षेत्र से ग्राम पंचायत से सचिवो का स्थानांतरण हुआ था उनके स्थान पर नई नियुक्त न होने से ग्राम सभाओं में आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बिगत दिवस पूर्व विकासखंड क्षेत्र से ग्राम पंचायत से सचिवो का स्थानांतरण हुआ था उनके स्थान पर नई नियुक्त न होने से ग्राम सभाओं में आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा है ग्रामीणों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व विकास कार्य में सचिन ना होने से भयंकर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है परिवार रजिस्टर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र मनरेगा कार्य जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे हैं ग्राम सभा जगतपुर कुंवारियापुर अहिरवा राजारमपुर मिघौली पथरा ग्राम सभा के ग्रामीणों ने शीघ्र ग्राम सचिवों की नियुक्ति की मांग की

## पिकअप घोड़ा डंपर की टक्कर से 6 घायल एक की मौत

**स्वतंत्र भारत छिबरामऊ कन्नौज ।** अलीगढ़ से गेंदा का फूल लेकर लखनऊ जा रहे व्यापारी तभी छिबरामऊ जिओ पेट्रोल पंप के सामने घोड़ा डंपर में पिकअप की टक्कर हुई जिसमें एक की मृत्यु छे घायल हुए। अलीगढ़ के व्यापारी गेंदा का फूल लेकर पिकअप से लखनऊ जा रहे थे तभी दी34 छिबरामऊ जिओ पेट्रोल पंप के सामने घोड़ा डंपर से पिकअप की टक्कर हुई जिसमें पिकअप चालक सहित 6 लोग घायल हुए एक व्यापारी उपचार के दौरान 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं दम तोड़ दिया चालक सहित पांच व्यापारियों को रेफर किया गया मृतक के सबको पुलिस ने पांच नाम भरकर सबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## विधायक ने नीम करौरी संकिसा के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन बस सेवा के तहत फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टैंड से मोहम्मदाबाद से धार्मिक पर्यटन स्थल नीम करौरी तथा बौद्ध पर्यटन स्थल संकिसा बसंतपुर के लिए नई बस को झंडी दिखाकर रवाना किया रोडवेज पर एक सादा समारोह में उन्होंने कहा कि बाबा लक्ष्मण दास नगरी नीम करौरी तथा संकिसा स्थित बौद्ध पर्यटन स्थल के लिए प्रदेश सरकार की ओर से बस सेवा शुरू की गई है इसके चलने से दूर दराज से आने वाले तीर्थ यात्रियों को परिवहन की सुविधा मिलेगी और किराए भी कम लगेगा।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किया एनडीआरएफ टीम की तैयारी का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में पूर्व मानसून तैनाती अंतर्गत गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में एन डी आर एफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रभावी एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक कौशल प्रदान किया गया जिलाधिकरी ने जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक समयबद्ध ढंग से राहत सामग्री पहुंचाई जाए तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिंचाई राजस्व पुलिस स्वास्थ्य नगर पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। संवेदनशील तटबंधों एवं जलस्तर पर निरंतर निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि नावों मोटरबोट गोताखोरों एवं अन्य बचाव संसाधनों को पूर्णतः क्रियाशील रखा जाए। जिन क्षेत्रों में आवागमन बाधित है वहां आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें प्रशासन द्वारा जारी दिशा.निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों अथवा नियंत्रण कक्ष को दें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा एवं सहायता के लिए पूरी तरह तत्पर है।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण स्प्लिंटिंग सीपीआर श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक आपातकालीन एवं गैर.आपातकालीन निकासी की विधियाँ बाढ़ के दौरान उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी उपकरण तैयार करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गईए इसके अतिरिक्त आपदा मोचक टीम ने सभी तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया जिससे विद्यालय के बच्चों ने आपदा की स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा तथा सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल अर्जित किए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गंगा नदी एवं रामगंगा के किनारे स्थित ग्रामीण क्षेत्र का निरीक्षण किया निरीक्षण में उन्होंने अमृतपुर तहसील स्थित ग्राम अलहदापुर भटौली कड़क्का बांध एवं पांचाल घाट पर टीम की तैयारी का जायजा लिया यहां पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति के समय 8 से 10 कार्मिकों की तैनाती बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के आसपास रहती है जिससे बाढ़ के समय पीड़ितों को रेस्क्यू किया जा सके। मौके पर एन डी आर एफ की टीम ने मॉकड्रिल भी किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह उप जिलाधिकारी अमृतपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलैस चिकित्सा का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत** चकरनगर इटावा। सरकार ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलैस चिकित्सा योजना का किया गया शुभारंभ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलैस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत भारी मानदेय वृद्धि और 1320 करोड़ रुपए की धनराशि का डीवीटी के माध्यम से सीधा अंतरण शामिल किया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक पत्र छात्र के अभिभावकों को यूनिफॉर्मए जूताए मोजाए स्वेटरए स्कूल बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 रूपए की वित्त सहायता और 12 लाख से अधिक बेसिक और माध्यमिक शिक्षकोंए शिक्षामित्रोंए अनुदेशकों को 5 लाख रुपए तक की कैसलैस चिकित्सा योजना परिवार जनों सहित सभी को मिलेगा।

## जागरूकता व डीबीटी वेरिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत इटावा।** ऊर्जा स्त्रोत राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग डीबीटी कैशलेस जागरूकता एवं डीबीटी वेरिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा संबोधित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रेरणा सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियोंए शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकोंए शिक्षामित्रोंए रसोइयोंए अनुदेशकों एवं अन्य संविदा कर्मियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में बच्चों का भविष्य संवार रहे हैंए वे समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को वे हृदय से बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना केवल कर्मचारियों तक सीमित नहीं हैए बल्कि पूरे परिवार को सुरक्षा प्रदान करने वाली योजना है। इस योजना के अंतर्गत जनपद इटावा में शिक्षक परिवारों के 4929ए रसोइया परिवारों के 3450ए शिक्षामित्र परिवारों के 1286ए अनुदेशक परिवारों के 102ए विशेष शिक्षकों के 28 तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के अंशकालिक एवं पूर्णकालिक शिक्षकों के 17 परिवारों सहित कुल 9812 परिवारों को योजना से आच्छादित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा अन्नू गुप्ताए जिला पंचायत सदस्य सचिन यादवए महामंत्री भाजपा सतेंद्र राजपूतए मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतमए जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंहए बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉण् राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।

## डीएम ने एडीएम एसडीएम के साथ जमीन का निरीक्षण किया

**स्वतंत्र भारत इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने तहसील सदर के ग्राम बुलाकीपुर लुहन्ना में अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सदर के साथ भूमि पैमाइश जीएनएसएस तकनीक के माध्यम से की जा रही जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूमि पैमाइश की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से भूमि पैमाइश अधिक सटीकए पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जा सकती हैए जिससे राजस्व संबंधी विवादों में कमी आएगी तथा आमजन को त्वरित एवं निष्पक्ष सेवाएं प्राप्त होंगी।जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोवर तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए प्रत्येक पैमाइश निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए।


### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट नर्वल कानपुर नगर
विभाजन वाद सं. टी202503410402394
अनिल कुमार त्रिपाठी आदि बनाम सतीश कुमार त्रिपाठी आदि
धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 मौजा टिकरा पैगम्बरपुर तहसील व परगना नर्वल जिला कानपुर नगर
[illegible]

सी.आर.- 690/K-CN

### अदालती सूचना

विवादकों के विरुद्धकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
In the Court of Civil Judge (S.D.)/F.T.C. Kanpur Nagar.
Suit No. 1842 of 2022
1. Satya Narain Singh, aged about 63 years, adult son of Sri Ram Sharan Singh, resident of 44/5, H.A.L. Colony, Tehsil & District Kanpur Nagar. Mo: 9935153383, 2. Fakir Dutt Singh, aged about 64 years, adult son of Late Sri Kanhaiya Bukh Singh, resident of House No. 716, Block-C, Shyam Nagar, Kanpur Nagar.....Plaintiffs
Versus-1. Vimal Kumar Yadav adult son of Late Ram Candra Yadav, resident of Plot No- 1, file no. 1581, Mangla Vihar-2, Ram Nagar Gali, Daheli Sujanpur, Kanpur Nagar. 2. Dilip Kumar Ojha adult son of Hanuman Prasad Ojha, resident of House no. 184, Block-N, Kidwai Nagar, Kanpur Nagar. 3. Surendra Kumar adult son of Late Ram Chandra Yadav, resident of village Post Ber, Bharathana, District Etawah.....Defendants
Suit for Permanent Injunction under Section 37 and 39 of Specific Relief Act
[illegible]

सी.आर.- 690/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर
वाद सं० 1756 सन् 2025
[illegible]

सी.आर.- 690/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 01 कानपुर नगर
वाद सं० 569 वर्ष 2025
[illegible]

सी.आर.- 690/K-CN

### सूचना

मैं रणधीर सिंह पुत्र अतिबल सिंह नि. ग्राम खरगपुर तहसील बिल्हौर जि. कानपुर नगर अपने पुत्र नीरज सिंह व पुत्रवधू शालिनी सिंह के [illegible] करता हूं इनके नैतिक और अनैतिक कार्यों की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों से कोई सरोकार नहीं है।(45)

सी.आर.- 690/K-45

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी [illegible] कानपुर [illegible]
वाद सं. 1363 / 2026
[illegible]

सी.आर.- 690/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 महोदय कानपुर नगर
वाद संख्या– 1847 सन्– 2025
[illegible]

सी.आर.- 690/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय उन्नाव
मुकदमा नं. 1094 / 2024
[illegible]

सी.आर.- 690/K-CN



### उत्तर मध्य रेलवे

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर मध्य रेलवे के जूही (MDDTI), कानपुर रेलवे स्टेशन के पास नीचे दिए गये खंड में जूही सब स्टेशन दिनांक 28/07/2026 या उसके बाद ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। इस तारीख से जूही सब स्टेशन को हर समय ऊर्जीकृत लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

**खंड/कार्य का नाम:** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल के अंतर्गत जूही (MDDTI), कानपुर स्थित सब स्टेशन के 2x5 MVA ट्रांसफॉर्मर के माध्यम से जूही (MDDTI), कानपुर में 33/11 KV सबस्टेशन के उपकरणों का विद्युतीकरण एवं ऊर्जीकरण।

**किलोमीटर / लोकेशन / चैनेज से - तक**

जूही (MDDTI) सब-स्टेशन कानपुर से जूही (MDDTI) सब-स्टेशन कानपुर तक

**ऊर्जीकृत करने की तिथि:- 28.07.2026**

1565/26(D) उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/परियोजना उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

### आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मण्डल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - मानिकपुर खण्ड के बदौसा, अतर्रा एवं खुरहण्ड स्टेशन पर दोहरीकरण के कार्य हेतु किये जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन एवं रेग्युलेशन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 11801 | ग्वालियर - प्रयागराज | प्रतिदिन | 22.07.2026 से 23.07.2026 |
| 11802 | प्रयागराज - ग्वालियर | प्रतिदिन | 23.07.2026 से 24.07.2026 |
| 64601 | मानिकपुर - कानपुर सेंट्रल | प्रतिदिन | 21.07.2026 से 23.07.2026 |
| 64602 | कानपुर सेंट्रल - मानिकपुर | प्रतिदिन | 21.07.2026 से 23.07.2026 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति | आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन के स्टेशन | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 14109 | चित्रकूट धाम कर्वी - कानपुर सेंट्रल | प्रतिदिन | बाँदा | 22.07.2026 से 23.07.2026 |
| 14110 | कानपुर सेंट्रल - चित्रकूट धाम कर्वी | प्रतिदिन | बाँदा | 22.07.2026 से 23.07.2026 |

**रेलगाड़ियों का रेग्युलेशन**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | रेग्युलेशन का स्थान एवं समय | रेग्युलेशन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 18203 | दुर्ग - कानपुर सेंट्रल | झाँसी मण्डल में 40 मिनट | 13.07.2026, 15.07.2026, 22.07.2026 |
| | | वेस्ट सेंट्रल रेलवे 120 मिनट | 20.07.2026 |
| 19484 | सहरसा - अहमदाबाद | झाँसी मण्डल में 60 मिनट | 14.07.2026, 16.07.2026, 18.07.2026, 20.07.2026 |
| 26506 | बनारस - खजुराहो | झाँसी मण्डल में 40 मिनट | 14.07.2026, 18.07.2026, 20.07.2026 |
| 12175 | हावड़ा-ग्वालियर | झाँसी मण्डल में 40 मिनट | 16.07.2026, 20.07.2026 |
| 12177 | हावड़ा-मथुरा | झाँसी मण्डल में 40 मिनट | 18.07.2026 |
| 20975 | हावड़ा-आगरा कैंट | झाँसी मण्डल में 15 मिनट | 15.07.2026, 22.07.2026 |
| 64602 | कानपुर सेंट्रल - मानिकपुर | झाँसी मण्डल में 70 मिनट | 14.07.2026, 16.07.2026, 18.07.2026, 20.07.2026 |
| 11802 | प्रयागराज - ग्वालियर | झाँसी मण्डल में 30 मिनट | 14.07.2026, 16.07.2026, 18.07.2026, 20.07.2026 |
| 01025 | डॉ. अम्बेडकर नगर - बलिया | झाँसी मण्डल में 180 मिनट | 23.07.2026 |

नोट : विलंब से चल रही अथवा निर्धारित पथ से बाहर संचालित रेलगाड़ियों का आवश्यकतानुसार विनियमन (Regulation) किया जायेगा।

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बंधित जानकारी हेतु रेलमदद 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1547/26(AS)

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. 4920262027-114 दिनांक: 06.07.2026

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदा प्रपत्र पर दिनांक 29.07.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

**निविदा सं.:** 114, **कार्यों का विवरण:** [illegible]

| | |
|---|---|
| अनुमानित मूल्य (₹): 5,85,51,397.34 | अग्रिम धन राशि मूल्य (₹) 11,71,000.00 |
| कार्य समापन की अवधि: 12 माह। | निविदा खुलने की तिथि: 29.07.2026 |
| पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिविल कार्य: [illegible] | |

नोट: (1) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक 29.07.2026 तक उपलब्ध है। [illegible] (5) निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailway.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। [illegible] (7) ऑनलाइन निविदा दिनांक 29.07.2026, 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। [illegible]

1553/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533


E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, बृहस्पतिवार, 9 जुलाई 2026

# नाटो सहयोगियों पर बिफरे राष्ट्रपति ट्रंप




**वॉशिंगटन।** ईरान को लेकर हुए हालिया सैन्य अभियान के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगियों के रवैये पर खुलकर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने

- बोले मैं इनकी परीक्षा ले रहा था
- नाटो में एकजुटता पर नई बहस छिड़ी

कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सहयोगी देशों की परीक्षा ले रहे थे कि संकट की घड़ी में कौन अमेरिका के साथ खड़ा होता है। उनका कहना है कि नाटो के कई देशों ने जिस तरह का रुख अपनाया, उससे वह बेहद निराश हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब तुर्किये की राजधानी अंकारा में नाटो नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है।

ट्रंप ने तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्हें किसी सैन्य मदद की जरूरत नहीं थी, लेकिन वह यह देखना चाहते थे कि अमेरिका के सहयोगी कितने भरोसेमंद हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से अपने सहयोगियों की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाता रहा है, लेकिन अब यह सवाल उठता है कि जरूरत पड़ने पर क्या वही देश अमेरिका के लिए भी खड़े होंगे। ट्रंप के इस बयान ने नाटो के भीतर एकजुटता और आपसी भरोसे पर नई बहस छेड़ दी है।

ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान कुछ सहयोगी देशों ने अमेरिका को पूरा समर्थन नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ देशों ने अमेरिकी हमलों के लिए अपने हवाई अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए भी कई सहयोगी देशों ने सैन्य संसाधन भेजने से इनकार कर दिया। ट्रंप का कहना है कि इसी वजह से उन्हें लगा कि नाटो के सभी सदस्य संकट की घड़ी में समान रूप से साथ नहीं देते। उन्होंने कहा, मैं लोगों की परीक्षा ले रहा था और मैं नाटो से बहुत निराश हूं।

ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका की रणनीति का समर्थन नहीं किया। ट्रंप के मुताबिक, मेलोनी ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान से जुड़े अभियान में शामिल होने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के रिश्तों में कुछ दूरी आई। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि वह मेलोनी को व्यक्तिगत रूप से पसंद करते हैं और उन्हें अच्छा इंसान मानते हैं, लेकिन इस मामले में उन्होंने गलत फैसला लिया। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूरोप के कई देश खाड़ी क्षेत्र के तेल पर निर्भर हैं, जबकि अमेरिका के पास पर्याप्त तेल संसाधन हैं और उसे होर्मुज पर अपनी जरूरतों के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ता।

# अमेरिका का ईरान को बड़ा झटका

## तेल बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस किया रद्द

**दुबई।** अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस रद्द कर दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। वित्त विभाग ने पिछले महीने 60 दिनों के लिए यह लाइसेंस जारी किया था। दोनों देशों के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए हुए अंतरिम समझौते के तहत ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में यह छूट दी गई थी। हालांकि, वित्त विभाग के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि लाइसेंस किस वजह से रद्द किया गया। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ब्रिटिश सेना ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन तेल टैंकरों पर ड्रोन हमला किया गया।

यह हाल के दिनों में इस अहम समुद्री मार्ग से गुजर रहे जहाजों पर हुआ ताजा हमला है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। पश्चिम एशिया में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए बातचीत भी जारी है। हालांकि, अमेरिका के इस फैसले के बाद ईरान के साथ हुए उसके हालिया समझौते पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं। यह समझौता कितने दिन तक कायम रहेगा, इसे लेकर असमंजस बरकरार है।

# यूक्रेन युद्ध : पुतिन और जेलेंस्की दोनों चाहते हैं समाधान

**अंकारा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई है। उन्होंने

- नाटो समिट में बोले ट्रंप



कहा कि इस संघर्ष को लेकर उनके आकलन में कोई बदलाव नहीं आया है। तुर्की की राजधानी अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ बातचीत करते हुए ट्रंप ने यह बयान दिया। ट्रंप ने बताया कि एक दिन पहले उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई थी। इसके अलावा उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी बात की है। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि वे दोनों ही समझौता करना चाहते हैं। यह बहुत दुखद है कि इसमें इतना लंबा समय लगा, लेकिन मुझे लगता है कि जल्द ही कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या पुतिन के किसी समझौते के लिए तैयार होने जैसी कोई बात हुई है जिससे वह इतने आशावादी दिख रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि उनके विचारों में कभी कोई बदलाव नहीं आया है। ट्रंप ने कहा कि वह केवल लोगों को मरते हुए नहीं देखना चाहते। उन्होंने युद्ध के मैदान की तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है। लोग विश्वास नहीं करेंगे कि यह कितनी हिंसक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा है, यह एक नरसंहार है और इसे रुकना चाहिए।

# शारजाह से पाकिस्तान के कराची जा रहा कार्गो विमान लापता

**शारजाह।** शारजाह से पाकिस्तान के कराजी जा रहे बोइंग 737 मालवाहक विमान का हवाई यातायात नियंत्रण एटीसी से संपर्क

- क्या समुद्र में गिरा बोइंग 737

टूट गया। विमान के पायलट ने पहले नेविगेशन सिस्टम में खराबी की जानकारी दी थी। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। विमान में पांच चालक दल के सदस्य सवार थे। पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि के2 एयरवेज द्वारा संचालित 27 साल पुराने परिवर्तित मालवाहक विमान ने कराची की ओर उड़ान भरते समय पाकिस्तानी मानक समय के अनुसार मंगलवार रात 9.18 बजे नेविगेशन सिस्टम में खराबी की सूचना दी। अधिकारियों के अनुसार, समस्या की सूचना मिलने के बाद स्थानीय हवाई यातायात नियंत्रकों ने विमान को निर्देशित करने का प्रयास किया। हालांकि, रडार सिस्टम ने लगभग तीन मिनट बाद विमान को तेजी से नीचे उतरते हुए दिखाया और विमान से संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने बताया कि उस समय विमान कराची से लगभग 155 समुद्री मील (287 किमी) पश्चिम में था।

# एलएनजी लदे कतर के जहाज पर होर्मुज में हमला

**दोहा।** एलएनजी लेकर आ रहे टैंकर जहाज-अल रकियात पर होर्मुज में हमला किया गया। विशाल एलएनजी जहाज कतर के रास लफ्फान बंदरगाह

- किसी के घायल होने की खबर नहीं



से गुजरात के दहेज के लिए रवाना हुआ था। 7 जुलाई को अरब सागर और ओमान की खाड़ी के मिलन बिंदु के पास ट्रांजिट के दौरान जहाज पर संदिग्ध ड्रोन से हमला किया गया। इस संबंध में कतर के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी किया। कतर ने ईरान के उप-राजदूत को तलब कर टैंकर-अल-रकियात को निशाना बनाए जाने के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विरोध दर्ज कराते हुए कतर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास से गुजरते समय टैंकर को निशाना बनाया जाना निंदनीय है।

यह हमला अंतरराष्ट्रीय नौवहन (नेविगेशन) सुरक्षा कानून का गंभीर उल्लंघन है। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा पैदा हो गया है। टैंकर पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों का भु स्पष्ट उल्लंघन है। कतर ने साफ किया है कि वह अपने हितों और संपत्तियों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उचित कदम उठाने के अधिकार का इस्तेमाल करेगा। ईरान से इस घटना के बारे में तत्काल स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, ये सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने और अंतरराष्ट्रीय कानून के संबंधित नियमों का पूरी तरह से पालन करने की अपील भी की गई है।

# भारत ने जेसन मिलर की फर्म के साथ बढ़ाया लॉबिंग अनुबंध

**वॉशिंगटन।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी जेसन मिलर की फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के साथ अपना लॉबिंग अनुबंध बढ़ा दिया है। फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (फारा) के तहत सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों के अनुसार, यह नया अनुबंध 24 अप्रैल को हस्ताक्षरित हुआ और यह 23 अप्रैल 2027 तक चलेगा। इसके लिए भारत हर महीने 1,50,000 डॉलर (सालाना 18 लाख डॉलर) का भुगतान करेगा। भारतीय दूतावास ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के ठीक बाद इस फर्म को काम पर रखा था। यह फर्म अमेरिकी सरकार, कांग्रेस और अन्य संस्थानों के समक्ष नीतिगत मामलों पर रणनीतिक सलाह और सरकारी संबंधों में मदद देती है। दस्तावेजों के अनुसार, मिलर ने इस साल 25 जनवरी से दो फरवरी के बीच ट्रंप प्रशासन के कई बड़े अधिकारियों जैसे जेमिसन ग्रीर, स्कॉट बेसेंट, हॉवर्ड लटनिक और सूसी वाइल्स से फोन पर बात की। इसके बाद दो फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत के बाद दोनों देशों ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा की थी। इसके अलावा, मिलर ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर प्रतिबंधों से छूट के मामले में भी अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क किया था।

# 'अब धौंस जमाने और जबरन वसूली का दौर नहीं'

**तेहरान।** क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच, ईरान के शीर्ष वार्ताकार और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने वाशिंगटन पर कड़ा

- ईरानी संसद के स्पीकर की दो-टूक
- अमेरिका पर आरोप लगाए

प्रहार किया। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से द्विपक्षीय समझौतों के कई उल्लंघनों का विस्तृत विवरण दिया है। एक्स पोस्ट में, वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने अमेरिकी प्रशासन की ओर से किए गए समझौता ज्ञापन के कई प्रमुख उल्लंघनों को गिनाया, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक प्रतिबद्धताओं में गंभीर दरार का संकेत देता है। संसद अध्यक्ष के अनुसार, इन अमेरिकी कार्रवाइयों में जलडमरूमध्य में ईरानी समायोजन का उल्लंघन, आगे और हमलों की लगातार धमकियां, तेल प्रतिबंधों को फिर से लागू करना, दक्षिणी ईरान पर हमले और लेबनान में जायोनी आक्रामकता का जारी रहना शामिल हैं। गालिबाफ ने आगे कहा धमकी और जबरन वसूली का युग समाप्त हो गया है। इससे कुछ हासिल नहीं होता। हम झुकेंगे नहीं। तेहरान की यह तीखी बयानबाजी वाली जवाबी प्रतिक्रिया, समुद्री क्षेत्र में हुई ताजा घटनाओं के बाद अमेरिका द्वारा ईरानी ठिकानों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू करने के साथ, शत्रुता में नाटकीय वृद्धि की सीधी प्रतिक्रिया है।

भारी बमबारी के परिचालन संबंधी विवरण प्रदान करते हुए, अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि उसने 7 जुलाई को जवाबी हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया, जिसमें ईरान के अंदर 80 से अधिक सैन्य ठिकानों पर सटीक निर्देशित गोला-बारूद से हमला किया गया। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इन लक्षित अभियानों का मुख्य उद्देश्य तेहरान की समुद्री आक्रमण क्षमताओं को नष्ट करना था। कई घंटों तक चले इस अभियान के दौरान जिन लक्ष्यों को नष्ट किया गया उनमें कमान और नियंत्रण नेटवर्क, वायु रक्षा तंत्र, तटीय रडार प्रतिष्ठान, जहाज-रोधी मिसाइल स्थल और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की 60 से अधिक छोटी नौकाएं शामिल थीं। रक्षा प्रतिष्ठान ने दावा किया कि इस विशाल अभियान का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक गलियारे में व्यापारिक जहाजों के खिलाफ और अधिक व्यवधान पैदा करने की तेहरान की क्षमता को व्यवस्थित रूप से कमजोर करना था।

# तुर्किये पर लगे प्रतिबंध हटाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार तुर्किये पर लगाए गए प्रतिबंध हटाएगी। साथ ही, तुर्किये को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने के प्रस्ताव पर भी फैसला लिया जाएगा। ट्रंप ने यह बात नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्किये के राष्ट्रपति रेसप तैयप एर्दोगन से मुलाकात शुरू होने से पहले पत्रकारों से कही। तुर्किये को अमेरिकी कार्यक्रम में पूरी तरह से वापस शामिल करने से पहले अब भी कई कानूनी अड़चनें हैं, लेकिन 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' (सीएएटीएसए) के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने से अंकारा के लिए एफ-35 तक फिर से पहुंच हासिल करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। यह तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का एक मुख्य लक्ष्य है और ट्रंप ने भी भविष्यवाणी की थी कि आखिरकार ऐसा होगा। ट्रंप से जब अमेरिका के प्रतिबंधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम प्रतिबंध हटा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफ-35 लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री पर भी जल्द फैसला किया जाएगा। इसके अलावा एर्दोगन के साथ व्यापारिक संबंधों पर भी चर्चा होगी।

# यूएन मुख्यालय के पास खाली कराया भारतीय मिशन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के पास स्थित भारत के स्थायी मिशन के परिसर को मंगलवार को एहतियातन खाली करा लिया गया। इसकी वजह पास में निर्माणाधीन एक 37 मंजिला इमारत में आए गंभीर संरचनात्मक दोष हैं, जिससे उसके आंशिक रूप से ढहने का खतरा पैदा हो गया है। मिडटाउन मैनहट्टन के इस इलाके में कई इमारतों को भी खाली कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और भारतीय मिशन में तैनात सभी राजनयिक तथा उनके परिवार सुरक्षित हैं।

भारत का स्थायी मिशन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से महज एक ब्लॉक की दूरी पर स्थित है। इस इमारत में मिशन के कार्यालयों के साथ-साथ भारतीय राजनयिकों और अन्य अधिकारियों के आवास भी हैं। एहतियात के तौर

- गंभीर संरचनात्मक दोष के कारण आंशिक रूप से ढहने का खतरा

पर पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। सूत्रों के मुताबिक सभी भारतीय अधिकारी और उनके परिवार सुरक्षित हैं तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय मिशन 27 मंजिला लाल ग्रेनाइट की इमारत में संचालित होता है, जिसका निर्माण वर्ष 1993 में हुआ था। इस भवन का डिजाइन प्रसिद्ध भारतीय वास्तुकार चार्ल्स कोरिया ने तैयार किया था। यह इमारत सेकंड एवेन्यू के पास 43वीं और 44वीं स्ट्रीट के बीच स्थित है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने घटना को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है और निर्माण स्थल पर मौजूद सभी मजदूरों का पता लगा लिया गया है। ममदानी के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे (स्थानीय समय) न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट को मैनहट्टन की 42वीं स्ट्रीट पर सेकंड और थर्ड एवेन्यू के बीच स्थित एक सक्रिय निर्माण स्थल पर संरचनात्मक समस्या की सूचना मिली थी।

# मेटा पर चार अमेरिकी प्रांतों ने दर्ज कराया मामला

## युवाओं को लत लगाने में मांगा 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के चार प्रांत कंपनी पर 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना लगाने की मांग कर रहे हैं। कंपनी पर आरोप है कि उसने अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म को इस तरह से डिजाइन किया है कि युवा यूजर्स इसकी लत लगा बैठें और उनकी सुरक्षा के बारे में जनता को गुमराह किया। मेटा प्लेटफॉर्म्स ने अदालत में यह आंकड़ा अटॉर्नी जनरल की उन फाइलिंग के जवाब में पेश किया, जिनमें कह था कि यदि राज्य ट्रायल जीतते हैं तो जुर्माने की गणना कैसे होनी चाहिए। इस आंकड़े का खुलासा पहले कभी नहीं हुआ। यह मेटा के 1.5 खरब डॉलर की बाजार पूंजी के करीब है। ये दावे कैलिफोर्निया, कोलोराडो, केंटकी और न्यूजर्सी में हुए हैं। मेटा ने कहा, यह रकम सबूतों पर आधारित नहीं है। उपभोक्ता संरक्षण के इतिहास में ऐसे दण्ड का कोई उदाहरण नहीं है। फाइलिंग के बाद अटॉर्नी जनरल के प्रतिनिधियों ने कोई टिप्पणी नहीं की। राज्यों ने कहा कि उल्लंघनों की संख्या मेटा की गतिविधियों से प्रभावित किशोरों और युवा यूजर्स की अनुमानित संख्या पर आधारित है। मेटा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्लेटफॉर्म के लत की बात सही नहीं लगती। 14 और राज्यों ने अपने कानूनों के तहत दावे किए हैं, जिनकी सुनवाई फरवरी में अलग ट्रायल में होगी।

# यूएस में सतिंदरजीत सिंह पर 50 हजार डॉलर का इनाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने बुधवार को गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह, उर्फ गोल्डी बरार की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर तक के इनाम की घोषणा की। गोल्डी बरार पर लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में शामिल होने का आरोप है और वह कई मामलों में वांछित है।

सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इनाम की घोषणा करते हुए, संघीय जांच एजेंसी ने कहा, एफबीआई सतिंदरजीत सिंह की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 डॉलर तक का इनाम दे रही है। सिंह लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में कथित तौर पर शामिल होने के कारण वांछित है। यह ग्रुप दक्षिणी कैलिफोर्निया और पूरे अमेरिका और कनाडा में कई

- गोल्डी बरार पर लॉरेंस से तार जुड़े होने के आरोप

हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। एफबीआई के अनुसार, गोल्डी बरार अमेरिका में रहता है और कथित तौर पर उत्तरी अमेरिका में लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप के कामकाज का लीडर है। एक बयान में, फेडरल एजेंसी ने कहा, 1 जुलाई, 2026 को, लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की अमेरिकी जिला अदालत में सिंह के लिए एक फेडरल गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

उस पर रैकेटीयर इन्फ्लुएंस्ड एंड करप्ट ऑर्गनाइज़ेशन्स साजिश; जबरन वसूली के जरिए व्यापार में बाधा डालने की साजिश और बाधा डालने की कोशिश; और नशीले पदार्थों को बांटने और बांटने के इरादे से अपने पास रखने की साजिश के आरोप लगाए गए थे। एफबीआई ने आगे कहा कि सिंह के कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो और फ्रेस्नो के साथ-साथ कनाडा, भारत और मैक्सिको में भी संबंध हैं। इसके साथ ही गोल्डी पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है।

आस्था

## पीएम मोदी बोले यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध

# इंडोनेशिया में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय धुन



**जकार्ता।** प्रधानमंत्री मोदी के प्रम्बानन मंदिर दौरे के बाद पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति सुबियांतो ने 2029 से पहले जीर्णोद्धार पूरा करने का वादा लिया है। वे योजना बनाकर काम करते हैं, ऐसे में पूरा भरोसा है कि काम पूरा होगा और वे इंडोनेशिया आकर एकसाथ इसका जश्न मनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस गौरवशाली स्थल के जीर्णोद्धार का हिस्सा बनने को लेकर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है। संयुक्त संरक्षण परियोजना में भारतीय पक्ष से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) प्रमुख एजेंसी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को जोड़ती है।

इंडोनेशिया के लोग प्रम्बानन मंदिर परिसर की महान विरासत को संरक्षित करने के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। संयुक्त संरक्षण परियोजना के उद्घाटन का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मैंने जो बातचीत सुनी है, उससे पता चलता है कि यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध है। वह सुगंध जिसे हम भारत की धरती पर हर पल महसूस करते हैं। यह सुगंध, यह सांस्कृतिक विरासत, हमें जोड़ती है। बकौल पीएम मोदी, 1200 साल से इंडोनेशिया के लोगों ने इस महान विरासत को संरक्षित रखा है। इसे पूरी श्रद्धा और श्रद्धा के साथ किया है। इसलिए, मैं इंडोनेशिया के लोगों और अब तक के सभी शासकों को भी तहे दिल से सलाम करता हूं। मैंने इस मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय के जाप होते देखे; इसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया। उन्होंने कहा, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल प्रम्बानन मंदिर परिसर में संरक्षण और जीर्णोद्धार का काम शुरू होने के साथ ही, मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय पर्यटक निश्चित रूप से इस स्थान का दौरा करेंगे। इससे पहले प्रम्बानन मंदिर परिसर पहुंचने पर मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के साथ प्राचीन स्थल का दौरा किया। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी साफ दिखी, जब उन्होंने हाथ मिलाए और मंदिर परिसर के केंद्रीय शिखरों की पृष्ठभूमि में फोटो खिंचवाई। अपनी यात्रा के दौरान मोदी को इंडोनेशिया-इंडिया कोलैबोरेटिव कल्चरल हेरिटेज कंजर्वेशन फॉर प्रम्बानन टेंपल कंपाउंड नामक एक औपचारिक पैनल पर परियोजना और मंदिर के इतिहास की झलक भी दी गई। इसमें परियोजना के डिजाइन और अपेक्षित परिणाम का विवरण भी था। मोदी का इंडोनेशियाई लोगों के एक समूह ने पारंपरिक मंत्रों और घंटियों की मधुर ध्वनि से स्वागत किया। आज मंदिर परिसर में बयान से इतर मंगलवार को जकार्ता में संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा था कि, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089